राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 235 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com

हरियाणा संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



मध्य प्रदेश के सतना में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा व सीएम शिवराज सिंह चुनावी सभा में हिस्सा लेते हुए।

# 'जी-20 बैठकें कराना हमारा अधिकार'

● 'कश्मीर-अरुणाचल में भी होंगी बैठकें, देश के हर हिस्से में इवेंट्स होंगे: पीएम मोदी, चीन और पाकिस्तान ने आपत्ति जताई थी

**दो टूक**

**देश विविधताओं से भरा हैं। जब देश में जी20 बैठक हो रही है, तो ये देश के हर हिस्से में बैठकें होंगी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश में जी20 बैठक कराने पर पाकिस्तान और चीन की आपत्ति को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश के किसी भी हिस्से में बैठक करने का अधिकार है। ये बात उन्होंने पिछले हफ्ते न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कही थी। इस इंटरव्यू की जानकारी रविवार को सामने आई। दरअसल, चीन और पाकिस्तान ने कश्मीर के कुछ इलाकों में जी20 का एक इवेंट आयोजित करवाने पर आपत्ति जताई थी। दोनों देशों ने कहा था कि कश्मीर विवादित क्षेत्र है, इसलिए यहां आयोजन नहीं होना चाहिए। इसे लेकर पीएम मोदी ने कहा कि ऐसा सवाल तब जायज होता, जब हम कश्मीर और अरुणाचल में बैठक कराने से बच रहे होते। हमारा देश इतना विशाल, खूबसूरत और विविधताओं से भरा हैं। जब देश में जी20 बैठक हो रही है, तो ये स्वाभाविक है कि देश के हर हिस्से में बैठकें होंगी। इससे पहले 28 अगस्त को चीन ने एक मैप जारी करके अरुणाचल और अक्साई चिन को अपना हिस्सा बताया था। पीएम मोदी के इस बयान को चीन की इस हरकत के जवाब के तौर पर भी देखा जा रहा है।

**2047 तक विकसित हो जाएगा भारत:** पीएम मोदी ने कहा कि 2047 तक भारत विकसित देश बन जाएगा। तब हमारी जिंदगियों में भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता की कोई जगह नहीं रहेगी। लंबे समय तक दुनिया भारत को 100 करोड़ भूखे लोगों का देश मानती रही, लेकिन अब हम 100 करोड़ महत्वाकांक्षी मन और 200 करोड़ हुनरमंद हाथों का देश बन गए हैं। भारतीयों के पास आज ऐसे विकास की बुनियाद रखने का मौका है, जिसे अगले हजार साल तक याद रखा जाएगा। शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं की सूची में हमने एक दशक से कम समय में पांच पायदानों की छलांग मारी है। जल्द ही भारत दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।


**जी20 में हमारी कही बातों को दुनिया भविष्य का रोडमैप मानती है:** पीएम ने कहा कि सबका साथ सबका विकास देश ही नहीं, दुनिया के लिए भी राह दिखाने वाला सिद्धांत बन सकता है। जी20 बैठक में हमारी बातों और हमारे विजन को दुनिया सिर्फ आइडिया नहीं मानती है, बल्कि भविष्य के रोडमैप के तौर पर देखती है। भारत की जी20 की अध्यक्षता से कई पॉजिटिव बदलाव सामने आ रहे हैं।



## पीएम मोदी ने यूएन में सुधार का किया आह्वान

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में सुधार का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि 20वीं सदी के मध्य का दृष्टिकोण 21वीं सदी में दुनिया की सेवा नहीं कर सकता। इसलिए हमारे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को बदलती वास्तविकताओं को पहचानने, अपने निर्णय लेने वाले मंचों का विस्तार करने, अपनी प्राथमिकताओं पर फिर से विचार करने और उन आवाजों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की जरूरत है, जो मायने रखती हैं। जब यह समय पर नहीं किया जाता है तो छोटे या क्षेत्रीय मंचों को अधिक महत्व मिलना शुरू हो जाता है। पीएम मोदी ने जी20 को लेकर खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जी-20 उन संस्थानों में से एक है, जिसे कई देश 'आशा' के साथ देख रहे हैं।

## आतंकवादी संगठन कट्टरपंथ के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहेः पीएम



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध को लेकर चिंता जताई है। पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध, सामाजिक और भू-राजनीतिक तनाव उत्पन्न कर सकते हैं। एक इंटरव्यू में साइबर अपराध से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवादी संगठन कट्टरपंथ के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहे हैं और डार्क नेट, मेटावर्स और क्रिप्टोकरेंसी प्लेटफॉर्म जैसे उभरते डिजिटल तरीकों का फायदा उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि साइबर अपराधों के सामाजिक, भू-राजनीतिक प्रभाव हो सकते हैं और इससे निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की जरूरत है। विश्व बैंक का अनुमान है कि साइबर हमलों से 2019-2023 के दौरान दुनिया को लगभग 5 .2 ट्रिलियन अमरीकी डालर का नुकसान हो सकता है।

# स्टालिन के बेटे ने सनातन धर्म को बीमारी बताया



**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**तमिलनाडु के** मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से की है। उदयनिधि ने कहा- मच्छर, डेंगू, फीवर, मलेरिया और कोरोना ये कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनका केवल विरोध नहीं किया जा सकता, बल्कि उन्हें खत्म करना जरूरी होता है। उदयनिधि तमिलनाडु के युवा मामलों के मंत्री भी हैं। उनके इस बयान से कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। वहीं भाजपा ने कहा- इनकी हकीकत यही है। इंडिया गठबंधन के नेताओं को बताना चाहिए कि क्या वे इस बयान का समर्थन करते हैं। उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ एक वकील ने दिल्ली पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। उदयनिधि ने सनातन उन्मूलन कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने कार्यक्रम के नाम की भी तारीफ की। उन्होंने कहा- सनातन क्या है? सनातन शब्द संस्कृत से आता है। ये समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ है। सनातन का अर्थ होता है- स्थायी यानी ऐसी चीज जिसे बदला नहीं जा सकता। जिस पर कोई सवाल खड़े नहीं कर सकता।

**उदयनिधि के बयान पर संत और नेताओं ने क्या कहाः** राम जन्मभूमि के प्रमुख पुजारी आचार्य सतेंद्र दास ने कहा- सनातन धर्म को किसी भी कीमत पर खत्म नहीं किया जा सकता है। ये धर्म सदियों से चला आ रहा है और सदियों तक चलता रहेगा।

## भगवा धमकियों से डरने वाला नहीः उदयनिधि

**सोशल** मीडिया प्लेटफॉर्म पर लीगल राइट्स ऑब्जर्वेटरी नाम के अकाउंट से ट्वीट किया गया कि वे उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ कानूनी कदम उठाने के बारे में विचार कर रहे हैं। इस पर उदयनिधि ने जवाब दिया- मैं किसी भी कानूनी चुनौती के लिए तैयार हूं। हम ऐसी भगवा धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। हम पेरियार और अन्ना के फॉलोवर हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व में सामाजिक न्याय को बनाए रखने के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

**फास्ट न्यूज**

## सोनिया गांधी दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी को रविवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में हलके बुखार के बाद भर्ती कराया गया है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष हाल ही में विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए की बैठक में शामिल होने के लिए मुंबई गई थीं। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में सोनिया गांधी डॉक्टरों की निगरानी में हैं और उनकी हालात सामान्य है।

## प्रज्ञान रोवर को स्लीप मोड में डाला गया

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**इसरो** ने शनिवार (02 सितंबर) को बताया कि प्रज्ञान रोवर ने अपना काम पूरा कर लिया है। इसे अब सुरक्षित रूप से पार्क कर स्लीप मोड में सेट किया गया है। इसमें लगे दोनों पेलोड अब बंद हैं। इन पेलोड से डेटा लैंडर के जरिए पृथ्वी तक पहुंचा दिया गया है। बैटरी भी पूरी तरह चार्ज है। रोवर को ऐसी दिशा में रखा गया है कि 22 सितंबर 2023 को जब चांद पर अगला सूर्योदय होगा तो सूर्य का प्रकाश सौर पैनलों पर पड़े। इसके रिसीवर को भी चालू रखा गया है। उम्मीद की जा रही है कि 22 सितंबर को ये फिर से काम करना शुरू करेगा। चंद्रयान-3 मिशन 14 दिनों का ही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चंद्रमा पर 14 दिन तक रात और 14 दिन तक उजाला रहता है। रोवर-लैंडर सूर्य की रोशनी में तो पावर जनरेट कर सकते हैं, लेकिन रात होने पर पावर जनरेशन प्रोसेस रुक जाएगी। पावर जनरेशन नहीं होगा तो इलेक्ट्रॉनिक्स भयंकर ठंड को झेल नहीं पाएंगे और खराब हो जाएंगे।

**रोवर ने तय की 100 मीटर की दूरीः** इससे पहले दिन में इसरो ने बताया था कि रोवर ने शिवशक्ति लैंडिंग पॉइंट से 100 मीटर की दूरी तय कर ली है। लैंडर और रोवर के बीच की दूरी का ग्राफ भी शेयर किया था। विक्रम लैंडर 23 अगस्त को चंद्रमा पर उतरा था। रोवर को यह दूरी तय करने में 10 दिन लगे। छह पहियों वाले प्रज्ञान रोवर का वजन 26 किलो है। लैंडिंग के करीब 14 घंटे बाद गुरुवार सुबह इसरो ने रोवर के बाहर आने की पुष्टि की थी। लैंडर 23 अगस्त को शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रमा पर उतरा था। ये 1 सेमी प्रति सेकेंड की गति से चलता है।

# एक देश-एक चुनावः 'ये भारतीय संघ पर हमला'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**'एक देश**-एक चुनाव' के मुद्दे पर राजनीति शुरू हो गई है। 3 सितंबर को इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (ट्विटर) पर लिखा- इंडिया यानी भारत, यह राज्यों का संघ है। 'वन नेशन-वन इलेक्शन' का आइडिया संघ और राज्यों पर हमला है। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 'एक देश-एक चुनाव' को भाजपा की साजिश बताया। ये भी कहा कि वो (भाजपा सरकार) कहते हैं कि इससे चुनावी खर्च में कमी आएगी, लेकिन इससे पहले वे अपना भ्रष्टाचार रोकें। केंद्र ने पूर्व राष्ट्रपति को कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। उन्हें इससे राजनीति को दूर रखना चाहिए। जो कमेटी बनाई गई है, वो भाजपा की बात को ही फॉलो करेगी। यह तानाशाही है। वे इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस से डर गए हैं। एक देश-एक चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनाई गई समिति के लिए सरकार ने शनिवार को आठ सदस्यों का नाम जारी किया। हालांकि, इस कमेटी ने एक देश एक चुनाव की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि एक देश एक चुनाव को लेकर कानून मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों द्वारा पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के लिए ब्रीफिंग तैयार की है।



**साधा निशाना**

**तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा- यह भाजपा की साजिश, पहले अपना भ्रष्टाचार तो रोकिए**

# 'इंडिया' 2024 में सरकार बनाएगाः कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को विश्वास जताया कि विपक्षी गठबंधन-'इंडिया' ब्लॉक 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में सरकार बनाएगा। 'दो दिवसीय मुंबई कॉन्क्लेव ने इंडिया ब्लॉक के बारे में ठोस एकता का संदेश दिया। विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों को देखने के बाद हम बीजेपी की घबराहट की स्थिति को समझ सकते हैं। हम सीट-बंटवारे की प्रक्रिया शुरू करेंगे। हम आसानी से उस प्रक्रिया पर आ जाएंगे। जहां तक संभव होगा, हम पीएम मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी के खिलाफ लड़ेंगे। 2024 में चुनाव होने पर हम सरकार बनाएंगे।'



**कांग्रेस पार्टी गरीबों के लिए एटीएम मशीन बना रहीः** कांग्रेस नेता ने भाजपा के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा 'इंडिया ब्लॉक का प्रत्येक सदस्य अपने हितों को आगे बढ़ाने और अपने नेताओं को शीर्ष पदों पर पेश करने के लिए काम कर रहा है। कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार को 'एटीएम मशीन' बताने के केंद्रिय मंत्री अमित शाह के आरोपों पर उन्होंने कहा, 'हां, कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ राज्य को गरीबों के लिए एटीएम मशीन बना रही है।'
छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों की सराहना करते हुए केसी वेणुगोपाल ने कहा, 'हमारी एटीएम मशीन राज्य के गरीब लोगों को मजबूत करने के लिए है।

## इसरो ने आदित्य एल1 को अगली कक्षा में भेजा

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**इसरो के** वैज्ञानिकों ने रविवार 3 सितंबर को आदित्य छ1 स्पेसक्राफ्ट की ऑर्बिट बढ़ाई। अब ये पृथ्वी की 245 किमी 22459 किमी की कक्षा में आ गया है। यानी उसकी पृथ्वी से सबसे कम दूरी 245 किमी और सबसे ज्यादा दूरी 22459 किमी है।
इसरो ने बताया कि अब 5 सितंबर को दोपहर करीब 3 बजे एक बार फिर आदित्य की कक्षा बढ़ाई जाएगी। इसके लिए कुछ देर इंजन फायर करने पड़ेंगे।

**उपलब्धि** कैंसर का 15 लाख वाला इलाज सिर्फ एक लाख में कर रहे, जेनेरिक दवाओं से उपचार करते हैं

# असम के डॉ. कन्नन को 2023 का मैग्सेसे अवॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया/असम/नई दिल्ली**
**असम** के सिलचर में कछार कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर आर. रवि कन्नन को 2023 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड दिया गया है। बड़े शहरों में कैंसर इलाज पर जहां 15 लाख रुपए तक खर्च होते हैं, वहीं सीसीएचआरसी में एक लाख रुपए में इलाज हो जाता है।
असम के छोटे से शहर सिलचर में कछार कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर आज चर्चा में है... और वजह है इसके डायरेक्टर आर. रवि कन्नन। जिन्हें 2023 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड दिया गया है। बड़े शहरों में कैंसर इलाज पर जहां 15 लाख रुपए तक खर्च होते हैं, वहीं सीसीएचआरसी में एक लाख रुपए में इलाज हो जाता है। यह सब डॉ. कन्नन की कोशिशों के चलते संभव हो पाया है। इसलिए सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. आर रवि कन्नन को एशिया का नोबेल कहे जाने वाला सम्मान दिया गया है। यह बदलाव कैसे संभव हुआ, डॉ. कन्नन ने पूरी कहानी डी. कुमार से साझा की। डॉ. कन्नन ने बताया- 21 साल पहले एक सेमिनार में हिस्सा लेने सिलचर आया था, तब पता नहीं था कि कंधों पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी आने वाली है।
जब चेन्नई के अडयार कैंसर इंस्टीट्यूट में था, तब भी यही सोच थी कि कैंसर के हर मरीज को इलाज मिलना चाहिए।




**सम्मान**

**कैंसर इलाज पर जहां 15 लाख रुपए तक खर्च होते हैं, वहीं सीसीएचआरसी में एक लाख में इलाज हो जाता है**



# विधायक सुरेंद्र पंवार ने कॉलोनी में पहुंचकर कालोनिवासियों की सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने ओल्ड हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में पहुंचकर कालोनिवासियों की समस्याएं सुनी। शहरवासियों ने बताया ने बरसाती पानी निकासी की समस्या, पार्क का नवीनीकरण व हाऊसिंग बोर्ड की गलियों को नया बनवाने की मांग रखी । विधायक सुरेंद्र पंवार ने कालोनिवासियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को जल्द ही पूरा करवाया जाएगा। कालोनी में पहुंचने पर लोगों ने विधायक सुरेंद्र पंवार का स्वागत किया।
विधायक सुरेंद्र पंवार को वार्डवासियों को बताया कि उनकी कालोनी में बरसाती पानी की निकासी की समस्या गहराई हुई है। हल्की सी बारिश आते ही एरिया जलमग्न हो जाता है, जिसकी वजह से घर से बाहर निकलना दुभर हो गया है। विधायक सुरेंद्र पवांर ने कहा कि कालोनी की गलियों में पानी निकासी की समस्या के समाधान के लिए पाइप लाइन के जरिये बरसाती पानी की निकासी ड्रेन में करवाई जाएगी। क्षेत्रवासियों ने कालोनी के अंदर बने पार्क के बारे में कहा कि बच्चें से लेकर वरिष्ठजन तक पार्क में पहुंचता है, लेकिन यह पार्क खस्ता हालत में होता जा रहा है। विभाग द्वारा पार्क की सुध नहीं ली जा रही, जिसकी वजह से दीवारें खस्ता हालत में हो गई है। पार्क की देखभाल नहीं की जा रही। उन्होंने पार्क के नवीनीकरण की मांग रखी।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने जल्द ही पार्क का नवीनीकरण करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि गलियों की हालत भी दयनीय हो गई है, जिसकी वजह से आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एचबीसी कालोनी की गलियों का एक एस्टीमेट बनाया जाए, जिसमें सभी जर्जर हालत में हुई गलियों को नए सिरे से बनाया जाए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा के विधायक की मंजूरी से होने वाले 25 करोड़ रूप की सड़कों के कार्य में मुरथल चौक से जीटी रोड तक नई सड़क बनवाने का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है, जल्द ही इस पर भी कार्य शुरू हो जाएगा। इससे न सिर्फ मुरथल रोड़ के साथ लगती कालोनिवासियों को फायेदा पहुंचेगा, अपितू सोनीपत विधानसभा के प्रत्येक जन को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि एच.बी.सी कालोनी में पार्क, सड़कें व पानी निकासी की व्यवस्था के लिए जल्द ही धरातल स्तर पर कार्य शुरू करवाया दिया जाएगा।



# 'शपथ के बाद कार्यकर्ता और पदाधिकारी नए जोश और उत्साह के साथ कार्य करेंगे'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**भिवानी में आज आम आदमी पार्टी के नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सैंकडों पदाधिकारियों को आप के राष्ट्रीय संयोजक एवम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान शपथ दिलाएंगे। पूरे प्रदेशभर से करीब 1400 पदाधिकारियों में से 1338 सर्कल इंचार्ज बनाये गए है। वही कुरुक्षेत्र जिले से 400 नए पदाधिकारी नियुक्त किये गए है। आम आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा की अगुवाई में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का काफिला भिवानी के लिए रवाना हुआ। बातचीत करते हुए जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर नए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। पार्टी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाने के लिए खुद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल आ रहे हैं। निश्चित रूप से हरियाणा में पार्टी मजबूती के साथ खड़ी ही रही है। 2024 के चुनावों को लेकर अभी से सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी है। जगबीर में कहा कि शपथ लेने के बाद सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी नए जोश और उत्साह के साथ कार्य करेंगे। जहां कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के का काम करेंगे वही अन्य लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का काम भी कार्यकर्ता द्वारा किया जाएगा।



# संत निरंकारी मिशन ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**मानवमात्र** के कल्याणार्थ हेतु सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद एवं उनके दिव्य मार्गदर्शन द्वारा ब्रांच अम्बाला शहर में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (संत निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन के 142 भक्तों द्वारा निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया गया। रक्त संग्रहित करने हेतु सिविल अस्पताल ब्लड बैंक की 20 सदस्य टीम डॉक्टर वीरेंद्र भारती के नेतृत्व मे रक्त संग्रहित करने के लिए वहां उपस्थित हुई।
शिविर का उद्घाटन सीएल गुलाटी ( प्रधान संत निरंकारी मंडल दिल्ली) के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और जनकल्याण को समर्पित उनकी निस्वार्थ सेवा एवं बहूमूल्य योगदान हेतु प्रशंसा करी। स्थानीय विधायक के प्रतिनिधि रितेश गोयल जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा की रक्तदान सबसे श्रेष्ठ दान है मानवता की भलाई हेतु रक्तदान के लिए सभी को आगे आना चाहियें। स्थानीय मुखी ज्ञान सिंह ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, रक्तदाताओं, डॉक्टर एवं उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि संत निरंकारी मिशन रक्तदान करने में समूचे देश में अग्रणी रहा है। मिशन द्वारा अभी तक 7826 रक्तदान शिविरों के आयोजन से 12,84,607 युनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है।
संत निरंकारी मिशन आध्यात्मिक उत्थान के साथ साथ समाज कल्याण की गतिविधियों जिनमें मुख्यतः रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, महिला एवं बाल विकास सशक्तिकरण हेतु सुचारू रूप से चलाई जा रही योजनाएं, निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं प्राकृतिक आपदाओं में जरूरतमंदों की सहायता इत्यादि सेवाएं सम्मिलित है ताकि समाज का समुचित विकास हो सके। रक्तदान शिविर मे वार्ड नंबर,6 की पार्षद अर्चना छिब्बर सहित कई संस्थाओ के गणमान्य सदस्य माजूद थे।

**महादान**

**20 सदस्य टीम डॉक्टर वीरेंद्र भारती के नेतृत्व मे रक्त संग्रहित करने के लिए वहां उपस्थित हुई**

# चौधरी देवीलाल सम्मान दिवस होगा ऐतिहासिक: सुरेंदर

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल ।** इंडियन नेशनल लोकदल की जिला स्तरीय बैठक नई मंडी नारनौल स्तिथ कार्यालय में आयोजित की गयी जिसमे जिला प्रधान सुरेंदर कौशिक ने कहा की पूर्व उप-प्रधानमंत्री स्वः चौधरी देवीलाल के 110 वे जन्मदिवस कार्यक्रम की सफलता के लिए 11 सितम्बर को महेंद्रगढ़ में पुराने रामलीला मैदान में प्रधान महासचिव ० विधायक अभय सिंह चौटाला के आगमन में होने वाले सम्मलेन के लिए कार्यकर्ताओ से विचारविमर्श कर जिम्मेदारी लगाई गयी। उन्होंने कहा की अभय सिंह चौटाला के महेंद्रगढ़ आगमन को लेकर कार्यकर्ता गांव गांव जाकर निमंत्रण देंगे।

# एसडीएम ने सफाई को लेकर औचक निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** नगर परिषद के प्रशासक एवं एसडीएम सतिन्द्र सिवाच ने अम्बाला सदर के तहत सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत कई स्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां एक-दो स्थान पर कूडा-कर्कट के ढेर मिले वहां मौके पर ही सम्बन्धित क्षेत्र के दरोगा को बुलाकर यहां पर सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने कई नालों की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। नगर परिषद के प्रशासक सतिन्द्र सिवाच ने निरीक्षण के तहत सुभाष पार्क चौक के नजदीक महेशनगर ड्रेन, गुडगुडिया नाला, सैट्रंल नाला व अन्य कई नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए कि वे सभी जगहों पर सफाई व्यवस्था के कार्य को दुरूस्त रखें। कहीं पर भी सफाई व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्हें यह भी निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन अम्बाला सदर के तहत 11 बजे तक सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें और उसकी रिपोर्ट उन्हें दें। उन्होने यह भी कहा कि वे भी समय-समय पर सफाई व्यवस्था के तहत औचक निरीक्षण करेंगे। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यह भी कहा कि सभी सम्बन्धित क्षेत्र के दरोगा अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था के कार्य को दुरूस्त रखना सुनिश्चित करें। कहीं पर भी सफाई व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए व बेहतर समन्वय के साथ इस कार्य को करना सुनिश्चित करें। नगर परिषद के प्रशासक ने यह भी कहा कि सम्बन्धित क्षेत्र के दरोगा जहां पर सफाई व्यवस्था के कार्य को करवाते हैं वहां से जो गंदगी निकलती है उसे वहां से उठवाना भी सुनिश्चित करें ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



**रंगमंच**

**इस मौके पर उन्होंने कई नालों की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया, दिए दिशा-निर्देश**

# नगर में निकली गई माघ मास की प्रभात फेरी

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल ।** शहर के सबसे प्राचीन संगठन प्रभात फेरी संगठन के तत्वाधान में प्रातः 6:00 बजे मोहल्ला पुरानी सराय से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया । प्रभात फेरी के मुख्य यजमान श्री नरेंद्र गर्ग मोहल्ला सालमपुरा एवं श्री मुकेश कुमार बनवारी लाल परिवार पुरानी सराय ने ठाकुर जी को पुष्प अर्पित करके प्रभात फेरी का शुभारंभ किया । प्रभात फेरी इंचार्ज घनश्याम शर्मा ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर, 1 सितंबर से 7 सितंबर तक प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से प्रभात फेरी का आयोजन शहर के अलग-अलग स्थान से किया जा रहा है और जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर प्रात 6:15 बजे श्री चेतन चौधरी मोहल्ला चौधरीआन से एक विशाल प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगो जिसमें ठाकुर जी की अखंड ज्योत एवं भव्य फूलों का दरबार सम्मिलित होगो ढोल- नगाड़े एवं भजनों के माध्यम से नगर में परिक्रमा की जाएगी जिसका समापन अहूजा क्लिनिक रेवाड़ी रोड पर किया जाएगा । संगठन के वरिष्ठ सदस्य सुरेंद्र यादव ने बताया की राधा नाम लेने से,भगवान कृष्ण प्रसन्न होते हैं,एवं इंसान की सभी बाधाएं दूर हो जाती है । प्रभात फेरी का जगह-जगह पुष्प अर्पित करके एवं आरती उतार कर स्वागत किया गया ।



# 'जीवन का मूल उद्देश्य कर्म की प्रधानता ही होना चाहिए'



**टीम एक्शन इंडिया/हांसी**
आर्य समाज मंदिर हांसी में रविवार को हुए पंचकुंडीय यज्ञ में जर्नलिस्ट एसोसिएशन हांसी के चेयरमैन एवं श्रीमती सत्या-श्री चरणजीत भुटानी समृति संघ के संयोजक संजय भुटानी पत्नी मुक्ता भुटानी संग मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए और पंडित सत्यदेव शास्त्री के सान्निध्य में आयोजित यज्ञ में आहुतियां डाली। इस मौके पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने संजय भुटानी के पिता स्व. श्री चरणजीत भुटानी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर उनके निमित्त भी यज्ञ में आहुतियां दी। हांसी आर्य समाज के प्रधान प्रविन्द लोहान , सचिव अरुण आर्य सहित आर्य कन्या स्कूल की प्रबंधक समिति के अध्यक्ष वेद नारंग व प्रो. अनिल ठकराल ने मुख्य यजमान संजय भुटानी व उनकी पत्नी मुक्ता भुटानी को सत्यार्थ प्रकाश भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में वरिष्ठ पत्रकार संजय भुटानी ने हांसी आर्य समाज द्वारा नियमित रूप से किए जाने वाले हवन यज्ञ की सराहना करते हुए कहा कि अगर हम समाज में अच्छाई का वातावरण चाहते हैं तो हमारा दायित्व बनता है कि हम केवल बुराइयों की चर्चा करने की बजाय अच्छी बातों और अच्छे व्यक्तियों के बारे में भी चर्चा करें , इससे अपने आप ही समाज में अच्छाई का वातावरण बनेगा। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का मूल उद्देश्य कर्म की प्रधानता ही होना चाहिए। अगर हमारे कर्म ठीक हैं तो इधर - उधर भटकने की कोई आवश्यकता नहीं। यज्ञ के ब्रह्मा सत्यदेव शास्त्री ने कहा कि यह बात बिल्कुल ठीक नहीं है कि हम पाप कर्म भी करते रहें और फिर यह सोचे कि गंगा नहा लेने से हमारे पाप खत्म हो जाएंगे।

**हवन यज्ञ**

**हम केवल बुराइयों की चर्चा करने की बजाय अच्छी बातों और अच्छे व्यक्तियों के बारे में भी चर्चा करें**

# एक देश एक चुनाव समय की जरुरत: झरोठी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**भाजपा** नेता व पूर्व चेयरमैन अनिल झरोठी ने कहा कि आज के भौतिक दौर में एक साथ चुनाव कराना समय की जरुरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन विकसित भारत बनाने मे एक साथ चुनाव काफी कारगर साबित होगा। पूर्व चेयरमैन अनिल झरोठी ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से समय की बचत के साथ साथ खरचो मे भी भारी कमी आयेगी जिससे देश की आर्थिक विकास दर बढने से देश आगे बढेगा। पूर्व चेयरमैन अनिल झरोठी ने कहा आज के दौर मे पंचायत चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव साथ करवाने की जरुरत है कयोकि इससे मतदान मे बढोतरी होती है कयोकि जहाँ लोकसभा व विधानसभा में लगभग 70%मतदान होता वही पंचायत चुनाव में 85 से 90%तक मतदान होता है। पूर्व चेयरमैन अनिल झरोठी ने कहा कि बार बार चुनाव होने पर आचार संहिता लागू होती है बार बार आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य रुक जाते हैं।



# सेक्टर-8 व रतनगढ़ निवासियों ने स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला शहर के रतनगढ़ व आसपास** के लोगों ने सेक्टर-8 पैट्रोल पम्प के साथ लगती तीन सड़कों पर प्रशासन से ब्रेकर बनाने की मांग की है। सेक्टर 8 मून पैलेस स्थित पैट्रोल पम्प के साथ लगती तीन सड़कों पर सेक्टर व रतनगढ़ वासियों ने प्रशासन से 6 ब्रेकर बनाने की मांग की । पैट्रोल पम्प स्थित मुड़ती सड़कों पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण पिछले दिनों में रतनगढ़ के कृष्ण लाल जोकि सड़क पर शाम के समय सैर कर रहे थे । स्पीड ब्रेकर न होने के कारण एक कर ने टक्कर मार दी जिस से उनकी टांग टूट गयी। मौके पर आसपास के लोगों ने नागरिक हॉस्पिटल पहुंचा कर व्यक्ति की जान बचाई । स्थानीय लोगों का कहना है कि पैट्रोल पम्प होने के कारण यहां ट्रैफिक ज्यादा होने से रोजाना कोई ना कोई हादसा होता रहेगा । इसलिए रतनगढ़ वासियों ने कहा कि हादसों को रोकने के लिए यहाँ जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर बनाना चाहिए।
लोगों ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों व प्रशासन से गुहार लगाई कि जल्द स्पीड ब्रेकर बनाये जाए । यदि कोई हादसा होता है तो उसका जिम्मेदार स्वंय प्रशासन होगा।



**हादसे का खतरा**

**पीड ब्रेकर न होने के कारण एक कर ने टक्कर मार दी जिस से उनकी टांग टूट गयी**

# डीईईओ सुधीर कालड़ा ने खेल प्रतियोगिता में पहुंचकर बच्चों को प्रोत्साहित किया

## हीरोज स्टेडियम अम्बाला छावनी में पहुंचकर योगा, जिमनास्टिक व फुटबॉल के मैच खेल रहे खिलाड़ियों का भी परिचय लिया और उन्हें प्रोत्साहित किया

**प्रोत्साहन**

**कूली क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के शुभारंभ के अवसर पर प्रत्येक खेल के प्रतिभागी बच्चों को उनके ही खेल मैदान पर पहुंचकर प्रोत्साहित करने का कार्य किया**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने छुट्टी के दिन अंडर- 11 और अंडर-14 की जिला स्तरीय स्कूली क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के शुभारंभ के अवसर पर प्रत्येक खेल के प्रतिभागी बच्चों को उनके ही खेल मैदान पर पहुंचकर प्रोत्साहित करने का कार्य किया। सबसे पहले जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी पीकेआर जैन वाटिका विद्यालय के क्रिकेट मैदान, बॉक्सिंग रिंग व कराटे हॉल में पहुंचे जहां उन्होंने क्रिकेट, कराटे व बॉक्सिंग के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया तथा गेम्स शब्द का वास्तविक अर्थ समझाते हुए कहा कि गेम्स में जी का अर्थ जीनियस, ए का अर्थ एक्टिव, एम का मतलब मेडल व मनी, ई का मतलब एनर्जी व एफिशिएंसी और एस के मायने सक्सेस और स्मार्टनेस है। यदि हमें जीवन में ये सब चाहिए तो फिर हमें अपने जीवन में खेलों को अपनाना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर अंडर -11 व अंडर-14 स्तर पर ही नन्हें खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जाएगा तो निश्चित ही खेलों में पदक लाने में देश और प्रदेश का नाम और आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर पीकेआर जैन वाटिका विद्यालय की प्रबंधन समिति के संयोजक मनीष जैन, मैनेजर गौरव जैन, सदस्य वरुण व पुलकित जैन और प्रिंसिपल उमा शर्मा ने डीईईओ को पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। उसके बाद जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजीव गांधी स्टेडियम में पहुंचे वहां उन्होंने ने हैंडबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, वालीबाल, बास्केटबाल व कबड्डी के मुकाबले खेल रहे बच्चों से एक एक करके मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। इतना ही नहीं उसके बाद सुधीर कालड़ा ने वार हीरोज स्टेडियम अम्बाला छावनी में पहुंचकर योगा, जिमनास्टिक व फुटबॉल के मैच खेल रहे खिलाड़ियों का भी परिचय लिया और उन्हें प्रोत्साहित किया। यहां फारूखा खालसा स्कूल के सुप्रीमो आज्ञा पाल सिंह और प्रिंसिपल करन पाल सिंह ने डीईईओ को पर्यावरण का प्रतीक पौधा भेंट कर सम्मानित किया। सभी खेल स्पधाओं में डीईईओ कालड़ा की व्यक्तिगत उपस्थिति से खेल शिक्षक इतने उत्साहित थे कि उन्होंने श्री कालड़ा को फूल मालाओं से लाद दिया। इस सारे मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सैनी जिला सचिव एवं मौलिक मुख्य अध्यापक राजेंद्र सिंह जिला मौलिक खेल सहायक साहिल सचदेवा , राजीव फुल, इंद्रजीत, जसवीर कुमार, राजीव बक्शी, मोदी अरोड़ा, रमनजीत सिंह, अमित छाबड़ा, यादवेंद्र सिंह, अवतार सिंह, अमनदीप सिंह, रुपेश, अतुल मित्तल, हरविंदर कुमार और सुरमुख सिंह आदि खेल अध्यापक उपस्थित रहे।





# हरियाणा को नशा मुक्त बनाने की सीएम की अनूठी पहल

## मुख्यमंत्री ने साइक्लोथॉन के माध्यम से युवाओं को फिटनेस का दिया संदेश, 25 सितंबर तक पूरे प्रदेश में घूमेगी साइक्लोथॉन

**पहल की प्रशंसा**

**मुख्यमंत्री युवाओं को नशे से दूर रखना ही अपना दायित्व मानते हैं और इसके लिए उन्होंने समाज के प्रबुद्ध लोगों से भी आह्वान किया है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
पूरे विश्व में ओलंपिक व अन्य अन्तर्राष्ट्रीय खेलों में धाकड़ रहे हरियाणा के खिलाड़ियों की युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक नई पहल करते हुए साइक्लोथॉन के माध्यम से "फिट हरियाणा" की एक नई शुरूआत की है। 1 सितंबर, 2023 से आरंभ हुई ये साइकिलिंग यात्रा पूरे प्रदेश में घूमेगी और 25 सितंबर, 2023 को सांयकाल करनाल में संपन्न होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "फिट इंडिया अभियान" को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह नई पहल शुरू की है। इससे पहले भी मनोहर लाल ने युवाओं को ड्रग्स से दूर रखने तथा नशा बेचने वाले नेटवर्क पर शिकंजा कसने के लिए हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान व उत्तर प्रदेश राज्यों के लिए पंचकूला में एकीकृत सचिवालय स्थापित किया है। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर पूरे देश में आयोजित "रन फॉर यूनिटी" को भी ड्रग्स के खिलाफ लड़ने के खिलाफ एक मुहीम चलाई थी। मुख्यमंत्री ने नशे के आदी लोगों को इससे ऊबारने के लिए "एक और सुधार" कार्यक्रम की शुरूआत की थी और उसी कड़ी में राहगीरी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो अब तक जारी है। राहगीरी कार्यक्रम में हर शहर के स्कूली बच्चों सहित हर आयु वर्ग के लोग भाग लेते हैं और मुख्यमंत्री के "फिट हरियाणा- फिट अपना शहर" के संकल्प को दोहराते हैं। मुख्यमंत्री इससे पहले भी सिरसा से यूनाइटेड अगेंस्ट ड्रग्स के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन करवा चुके हैं। मुख्यमंत्री युवाओं को नशे से दूर रखना ही अपना दायित्व मानते हैं और इसके लिए उन्होंने समाज के प्रबुद्ध लोगों से भी आह्वान किया है कि वे भी इसके लिए सामूहिक रूप से प्रयास करें। मुख्यमंत्री की इसी पहल पर संत महात्माओं ने भी नशामुक्त हरियाणा बनाने के इस अभियान में सहयोग देने की शुरूआत की है। उल्लेखनीय है कि पंजाब राज्य की सीमा से लगते सिरसा, फतेहाबाद, कैथल व अंबाला जिलों में युवा नशे के आदी हैं। मुख्यमंत्री की पहल है कि युवाओं को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया जाए। युवाओं को नशे की लत छोडकर खेलों से जुड ?ा चाहिए, इसके लिए अभिभावकों के साथ-साथ समाज के प्रबुद्ध लोगों को भी यह संदेश युवाओं तक पहुंचाना चाहिए। साइक्लोथॉन आयोजन करने का मुख्यमंत्री का उद्देश्य युवाओं को फिटनेस का संदेश देना है। "खेलो इंडिया यूथ गेम्स- 2020" के पंचकूला में सफल आयोजन कर के भी "फिट हरियाणा" का संदेश मुख्यमंत्री ने दिया था।

## साईकिल रैली के सम्मान व नशे के विरोध में सोनीपत में सांस्कृतिक संध्या का हुआ भव्य आयोज

**समां बांधा**

**प्रख्यात कलाकारों के साथ विद्यार्थियों ने दमदार प्रस्तुतियां देते हुए नशे के खिलाफ जोरदार अलख जगाने का प्रयास किया**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**प्रदेश** स्तरीय साईकिल रैली के सम्मान व नशे के विरोध में शनिवार को सोनीपत के एस.एम.हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि सांसद रमेश कौशिक ने नशे को जड़ से खत्म करने के लिए किये जा रहे मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। जिला प्रशासन के संयोजन में सूचना, लोक संपर्क एवं भाषा विभाग तथा हरियाणा कला अकादमी के विशेष सहयोग से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें प्रख्यात कलाकारों के साथ विद्यार्थियों ने दमदार प्रस्तुतियां देते हुए नशे के खिलाफ जोरदार अलख जगाने का प्रयास किया। हरियाणा कला अकादमी के कलाकारों ने ओएसडी (पब्लिसिटी) गजेंद्र फोगाट व महावीर गुड्डू के निर्देशन में बेहतरीन नृत्य-गायन की प्रस्तुतियां दी। प्रख्यात कलाकार सत्यवान सरोहा ने हरियाणवी गीत- यो म्हारा हरियाणा, जित दूध-दही का खाणा की दमदार प्रस्तुति से युवाओं को खेल-संस्कृति के महत्व से अवगत करवाया। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्रा मानसी ने एकल हरियाणवी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा जीवीएमआईटीएम की छात्राओं ने भी समूह एवं युगल नृत्यों की दमदार प्रस्तुतियां दी। इस दौरान वाल्मीकि जन जागृति आश्रम के संत रमेश विकल ने भी युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह अनूठी मुहिम चलाई है ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाया जा सके।
साईकिल रैली के माध्यम से प्रदेशभर में जागरूकता की अलख जगाई जा रही है, जिसका शुभारंभ स्वयं मुख्यमंत्री ने किया। नि:संदेह इस प्रकार के प्रयास रंग लायेंगे और हरियाणा को नशा मुक्त बनाया जा सकेगा।

## 'योजनाओं का लाभ लेने को कतार में न लगना पड़े, ऐसी व्यवस्था कर रही सरकार'

**जनसंवाद**

**पांच गांवों में राज्यमंत्री ने किया जन संवाद, डीएफएससी कैथल को जारी होगा कारण बताओ नोटिस**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/कैथल**
महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में सरकार प्रदेश के हर कोने में बुनियादी विकास कार्यों को सुनिश्चित करने पर पूरा ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ लोगों को मिल रहा है। आमजन को किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए कतार में नहीं लगना पडे, इसके लिए लाभार्थियों को घर बैठे ही सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ देने की दिशा में शासन, प्रशासन काम कर रहा है। रविवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने पूंडरी विधानसभा में गांव रसीना में बस स्टैंड वाली चौपाल, गांव सिरसल में रोड चौपाल, गांव हाबडी में सरकारी स्कूल, गांव हजवाना में पाई रोड स्थित सामुदायिक चौपाल व गांव डीग में शिव मंदिर हाल परिसर में जनसंवाद कार्यक्रम किए। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने जनसंवाद कार्यक्रम में गैर हाजिर रहने पर तहसीलदार पूंडरी व डीएफएससी कैथल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।
प्रशासनिक अधिकारियों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंची राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संकल्प है कि केंद्र-प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र परिवार, पात्र नागरिक तक पहुंचे। आज वृद्धावस्था पेंशन से लेकर छात्रवृति तक सीधे उनके बैंक खाते में पहुंच रही है। अब तक प्रदेश में एक लाख 8 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी दी गई है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक ढांड, पूर्व विधायक तेजवीर सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष हजवाना, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता चौधरी, एससी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र पांचाल, जिला पार्षद देवेंद्र पुजारी, पार्षद प्रतिनिधि जोगेंद्र टाया, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आदित्य भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष देवीदयाल बरसाना, जितेंद्र टाया, विनोद बंसल, बीरबल रसीना, रणजीत सिंह, संजीव आदि मौजूद रहे।

## ब्लैकमेल कर रुपयों की मांग करने के मामले में युवक व महिला गिरफ्तार

**गन्नौर:** बड़ी थाना पुलिस ने ब्लैकमेल कर रुपये मांगने की घटना मे संलिप्त एक महिला समेत आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा ने बताया कि गत 6 जुलाई को जिला सोनीपत निवासी एक युवती ने थाना बड़ी में ब्लैक्मेल कर रुपयों की मांग करने की संबंध में शिकायत दी थी। पुलिस ने युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया था। जिसके बाद जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक दिनेश ने घटना में संलिप्त आरोपित सागर निवासी भोगीपुर सहित एक महिला को गिरफ्तार किया है।

## हरियाणा में सिर्फ बिल आते हैं, बिजली नहीं: अरविंद केजरीवाल

**निशाने पर सरकार**

**भिवानी में आप का शपथ ग्रहण समारोह, केजरीवाल बोले- 15 अक्टूबर तक 2 लाख पदाधिकारी बनाएंगे**



**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
हरियाणा के भिवानी में सर्कल इंचार्जों के शपथ ग्रहण समारोह में आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पहुंच गए हैं। शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम अनाज मंडी में हुआ। काफी संख्या में पदाधिकारी और वर्कर कार्यक्रम में पहुंचे। केजरीवाल ने कहा कि लोग सरकार से तंग आकर हरियाणा में अब बदलाव चाहते हैं। हरियाणा में हर बूथ पर 10-10 लोगों की कमेटी बनेगी। पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी के 2 लाख पदाधिकारी 15 अक्टूबर तक बन जाएंगे। जिसके पास इतना बड़ा संगठन होगा, उसे दुनिया की कोई ताकत नहीं हरा पाएगी। ये ठीक राजनीति करते तो हमें राजनीति में आने की जरूरत नहीं पड़ती। मैंने अन्ना को कहा था कि राजनीति गंदगी है तो हमें झाड़ू उठानी होगी। भाजपा का सफाया देश में एक दिन आम आदमी पार्टी ही करेगी।
केजरीवाल ने कहा-केजरीवाल ने कहा कि सतेंद्र जैन और मनीष सिसोदिया आज भाजपा जॉइन कर लें तो इनकी जेल माफ हो जाएगी, लेकिन वो शेर हैं, ऐसा नहीं करेंगे। संगठन में गुटबाजी नहीं करना, गुटबाजी से बड़ी बड़ी पार्टी खत्म हो गई। देश में सबसे ज्यादा महंगी बिजली हरियाणा में है। सीएम और मंत्रियों की बिजली फ्री है और जनता बिल भर रही है। यहां सिर्फ बिल आते हैं, बिजली नहीं आती।

## चौथी शेरपा बैठक में आ रहे विदेशियों की सुरक्षा कड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/गुरुग्राम**
गुरुग्राम जिला के निकट नूंह जिला के तावडू क्षेत्र में अरावली की गोद में बने होटल आईटीसी ग्रैंड भारत में होने जा रही जी-20 शिखर सम्मेलन की चौथी शेरपा बैठक में आ रहे विदेशियों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। गुरुग्राम और नूंह दोनों जिलों का प्रशासन और पुलिस इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों में पिछले कई दिनों से जुटा था। रविवार से शुरू हो रही बैठक में मेहमानों के भारतीय परम्परा से स्वागत होगा। तीन से सात सितम्बर तक चलने वाली बैठक हरियाणा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे में हरियाणा सरकार ने विदेशी प्रतिनिधियों के मान और सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ी है। बैठक में मंथन के बाद उनके मनोरंजन का भी विशेष प्रबंध है। बैठक में जी-20 शिखर सम्मेलन के सदस्य देशों के अलावा आमंत्रित देशों के शेरपा तथा अन्य डेलीगेट्स भाग लेंगे। बैठक के प्रतिभागियों की सुविधा के लिए उनके साथ 23 लायजन ऑफिसर भी लगाए गए है, जिनमें 19 एचसीएस तथा 4 आईएएस स्तर के अधिकारी शामिल हैं। हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अतिथियों को रूबरू करवाने के लिए प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा 5 सितंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे और 6 सितंबर को फिर से विदेश मंत्रालय की टीम द्वारा क्लचरल नाईट का आयोजन किया जाएगा।

## गरीबों को राशन में बांटे जाने वाले गेहूं की बोरियों पर डाला पानी

### हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत बोलेः दोषियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/कैथल**
रविवार को हैफेड के कर्मचारियों ने राशन में गरीबों को बांटे जाने वाली गेहूं की बोरियों को पानी डालकर गीला कर दिया,ताकि उनका वजन बढ़ाया जा सके। जींद रोड कैथल स्थित हैफेड कार्यालय कर गोदाम में गेहूं के कट्टों पर पानी डाला जाने की सूचना पर अधिकारियों ने जांच के लिए तुरंत चार सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया। हैफेड के चैयरमैन कैलाश भगत ने मामले को गंभीरता से लिया है। रविवार को जींद रोड पर हैफेड के कार्यालय में बने गोदामों में रखे गेहूं के कट्टों कर्मचारी पानी का पाइप लगाकर भिगो रहे थे। जैसे ही इसकी सूचना मीडिया कर्मियों को लगी तो वे तुरंत वहां पहुंच गए। मामले का भंडाफोड़ होते देखा कर्मचारियों ने आनंद-फानन में हैफेड के कार्यालय के गेट बंद कर दिए। राशन के गेहूं का वजन बढ़ाने के लिए कर्मचारी अक्सर थैलों पर पानी का छिड़काव कर गिला कर देते हैं। ऐसा गेहूं जब तक राशन डिपो पर पहुंचता है तब तक वह काला पड़ जाता है और उसमें कीड़े भी पड़ जाते हैं। यही राशन मिड-डे मील और राशन डिपो को भी सप्लाई होता है, जिसका हजार्ना आम लोगों को ही उठाना पड़ता है।

## नौ वरिष्ठ आईएएस के तबादले, टीवीएसएन प्रसाद होंगे वित्तायुक्त

### सीएम के मुख्य प्रधान सचिव बनने से पहले राजेश खुल्लर राज्य के वित्तायुक्त और टीवीएसएन प्रसाद गृह सचिव थे



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने रविवार को वर्ष 1988 बैच के आईएएस टीवीएसएन प्रसाद को प्रदेश का नया वित्तायुक्त नियुक्त किया है। साथ ही सुधीर राजपाल को गृह सचिव नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्य प्रधान सचिव पद पर सेवानिवृत्त अधिकारी राजेश खुल्लर की नियुक्ति के बाद हरियाणा सरकार ने प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों के पदभार में बदलाव किया है। रविवार को राज्य सरकार ने नौ वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ आइएएस अधिकारी टीवीएसएन प्रसाद को राज्य का नया वित्तायुक्त बनाया है। प्रसाद की इस पद पर नियुक्ति करते समय राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारियों की वरिष्ठ सूची का अनुसरण किया है। प्रशासनिक गलियारों में चर्चा थी कि सुधीर राजपाल को भी वित्तायुक्त बनाया जा सकता है, लेकिन वरिष्ठता का अनुपालन करते हुए राज्य सरकार ने यह जिम्मेदारी टीवीएसएन प्रसाद को ही सौंपी है। सुधीर राजपाल को प्रदेश का नया गृह सचिव बनाया गया है। सीएम के मुख्य प्रधान सचिव बनने से पहले राजेश खुल्लर राज्य के वित्तायुक्त और टीवीएसएन प्रसाद गृह सचिव थे। वर्ष 1988 बैच के आइएएस टीवीएसएन प्रसाद राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा भवन दिल्ली के चीफ रेजीडेंट कमिश्नर तथा सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का भी काम देखेंगे। वर्ष 1990 बैच के आइएएस अधिकारी सुधीर राजपाल अब गृह, जेल, अपराध अनुसंधान एवं न्याय प्रशासन विभाग के सचिव का काम संभालेंगे। उन्हें अनिल मिल के स्थान पर युवा सशक्तीकरण एवं एंटरप्रेन्योरशिप विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव भी बनाया गया है। वर्ष 1990 बैच की आइएएस डॉ. सुमिता मिश्रा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाई गई हैं। उन्हें पंकज अग्रवाल के स्थान पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव भी बनाया गया है। वर्ष 1990 बैच के ही डॉ. राजा शेखर वुंदरू को हाउसिंग फार आल विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाया गया।

## बुजुर्ग महिला से जबरदस्ती का प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**हरियाणा के** फतेहाबाद के एक गांव में बुजुर्ग महिला ने अपने ही समधी पर उससे जबरदस्ती का प्रयास करने का आरोप जड़ा है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, 511, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। महिला ने बताया कि उसकी बेटी जुलाई महीने में हिसार में इलाज हेतु भर्ती थी। उसकी बेटी का ससुर वहां आया, जिस पर वह अपनी बेटी को छोड़ अपने घर गांव में आ गई। महिला का कहना है कि इसके बाद उसका समधी भी उसके पीछे-पीछे घर आ गया। उस समय वह घर पर अकेली थी। महिला ने आरोप लगाया कि जब वह समधी को पानी देने के लिए कमरे में गई तो समधी ने उसका हाथ पकड़ लिया और जबरदस्ती गलत काम करने का प्रयास किया।

## विकास कार्यों को लेकर भाजपा सरकार कोई भेदभाव नहीं करती: कंवरपाल

**विकास कार्य**

**शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के बीपीएल कार्ड भी बनाए गए**

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
भारतीय जनता पार्टी की ओर से सढौरा विधानसभा क्षेत्र के गांव कोतरखाना और ककडौली में रविवार को जनसंवाद कार्यक्रम के आयोजन किए गए। जिसमें कैबिनेट स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस मौके पर पंचायत के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।
कैबिनेट स्कूल शिक्षा मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में हर वर्ग के लिए विकास कार्यों को किया गया। लेकिन अभी भी कुछ काम ऐसे है जो करने बाकी है। उन्होंने कहा कि इसलिए मुख्यमंत्री चाहते है कि विकास कार्यों के लिए चंडीगढ़ आवेदन तो बहुत आते हैं। लेकिन इस जनसंवाद कार्यक्रम के द्वारा हमें जनता के बीच में जाकर सरकार की जहां एक ओर उपलब्धियों की जानकारी देनी है। वहीं दूसरी और ऐसे कार्यों को प्राथमिक तौर पर करने है जो कई गांवों को समान रूप से जरूरत है। उन्होंने कहा कि पहले के समय की सरकारें अपने वोट बैंक के हिसाब से कार्य करती थी। लेकिन मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर कार्यों को किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले खंड स्तर पर 6-6 बेड के अस्पताल हुआ करते थे लेकिन उनकी संख्या बढ़ाकर आज 30 बेड कर दी गई है। ग्रामीण क्षेत्र में सभी शमशान घाटों पर पक्की सड़कें बनाने के कार्य किए गए है।

## जानबूझकर सरकारी नौकरी देने से गुरेज कर रही है गठबंधन सरकार:

### जो देश-प्रदेश युवाओं की शक्ति को पहचान कर उन्हें उचित मान सम्मान दे उस देश-प्रदेश की तरक्की को कोई रोक नहीं सकता है

**साधा निशाना**

**हरियाणा की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**अखिल भा**रतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि जो देश-प्रदेश युवाओं की शक्ति को पहचान कर उन्हें उचित मान सम्मान दे उस देश-प्रदेश की तरक्की को कोई रोक नहीं सकता है पर हरियाणा की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है उन्हें सोची समझी साजिश के तहत पक्की नौकरियों से वंचित किया जा रहा है, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से युवाओं को कम वेतन देकर उनका शोषण किया जा रहा है, इतना ही नहीं इस प्रकार की नौकरियों में आरएसएस के जुड़े लोगों के बच्चों को महत्व दिया जा रहा है। प्रदेश में बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है अगर युवाओं को रोजगार न मिला तो युवा रास्ते से भटक सकता है।
मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश सरकार अपने हर वायदे से मुकर रही है, भाजपा ने लोगों से वोट लेकर उनके साथ विश्वासघात किया है। सरकार के ही आंकड़ों को देखे तो पता चलता है कि 2.9 करोड़ की आबादी वाले प्रदेश में सरकारी नौकरियों के 04 लाख 58 हजार 808 पद ही स्वीकृत है और उसमें से 13462 पदों की कटौती कर दी गई है। दो लाख 62 हजार पद ही भरे हुए है बाकी खाली है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ऐसा प्रदेश है जहां स्कूलों में टीचर नहीं, कालेज में प्राध्यापक नहीं, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं, गांवों में पटवारी नहीं, ग्राम सचिव नहीं, थानों में पुलिस नहीं। ऊपर से सरकार दावा करती है कि वह नौकरी देने में अन्य राज्यों से आगे है। अगर सरकार नौकरियों के लिए परीक्षा आयोजित करती है तो पेपर लीक हो जाता है और परीक्षा रद्द कर दी जाती है, आनन फानन में भेदभाव के साथ की गई नौकरियों की भर्ती कोर्ट में जाकर अटक जाती है। यानि सरकार युवाओं को नौकरी नहीं देना चाहती बल्कि वह केवल नौकरी देने का नाटक कर रही है। सरकार का काम ठेका प्रथा को खत्म कर पक्की नौकरी देना है पर सरकार पक्की नौकरी खत्म कर ठेका पर काम करवाना चाहती है, जिसके लिए सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम की स्थापना की है जहां पर नौकरी के लिए न तो कोई पेपर होती है न ही कोई इंटरव्यू होता है और न ही मेरिट का ध्यान रखा जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### ट्रेन के आगे कूदकर हेड कॉन्स्टेबल ने की आत्महत्या

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** रेलवे स्टेशन के पास पुलिस में तैनात हेड कॉन्स्टेबल ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। उसकी जेब से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने लिखा कि मुझसे कुछ गलतियां हो गई हैं, इस कारण मैं अपने जीवन को समाप्त कर रहा हूं। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव हाबड़ी जिला कैथल के रहने वाले 47 वर्षीष लखी राम पिछले कई सालों से अपने परिवार के साथ कस्बा निसिंग की कप्तान कॉलोनी में रहता था। लखी राम निसिंग थाना में ईएचसी के पद पर तैनात था। वह आज सुबह करीब 4 बजे घर से थाने के लिए निकाले थे और करनाल में आकर गांव उचाना के पास ट्रेन के आगे कूदकर उसने अपनी जान दे दी। जीआरपी थाना के प्रभारी जसबीर ने बताया कि परिवार के लोगों का कहना है कि लखी राम पहले शराब का आदी था। बीच में कई सालों तक उसने शराब नहीं पी। अब पिछले 5 दिन से लगातार शराब पी रहा था। उसे क्या परेशानी थी, यह भी किसी को नहीं बताता था। उसने आत्महत्या क्यों की? इसके कारण अभी सामने नहीं आए हैं। लखी राम 25 नंबर 1998 में कॉन्स्टेबल के पद पुलिस विभाग में भर्ती हुआ था। पुलिस विभाग में नौकरी करते हुए वह 25 साल में ईएचसी के पद पर पहुंच गया। अब लखी राम निसिंग थाना में तैनात था।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'सरकार को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 9 सालों में जनता की समस्याओं को बढ़ाने का काम किया है। यह सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। वह जन मिलन कार्यक्रम के लिए न्योता देने सदर बाजार में अशोक छाबड़ा व चंदन दास गहलौत की दुकान पर पहुंची थी। यहां उन्होंने एकत्रित लोगों से जन मिलन कार्यक्रम में बढ़-चढकर भाग लेने की अपील की। सुमिता सिंह ने बताया कि जनता की आवाज उठाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंद्र सिंह हुड्डा करनाल की जनता के साथ 10 सितंबर को शाम 4 बजे एसबीएस मॉडल स्कूल रेलवे रोड में जन मिलन कार्यक्रम करेंगे। इसमें हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी लोगों से रूबरू होंगे। उन्होंने सभी दुकानदारों ने कहा कि मंदी और मंहगाई से घर चलाने में बड़ी दिक्कत हो रही है। सरकार ने टैक्स लगाकर काम धंधे चौपट कर दिए हैं। आप लोगों की चिंता जायज है। कांग्रेस



की सरकार आने पर आप सभी की समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा। सुमिता सिंह ने कहा कि कांग्रेस के पक्ष में चल रही लहर हरियाणा में बदलाव का स्पष्ट संकेत दे रही है। आज प्रदेश का हर वर्ग भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलनरत है। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में लगातार किसान एमएसपी और मुआवजे, युवा रोजगार, मजदूर दिहाड़ी, सरपंच अधिकारों, कर्मचारी ओपीएस और बच्चे स्कूल में टीचर के लिए आंदोलन करते आ रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार किसी भी मसले का संतोषजनक समाधान नहीं निकाल पाई है।

उन्होंने कहा कि हर मोर्चे पर सरकार की विफलता और उसके अत्याचार जनता में रोष की वजह बने हुए है। जनता लोकतांत्रिक तरीके से वोट की चोट से चुनाव में अपने रोष का इजहार करेगी। हरियाणा में चारों तरफ अपराध का बोलबाला है और अपराधिक तत्व सरेआम अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। हर वर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। सुमिता सिंह ने कहा कि प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस की बनेगी और कांग्रेस जनता को साफ, स्वच्छ व भय

**निशाना बनाया**

▶▶ ाभी दुकानदारों ने कहा कि मंदी और मंहगाई से घर चलाने में बड़ी दिक्कत हो रही है। सरकार ने टैक्स लगाकर काम धंधे चौपट कर दिए हैं

मुक्त शासन प्रदान करने में पूरी तरह से सक्षम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर बुजुर्गों-विधवाओं को पेंशन 6000 रुपए दी जाएगी, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम में शामिल किया जाएगा, गैस सिलेंडर की कीमत 500 रुपए से कम में निर्धारित की जाएगी और जरूरतमंदों को 100-100 गज के प्लाट फिर से दिए जाएंगे।

इस अवसर पर अशोक छाबड़ा, चंदन दास गहलौत, जोगिंदर, सुभाष गहलौत, पंकज, कांग्रेस युवा अध्यक्ष मनिंदर सिंह शंटी, राकेश संदूजा, उत्तम, सुरिंदर चावला, रवि बहल, सतीश पाहवा, रोनी मल्होत्रा इत्यादि मौजूद रहे।

## प्रेमी जोड़े के अपहरण केस में आया नया मोड़

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कस्बा** इंद्री से प्रेमी जोड़े के अपहरण के मामले में नया मोड़ सामने आया है। युवक ने पुलिस के सामने पेश होकर अपने बयान दर्ज करवाए हैं, जिसमें उसने बताया कि वह खुद ही लडकी के परिवार वालों के साथ गया था। लडकी अपने घर पर है। अब पुलिस दोनों पक्षों के बयान के आधार पर आगामी जांच शुरू करेगी। इससे पहले शुक्रवार को युवक के परिजनों ने लडकी के घरवालों के खिलाफ अपहरण करने का केस दर्ज करवाया था। दोनों ने 31 अगस्त को करनाल में शादी की थी। शादी करने के बाद युवक लडकी को इंद्री में अपनी मौसी के घर पर ले गया। युवक के परिजनों का आरोप था कि युवती के परिजनों ने दोनों को किडनैप किया है। उनके साथ मारपीट भी की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबाला के रायवाली निवासी युवक का करीब पांच साल से पंचकूला की रहने वाली युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। पिछले कई महीनों से दोनों शादी करने की योजना बना रहे थे, लेकिन युवती के परिजन इसके खिलाफ थे। वह अपने बेटी की शादी युवक से नहीं करना चाहते थे, लेकिन इसके बाद दोनों ने भागकर शादी कर ली। इंद्री थाना के प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि लडके और लडकी ने कोर्ट मैरिज की थी। वे इंद्री के गुढ़ा गांव में अपनी मौसी के घर पर रुके थे। यहां से वह लडकी के परिवार वालों के साथ चले गए थे। जबकि लडके के परिजनों ने आरोप लगाया था कि उनके लडके का अपहरण किया गया है, लेकिन अब लडके ने थाने में खुद आकर अपने बयान दर्ज करवाए हैं।

## कर्मचारी बॉयज होस्टल के लडकों की हुड़दंगबाजी से परेशान

### बोले-लडके शराब पीकर देते हैं गाली देते चीफ वार्डन से की शिकायत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कल्पना** चावला मेडिकल कॉलेज के रेसिडेंशियल क्वार्टर में रहने वाले कर्मचारी बॉयज होस्टल के लडकों की हुड़दंगबाजी से परेशान है। कर्मचारियों का आरोप है कि लडके बालकनी में खड़े होकर न सिर्फ शराब पीते हैं, बल्कि इन बोतलों को ऊपर से नीचे भी फेंक देते है और गंदी-गंदी गालियां निकालते हैं। कर्मचारियों ने इसकी शिकायत चीफ वार्डन को की है, लेकिन शिकायत के बावजूद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे कर्मचारियों में रोष है। मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी सोनू, संजू, सुमित व रविन्द्र ने बताया कि बॉयज होस्टल के लडके ऊपर से बोतल फेंक देते है। ऐसे में कोई व्यक्ति नीचे से



निकल रहा हो और उसके सिर में बोतल लग जाए तो क्या हो सकता है, इसका अंदाजा स्वयं लगाया जा सकता है।

उनका कहना है कि आज सुबह भी बालकनी में खड़े लडके शराब पीकर भद्दी भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। क्वार्टर में रहने वाले छोटे-छोटे बच्चों को भी पता है कि ये गंदी गालियां देते हैं। अब होस्टल में कम्प्लेंट करने के लिए आए हैं तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा।

कर्मचारियों का कहना है कि

**हुड़दंगबाजी**

▶▶ कर्मचारियों का आरोप है कि लडके बालकनी में खड़े होकर न सिर्फ शराब पीते हैं

लडकों की हुड़दंगबाजी आज से नहीं, बल्कि चार-पांच साल से चल रही है और कई बार कम्प्लेंट दी गई है, लेकिन कॉलेज के डायरेक्टर तक की जानकारी में मामला तक नहीं दिया गया। न तो यहां पर वार्डन अपनी ड्यूटी कर रहे हैं और न ही सिक्योरिटी और न ही अधिकारी। उन्होंने इन लडकों पर कार्रवाई की मांग की है।

## स्वस्थ और निरोग रहने के लिए जिंदगी में योग का बहुत महत्व : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संचालक दिनेश गुलाटी स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने और उन में योग के प्रति रुचि पैदा करने के लिए का कार्य पिछले 18 वर्षों से निरंतर कर रहे हैं और वे इसमें सफल भी रहे हैं। उनके अनुसार योग एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आवश्यक है। इसी के अंतर्गत मिशन की कक्षा फव्वारा पार्क सेक्टर बारह में पहुंचकर साधकों को योग सत्र करवाया। सभी ने उत्साह पूर्वक योगिक क्रियाओं आसन और प्राणायाम का अभ्यास किया।



उन्होंने साधकों को विधिपूर्वक सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। सूर्य नमस्कार के मंत्र और आसनो के शरीर पर पडने वाले प्रभाव के विषय में भी बताया। इससे शरीर के हर अंग में ऊर्जा का प्रवाह, रक्त का परिसंचरण एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है। योग शिक्षिका निधि गुप्ता और वीना धीर ने सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास करवाया। इस दौरान दिनेश गुलाटी ने कहा कि समाज को योग के प्रति जागरूक करने की दिशा में उनके प्रयास हमेशा जारी रहेंगे।

## दो बहने संदिग्ध परिस्थितियों में हुई लापता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** थाना मुनक क्षेत्र के एक गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवतियों के लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों युवतियां आपस में चचेरी बहने हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी 4 लड़कियां और एक लडका है। गत दिवस करीब 11 बजे उसकी 19 वर्षीय लडकी घर से अचानक लापता हो गई। आसपास पता किया तो पता चला कि उसके बड़े भाई की लडकी भी घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जिसकी उम्र 18 वर्ष है।

## सुखी होना है तो जीयो और जीने दो के ध्यान में जाओ: उपेंद्र मुनि



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। राष्ट्रसंत जैन मुनि उपेंद्र ने कहा है कि हमें** शाति से जीना चाहिए और औरों को भी शांति से जीने देना चाहिए। हमें क्षमा भाव रखकर क्रोध को शांत करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीयो और जीने दो, शांति का सबसे बड़ा सूत्र है। जैन मुनि आज सैक्टर चौदह स्थित जैन स्थानक में जीयो और जीने दो, योग करवा रहे थे। उन्होंने कहा कि जैन धर्म ने हमेशा विश्व वंधुत्व का पाठ पढ़ाया है। उन्होंने कहा कि कैसे हम भय मुक्त हों, इसके सूत्र दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सात जनवरी को जन्माष्टमी मित्रता दिवस के रूप में मनाएंगे। जैन मुनि ने कहा कि आज देशभर में भाई-भाई को मार रहा है। पिता अपने बेटे का हक मार रहा है। उन्होंने कहा के गरीब भाई का भई कत्ल करता है। साथी-साथी का हक मार लेता है। उन्होंने कहा कि सारा संसार दुखी है, परेशान हैं। यदि इनसे मुक्ति पानी है तो जीयो और जीने दो। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा दूसरों के सुख की कामना करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने तपस्या करने वालों को सम्मनित किया। जैन मुनि ने कहा कि पिछले तीन माह से करनाल में घर-घर में नमोकार महामंत्र का अखंड जाप चल रहा है। इस अवसर पर मां पद्मावती महिला मंडल द्वारा व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में गौरव जैन, प्रभास जैन, रमन जैन, अशेक जैन, नवीन जैन, राजन, सुशील, अशोक, प्रवीण रामनारायण जैन, प्रवीण जैन, रतन जैन, अनिल जैन, विनोद जैन, कुशल जैन, सुशील जैन, निशा जैन, प्रेमचंद जैन, ईश्वर जैन, धनेश्वर जैन, अनु जैन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## जंगल में पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

### 25 से 30 दिन पुराना है शव, अभी तक नहीं हुई शिनाख्त

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** शहीद उधम सिंह चौक के नजदीक जंगल में पेड़ से लटका एक व्यक्ति का शव मिला है। शव करीब 25 से 30 दिन पुराना बताया जा रहा है। मृतक ने आत्महत्या की है या फिर हत्या हुई है, यह पुलिस जांच का विषय है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक राहगीर सडक पर अपने वाहन को खड़ा करके जंगल के अंदर लघुशंका करने के लिए गया था। जैसे ही वह थोड़ा अंदर गया तो उसे पेड़ पर कुछ लटकता नजर



आया। थोड़ा नजदीक गया तो पेड़ पर एक शव था। शव को देख वह घबरा गया और तुरंत बाहर आ गया। उसने तुरंत पुलिस को कॉल किया और पुलिस मौके पर पहुंच गई।

सूचना के बाद सेक्टर 32-33 थाने की पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारने के बाद साक्ष्य जुटाए। अज्ञात व्यक्ति की उम्र करीब 35 से 40 साल के बीच है। मृतक के जब कपड़े चैक किए गए तो कोई भी दस्तावेज पुलिस को नहीं मिला।

सेक्टर 32-33 थाना के प्रभारी बलिन्द्र कुमार ने बताया कि शव पूरी तरह सड़ चुका है। व्यक्ति की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। शव करीब 25 से 30 दिन पुराना है। व्यक्ति की हत्या हुई या

## ऑब्जर्वर के सामने आपस में भिड़े कांग्रेस कार्यकर्ता

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी नारनौल।** कैनाल रेस्ट हाउस में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं की फीडबैक लेने के लिए पहुंचे कांग्रेस के ऑब्जर्वर व अन्य नेताओं के सामने पूर्व सांसद श्रुति चौधरी व मौजूदा विधायक राव दान सिंह के पुत्र अक्षत राव के समर्थक आपस में भिड़ गए। दोनों समर्थक ऑब्जर्वर के सामने अपनी ताकत दिखा रहे थे। वे कमरे के अंदर जाने को लेकर एक दूसरे से भिड़ पड़े। हालात को देखते हुए रेस्ट हाउस में पुलिस भी बुलानी पड़ी। स्थानीय केनाल रेस्ट हाउस में कांग्रेस की जिला स्तरीय अहम बैठक आयोजन किया जा रहा था। जिसमें एआईसीसी कोऑर्डिनेटर धीरूभाई पटेल, पवन बुवानीवाला, जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक नरेश सेलवाल कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयों के साथ आगामी रणनीति को लेकर विचार विमर्श करने आए। इस बैठक में कांग्रेस को जिला प्रधान बनाने, संगठन को मजबूत करने व आने वाले एमपी चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं की फीडबैक जानी जानी थी। कमरे के अंदर जाने को लेकर हुई कार्यकताओं में नारेबाजी इन नेताओं के सामने एमपी चुनाव को लेकर दावेदारी कर रही पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के समर्थकों व विधायक राव दान सिंह के पुत्र अक्षत राव के समर्थक अपनी ताकत दिखाने लगे। बताया जा रहा है कि एक गुट के लोगों को ही अंदर जाने दिया जा रहा था इस पर दूसरे गुट ने एतराज किया।

## गांव कलवेहडी में लगाया गया विशाल रक्तदान शिविर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। एचडीएफसी** बैंक और जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से थैलीसिमिया से पीड़ित बच्चों के लिए गांव कलवेहडी में विशाल रक्तदान महाकल्याण शिविर का आयोजन डॉक्टर विकास सैनी के नेतृत्व में किया गया। शिविर के लिए लगभग 75 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 67 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर संयोजक कपिल किशोर ने बताया कि थैलीसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडका एवं लडकी को अपना ब्लड टेस्ट अवश्य कराना चाहिए। हर गर्भवती महिला को भी अपने रक्त की जांच अवश्य करानी चाहिए। सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित




किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी रक्तदान शिविर 10 सितंबर को पाल धर्मशाला गांव कुंजपुरा में सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक लगाया जाएगा। रक्तदान शिविर के आयोजन में सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कंबोज, पंकज, प्रिंसिपल अनिता संधू, करमबीर, अजय पाल, संजीव पाल, मुख्यमंत्री उड़ानदस्ता करनाल के हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, एचडीएफसी बैंक से संजीव उप्पल, दर्पण वल्लेचा, विनोद पाल, सुरिंद्र कंबोज, श्रीचंद, हिमांशु पाल, राहुल पाल, जतिन पाल और हर्ष कंबोज का विशेष सहयोग रहा।

## संपादकीय

# सनातन पर आघात, उन्मादी है ये जमात

**वर्तमान में** भारत देश की सर्वग्राही संस्कृति पर सुनियोजित आक्रमण करके समाज में बिखराव पैदा करने का खेल चल रहा है। हालांकि यह भी सर्वविदित है कि इस प्रकार की स्वार्थी मानसिकता के लोग हमेशा ही समाज के बीच रहते चले आए हैं। ऐसे ही लोग देश की मजबूत सांस्कृतिक विरासत को मिटाने का कुत्सित प्रयास करते दिखाई देते हैं। यह जानबूझकर उन्माद के शोले भड़काते हैं। आज विसंगति यह है कि कुछ राजनेता भी भारत की पहचान को प्रकट करने वाली सनातन आस्था पर कुठाराघात कर रहे हैं। इस जमात में तमिलनाडु के मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन भी शामिल हो गए हैं। उनके सनातन धर्म को लेकर दिए अतिरंजित बयान पर विवाद होना ही था। यह सीधे-सीधे सनातनी समाज को चुनौती है। इसका हर मंच पर मुखर प्रतिरोध होना चाहिए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो मुंबई में हद ही कर दी। उन्होंने कांग्रेस के तथाकथित विपक्षी एकता के मंच पर तिलक लगवाने से इनकार कर दिया। यह ममता का निजी मामला है कि वह तिलक लगाएं या न लगवाएं, लेकिन सार्वजनिक रूप से ऐसा करके उन्होंने सनातनी परंपरा को चोट पहुंचाई है। अभी हाल ही में विवादास्पद बयान देकर सुर्खियों में बने रहने की कुटिल राजनीति करने वाले एक नेता (सही अर्थों में यह नेता नहीं) स्वामी प्रसाद मौर्य ने अत्यंत संकीर्णता का परिचय देकर अपनी अज्ञानता का परिचय दिया, जिसे देश की जनता ने सुना भी और देखा भी। लेकिन ऐसा लगता है कि ऐसे ही लोग देश को मजबूत होते देखना नहीं चाहते। कहा जाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। सत्य को कितना भी झुठलाने का प्रयास किया जाए, लेकिन एक दिन वह सूरज की तरह सारे अंधकार को समाप्त करने की क्षमता रखता है। भारत की सनातन आस्था पर जब भी हमला किया जाता है, तब कुछ लोग आंख बंद करके तमाशा देखने की मुद्रा में आ जाते हैं, लेकिन यह भी सत्य है कि यह कृत्य दुस्साहस करने वालों के हौसलों को बढ़ाने का ही काम करता है। इसलिए अब तटस्थ रहने का समय नहीं, कुछ करने का समय है। वर्तमान में भारत देश में जिस प्रकार से आस्था के विषय को लेकर राजनीति की जा रही है, उससे देश में असामंजस्य का भाव पैदा हो रहा है। इस भाव के कारण कई प्रकार की विसंगति निर्मित हो रही हैं। देश में जितने भी धर्म या संप्रदाय हैं, उनकी मान्यताओं का सम्मान किया जाना संवैधानिक अधिकार भी है और हिन्दुस्थान की मान्यताओं का सांस्कृतिक परिवेश भी।

संवैधानिक अधिकारों के तहत हर किसी को अपना वक्तव्य प्रसारित करने का अधिकार है, लेकिन इन अधिकारों में अगर किसी भी व्यक्ति के विचार या धर्म पर कुठाराघात होता है, तब यह अधिकार का दुरुपयोग ही माना जाएगा। वास्तव में हमारे देश में अधिकारों का दुरुपयोग कई अवसरों पर देखा जा रहा है। चाहे वह सांस्कृतिक मुद्दा हो या धार्मिक। हर बात पर राजनीति की जाती रही है। भारत में सभी धर्मों का सम्मान किए जाने के लिए कानून भी बना है, लेकिन जिस प्रकार से इन कानूनों का मजाक उड़ाया जाता रहा है, उससे देश की अस्मिता तार-तार हो रही है।

# श्रीकृष्ण सच्चे अर्थों में सृष्टि के कुशल महाप्रबन्धक

**ललित गर्ग**

"प्रबंधन रहस्य को समझना होगा कि उन्होंने किस प्रकार आदर्श राजनीति, व्यावहारिक लोकतंत्र, सामाजिक समरसता, एकात्म मानववाद और अनुशासित सैन्य एवं युद्ध संचालन किया। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह की नीति और नियत चाहिए- इन सब प्रश्नों के उत्तर श्रीकृष्ण के प्रभावी प्रबंधन सूत्रों से मिलते हैं। श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही देश एवं दुनिया में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। सही प्रबंधन के बिना किसी भी कार्य से श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त नहीं किये जा सकते। जिस तरह जीवन के प्रत्येक कार्य में सुनिश्चित सफलता के लिये सही प्रबंधन अति आवश्यक है, उसी तरह सही ढंग से जीने एवं सार्थक जीवन के लिये भी सही प्रबंधन जरूरी है। श्रीकृष्ण ने मैंनेजमेंट गुरु की भूमिका निभाते हुए सफल एवं सार्थक जीवन जीने के प्रबंधन सूत्र दिये"

**भगवान** श्रीकृष्ण हमारी संस्कृति के एक अद्भुत एवं विलक्षण राष्ट्रनायक हैं। श्रीकृष्ण का चरित्र एक प्रभावी एवं सफल मैंनेजमेंट गुरु वाले लोकनायक का चरित्र है। वह द्वारिका के शासक भी है किंतु कभी उन्हें राजा श्रीकृष्ण के रूप में संबोधित नहीं किया जाता। वह तो ब्रजनंदन है। कुशल प्रबंधन सोच के कारण ही समाज एवं राष्ट्र व्यवस्था उनके लिये कर्त्तव्य थी, इसलिये कर्त्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिये उसे कभी नकारा नहीं। वे प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों की संयोजना में सचेतन बने रहे। श्रीकृष्ण के प्रबंधन रहस्य को समझना होगा कि उन्होंने किस प्रकार आदर्श राजनीति, व्यावहारिक लोकतंत्र, सामाजिक समरसता, एकात्म मानववाद और अनुशासित सैन्य एवं युद्ध संचालन किया। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह की नीति और नियत चाहिए- इन सब प्रश्नों के उत्तर श्रीकृष्ण के प्रभावी प्रबंधन सूत्रों से मिलते हैं। श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही देश एवं दुनिया में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। सही प्रबंधन के बिना किसी भी कार्य से श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त नहीं किये जा सकते। जिस तरह जीवन के प्रत्येक कार्य में सुनिश्चित सफलता के लिये सही प्रबंधन अति आवश्यक है, उसी तरह सही ढंग से जीने एवं सार्थक जीवन के लिये भी सही प्रबंधन जरूरी है। श्रीकृष्ण ने मैंनेजमेंट गुरु की भूमिका निभाते हुए सफल एवं सार्थक जीवन जीने के प्रबंधन सूत्र दिये, जो सदियों से सम्पूर्ण मानवजाति का पथ-दर्शन कर रहे हैं। श्रीकृष्ण के प्रबंधन नीति की खासियत यह है कि उनकी भावना और विवेक एक दूसरे का पूरक है। मैनेजमेंट गुरु श्रीकृष्ण का वह व्यावहारिक कौशल ही था कि अत्याचारी कंस को सबसे पहले आर्थिक रूप से कमजोर किया गया और फिर उसका वध किया। पूरे महाभारत युद्ध के दौरान कहीं भी श्रीकृष्ण ऊंहापोह की स्थिति में नजर नहीं आये। एक ही व्यक्ति में अनेक गुणों, विशेषताओं एवं कौशल का समावेश तभी हो सकता है, जब वह प्रबंधन में निष्णात हो। श्रीकृष्ण एक ऐसा ही आदर्श चरित्र है जो अर्जुन की मानसिक व्यथा का निदान करते समय एक मनोवैज्ञानिक, कंस जैसे असुर का संहार करते हुए एक धर्मावतार, स्वार्थ



पोषित राजनीति का प्रतिकार करते हुए एक आदर्श राजनीतिज्ञ, विश्व मोहिनी बंसी बजैया के रूप में सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ, बृजवासियों के समक्ष प्रेमावतार, सुदामा के समक्ष एक आदर्श मित्र, सुदर्शन चक्रधारी के रूप में एक योद्धा व सामाजिक क्रान्ति के प्रणेता हैं। उनके जीवन की छोटी से छोटी घटना से यह सिद्ध होता है कि वे सर्वैश्वर्य सम्पन्न थे। धर्म की साक्षात मूर्ति थे। कुशल राजनीतिज्ञ थे। सृष्टि संचालक के रूप में एक महाप्रबंधक थे।

भगवान श्रीकृष्ण के मैनेजमेंट मंत्र के अनुसार श्रेष्ठ व्यक्ति को हमेशा अपने पद और गरिमा के अनुसार ही व्यवहार या आचरण करना चाहिए। क्योंकि वह लोगों के लिए आदर्श हैं और वो जैसा करेंगे लोग भी वैसा ही अनुसरण करेंगे। कुरुक्षेत्र के युद्ध मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो गीता के उपदेश दिये थे, वे मैनेजमेंट के अमरसूक्त हैं। मोहवश अर्जुन ने हथियार त्याग दिए थे, तब गीता के उपदेशों के जरिये ही श्रीकृष्ण ने अर्जुन को धमानुर्सार कर्म करने की प्रेरणा दी। महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण ने जो उपदेश दिए थे, इनमें मैनेजमेंट के सूत्र छिपे हुए हैं। इस सूत्रों को समझकर कोई भी इंसान अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलावों से उन्नति कर सकता है। श्रीकृष्ण के अनुसार जिस मनुष्य के मन में किसी प्रकार की इच्छा या कामना होती है, उसे कभी सुख शांति प्राप्त नहीं होती। इसलिए सुख-शांति हासिल करने के लिए इंसान को सबसे पहले अपनी इच्छाओं का त्याग करना होगा। हम कर्म के साथ उसके आने वाले परिणाम के बारे में सोचते हैं जो हमें कमजोर बनाता है। लेकिन हमें परिणाम की चिंता न करके अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, जिससे हम अपने कर्तव्य का पालन कर सकें, यह प्रबंधन का आदिसूत्र हैं।

श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व नेतृत्व एवं प्रबंधन की समस्त विशेषताओं को समेटे बहुआयामी एवं बहुरंगी है, यानी राजनीतिक कौशल, बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने और क्या? एक देश-भक्त के लिए श्रीकृष्ण भगवान तो हैं ही, साथ में वे जीवन जीने की कला एवं सफल नागरिकता भी सिखाते है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं से भारतीय-संस्कृति में उच्च महाप्रबंधक का पद प्राप्त किया। एक ओर वे राजनीति के ज्ञाता, तो दूसरी ओर दर्शन के प्रकांड पंडित थे। धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जगत में भी नेतृत्व करते हुए ज्ञान-कर्म-भक्ति का समन्वयवादी धर्म उन्होंने प्रवर्तित किया। अपनी योग्यताओं के आधार पर वे युगपुरुष थे, जो आगे चलकर युवावतार के रूप में स्वीकृत हुए। उन्हें हम एक महान् क्रांतिकारी नायक के रूप में स्मरण करते हैं। वे दार्शनिक, चिंतक, गीता के माध्यम से कर्म और सांख्य योग के संदेशवाहक और महाभारत युद्ध के नीति निर्देशक थे किंतु सरल-निश्छल ब्रजवासियों के लिए तो वह रास रचैया, माखन चोर, गोपियों की मटकी फोड़ने वाले नटखट कन्हैया और गोपियों के चितचोर थे। गीता में इसी की भावाभिव्यक्ति है- हे अर्जुन! जो भक्त मुझे जिस भावना से भजता है मैं भी उसको उसी प्रकार से भजता हूं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में भी हम इन्हीं प्रबंधकीय विशेषताओं का दर्शन करते है, क्योंकि श्रीकृष्ण के जीवन-आदर्शों को आत्मसात करते हुए वे एक कुशल प्रबंधक के रूप में सशक्त भारत-नया भारत निर्मित कर रहे हैं।

श्रीकृष्ण का प्रशासनिक एवं राजनीतिक चरित्र अत्यन्त अलौकिक है, उनके समग्र विचार दर्शन का संक्षेप में केवल एक संदेश है- कर्म। कर्म के माध्यम से ही समाज की अनिष्टकारी प्रवृत्तियों का शमन करके उनके स्थान पर वरेण्य प्रवृत्तियों को स्थापित करना संभव होता है। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व असीम करुणा से परिपूर्ण है। लेकिन अनीति और अत्याचार का प्रतिकार करने वाला उनसे कठोर व्यक्ति शायद ही कोई मिले। जो श्रीकृष्ण अपने से प्रेम करने वाले के लिए नंगे पांव दौड़े चले जाते थे, वही श्रीकृष्ण दुष्टों को दण्ड देने के लिए अत्यंत कठोर और निर्मम भी हो जाते थे। कब प्रेम करना और कब घृणा, कब कठोर होना और कब करुणामय-यह उचित प्रबंधन से ही संभव है। भगवान श्रीकृष्ण से प्रेम के साथ-साथ जीवन के सबसे खराब दौर में कैसे अच्छा परिणाम पाएं इसका गुण भी हम लोग सीख सकते हैं। अपने जन्म से लेकर लीला समाप्ति तक, अपने पूरे अवतार के समय तक श्रीकृष्ण ने कई संघर्षों को सुलझाया और देखा भी। परिस्थिति को अपने अनुकूल बनाने की कला सिर्फ श्रीकृष्ण में ही थी। श्रीकृष्ण का यह प्रबंधन कौशल एवं समय-नियोजन ही था कि उन्होंने 64 दिन में 64 कलाओं का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। श्रीकृष्ण ने वैदिक कलाओं के साथ-साथ दूसरी कलाएं भी सीखी थीं। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे आपके व्यक्तित्व का रचनात्मक विकास हो। श्रीकृष्ण ने 64 कलाओं के साथ-साथ संगीत, नृत्य व युद्ध की भी कला भी सीखी थी। एक बार पांडवों के राजसूय यज्ञ में शिशुपाल श्रीकृष्ण को अपशब्द कहता रहा। वह छोटा भाई था, लेकिन बोलते-बोलते उसने सारी मयार्दाएं तोड़ दीं। सभा में मौजूद सभी लोग क्रोधित थे लेकिन श्रीकृष्ण शांत थे और मुस्कुरा रहे थे। एक बार श्रीकृष्ण शांति दूत बनकर दुर्योधन के पास गए तो उसने श्रीकृष्ण का बहुत अपमान किया। श्रीकृष्ण शांत रहे।

## कविता

### इतनी खामोश हवाएं क्यों है ?

इतनी खामोश हवाएं क्यों है,
इतनी गमगीन फिजाएं क्यों है।

हाल ए दिल तो सुनाओ जरा,
इतनी बे-असर दुआये क्यों हैं।

दर्द हमारा तो ला इलाज है,
बेअसर इतनी दवाये क्यों हैं ।

नजरें बता गई बेरुखी का सबक,
आंखों में लाल ढेर अंगारे क्यों हैं।

इंतहा हो गई लम्हों के इंतजार की,
अपनी यादों के गमगीन इशारे क्यों हैं।

लोरियां सो गई दर्द बयां करते संजीव,
आसुओं के जुगनू इतने बेसहारे क्यों हैं।

हिम्मत रखो अंधेरों के बाद रोशनी आएगी,
आप के हौसले इतने थके हारे क्यों हैं।

संजीव

## एक पृथ्वी,एक परिवार,एक भविष्य

**सुनील महला**

**भारत** की राजधानी दिल्ली में 9 और 10 दिसंबर 2023 को विश्व स्तरीय यानी कि वर्ल्ड क्लास 18 वां जी-20 सम्मेलन होने जा रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी-20) अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। यह सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक संरचना और अधिशासन निर्धारित करने तथा उसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।भारत 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता करेगा। उल्लेखनीय है कि जी-20 की स्थापना 1999 में एशियाई वित्तीय संकट के बाद वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के लिए वैश्विक आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक मंच के रूप में की गई थी। हाल फिलहाल जानकारी देना चाहूंगा कि जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो सहित विश्व के कई बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष लगभग 29 देशों के राष्ट्राध्यक्ष दिल्ली पहुंचेंगे।चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग आ रहे हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों और पुतिन की जगह विदेशमंत्री सर्गेई लावरोव भी इस सम्मेलन में हिस्सा लेने आ रहे हैं। हालांकि रूस के राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इसमें शामिल नहीं होंगे। इस सम्मेलन में बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष ही नहीं अपितु बहुत से देशों के शासनाध्यक्ष और अन्य प्रतिनिधियों के साथ-साथ आमंत्रित सदस्य भी हिस्सा लेंगे। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि जी-20 वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और वैश्विक जनसंख्या का लगभग दो तिहाई प्रतिनिधित्व करने वाले देशों का संगठन है। यह 19 देशों और यूरोपीय संघ से मिलकर बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी-20) में 19 देश (अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका) और यूरोपीय संघ शामिल हैं।जानकारी देना चाहूंगा कि भारत इस समय जी-20 का अध्यक्ष है। दूसरे शब्दों में हम यह बात कह सकते हैं कि वर्तमान में इसके चेयरमैन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि जी-20 पहले वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों का संगठन था। इसका गठन एशिया में आए वित्तीय संकट के बाद हुआ। इसका पहला सम्मेलन 1999 के दिसंबर महीने में जर्मनी की राजधानी बर्लिन में हुआ। दुनिया भर में 2008 में आई मंदी के बाद जी-20 को शीर्ष नेताओं के संगठन में बदल दिया गया था। बहरहाल, जी-ऋ20 का लोगो और थीम की यदि हम बात करें तो जी -20 का लोगो राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंगों- केसरिया, सफेद और हरे और नीले रंग से प्रेरणा लेता है। यह पृथ्वी ग्रह को भारत के राष्ट्रीय फूल कमल से जोड़ता है।

## विचार

# विपक्षी गठबंधन की राह में कई रोड़े है

**अशोक भाटिया**

**28** सदस्यों वाले विपक्षी गठबंधन की दो दिन तक चली बैठक शुक्रवार को मुंबई में संपन्न हो गई। बैठक में संकल्प लिया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव 'जहां तक संभव हो' एकजुट होकर लड़ा जाएगा। एक पेज के प्रस्ताव में कहा गया है कि सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर बातचीत 'तुरंत शुरू की जाएगी और इसे गिव एंड टेक की सहयोगात्मक भावना के साथ अंजाम दिया जाएगा।' संबंधों में किसी भी गड़बड़ी को दूर करने और संयुक्त अभियान और संचार रणनीति तैयार करने के लिए 14 सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। गठबंधन ने अभी संयोजक नियुक्त नहीं किया है और लोगो को भी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इंडिया गठबंधन के आगे सबसे बड़ी समस्या भाजपा के कैंडिडेट के आगे वन टू वन कैंडिडेट खड़ी करने में आने वाली है।जिसके लिए अभी गठबंधन की ओर से कोई इशारा नहीं किया गया है। कुछ नेताओं की ओर से पूर्वी उत्तर प्रदेश के घोसी उपचुनाव की नजीर दी जा रही है कि कैसे वहां भाजपा के खिलाफ वन टू वन प्रत्याशी यहां खड़ा किया गया है।कांग्रेस ने घोसी में अपना प्रत्याशी नहीं खड़ा किया है और समाजवादी पार्टी को फुल सपोर्ट किया है।दरअसल घोसी कभी कांग्रेस की सीट रही नहीं इसलिए उसका प्रत्याशी खड़ा करना या न करना कोई मायने नहीं रखता है।किसी ऐसी सीट से जो कांग्रेस की परंपरागत सीट रही हो वहां दी हुई कुबार्नी ही असल में कुबार्नी है।बसपा ही यहां कुछ कर सकती थी पर पार्टी शुरू से ही उपचुनाव नहीं लड़ती रही है।इसलिए बसपा का कोई प्रत्याशी यहां से नहीं है।उत्तरप्रदेश में पिछले कई चुनावों से वाम पार्टियां अपना चुनावी अस्तित्व खत्म कर चुकी हैं इसलिए उनके भी चुनाव लड़ने या न लड़ने का कोई मतलब ही नहीं रह जाता है।इसलिए यहां तो बात बन गई पर दूसरी जगहों पर क्या होगा ? अटकलें हैं कि 2019 में जो पार्टी जो सीटें जीती थी, वो सीटें उसे दी ही जाएं। साथ ही जिन सीटों पर जिस पार्टी के उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे थे, वो सीटें भी उसी पार्टी को दी जाएं।इस तरह रनरअप फॉमूर्ले से कांग्रेस पार्टी को 261 सीटें देनी मजबूरी होंगी। जबकि ममता बनर्जी कहती रहीं हैं कि कांग्रेस 200 सीटों पर लड़े, जाहिर है कि ममता बनर्जी को ये पसंद नहीं आएगा।दूसरी ओर इस फामूर्ले को अप्लाई करने पर पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को केवल एक सीट मिल पाएगी और वाम दलों को तो वह भी नहीं। आम आदमी पार्टी की दिल्ली और पंजाब में सरकार है पर उसे केवल तीन ही सीट मिल पाएंगी।इंडिया गठबंधन के अधिवेशनों में माहौल तो खूब बन रहा है पर मुद्दों पर ठोस काम का अभाव दिखता रहा है। भिन्न- भिन्न विचारों वाली पार्टियों के बीच गंभीर मुद्दों पर आम सहमति कैसे बनेगी? यूसीसी और महिला आरक्षण और मंदिर के मुद्दे पर आपस में सर फुटोव्वल की नौवत आने की हमेशा आशंका बनी रहेगी। दरअसल यूसीसी पर आम आदमी पार्टी का हमेशा से सपोर्ट रहा है। इसी तरह शिवसेना का मंदिर आंदोलन से गहरा नाता रहा है। बाबरी मस्जिद गिराने का श्रेय शिवसेना लेती रही है।महिला आरक्षण का खुलकर तो नहीं पर अंदर ही अंदर विरोध करने वाले दल भी गठबंधन में हैं।आने वाले दिनों में भाजपा ऐसी चालें चलेंगी कि इन दलों को इन मुद्दों पर अपना स्टैंड सार्वजनिक करना पड़ेगा।

किसी खास चुनाव में मिले वोटों को आधार बनाकर सीटों की शेयरिंग कई राज्यों में बहुत मुश्किलें पैदा करेगी। खासकर उन स्टेट में जहां पिछले 2 चुनावों से कोई नई पार्टी उभर रही है।2022 के विधानसभा चुनावों में गुजरात में कांग्रेस को 27.28 फीसदी वोट मिले थे जबकि भाजपा को 52.50 फीसदी वोट मिले।पांच सीटें आम आदमी पार्टी ने जीतकर करीब 15 फीसदी वोट हासिल करने में कामयाब रही थी।जाहिर है कि आम आदमी पार्टी कभी नहीं चाहेगी कि गुजरात में सीट शेयरिंग का फामूर्ला 2019 के चुनावों को बनाया जाए। आम आदमी पार्टी का वोट शेयर 2019 के मुकाबले 2022 में तेजी से बढ़ रहा है। इसका मतलब तो यही है कि 2024 में भी उसे ज्यादा वोट मिलने की उम्मीद होगी। ऐसी दशा में कोई भी पार्टी क्यों सीटों से समझौता करेगी?


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# चांद पर चमत्कार, अब सूर्य नमस्कार

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर भारत का आगाज। इसरो ने ठाना है अब सूर्य को पाना है।इसरो की कमान आदित्य-एल1 की उड़ान। मिशन आदित्य-एल1 डेस्टिनेशन सन, जैसी कई लाइन पूरी दुनिययां में गूंज उठी जब हमारी पृथ्वी से करीब 15 करोड़ किलोमीटर दूर सूर्य की ओर आदित्य-एल1 शनिवार दिनांक 2 सितंबर 2023 को सफल प्रशिक्षण हुआ जिसकी 3 सितंबर 2023 को 11:45 को पहली अर्थबाउंड फायरिंग निश्चित है। हालांकि एल1 पृथ्वी से सूर्य की केवल एक प्रतिशत याने 15 लाख किलोमीटर ही तय कर रहा है लेकिन इसके बावजूद पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष में मौसम संबंधी समस्याओं, जलवायु परिवर्तन खगोल विज्ञान के कई रहस्य समझने में मदद देगा, जो पृथ्वी पर रहकर नहीं मिल सकते हैं। चूंकि आदित्य-एल1 का 2 सितंबर 2023 को सुबह सफल प्रक्षेपण हुआ, इसलिए आज हम पीआईबी मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चंद्रयान-3 से चंद्रमा पर चमत्कार अब आदित्य-एल1से सूर्य को नमस्कार। साथियों बात अगर हम आदित्य -एल1 मिशन के फायदों की करें तो,इसरो के मुताबिक, सूर्य हमारे सबसे करीब मौजूद तारा है। यह तारों के अध्ययन में हमारी सबसे ज्यादा मदद कर सकता है। इससे मिली जानकारियां दूसरे तारों, हमारी आकाश गंगा और खगोल विज्ञान के कई रहस्य और नियम समझने में मदद करेंगी। हमारी पृथ्वी से सूर्य करीब 15 करोड़ किमी दूर है। आदित्य-एल1 वैसे तो इस दूरी का महज एक प्रतिशत ही तय कर रहा है, लेकिन इतनी सी दूरी तय करके भी यह सूर्य के बारे में हमें ऐसी कई जानकारियां देगा, जो पृथ्वी से पता करना संभव नहीं होता।जानकारी के अनुसार आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल-1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा के यथास्थिति अवलोकन के लिए बनाया गया है। एल-1 पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर है। एक जानकार के अनुसार आदित्य एल-1 मिशन पर इसरो के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह मिशन बहुत महत्वपूर्ण है।

## जो दिखता है वो होता नहीं

**डॉ. सुरेश कुमार**

**हमारे एक** मित्र हैं। बहुत दिनों से बीमार चल रहे हैं। बहुत दिनों से बीमार हैं, इसलिए उनसे मिजाजपुर्सी करने का समय नहीं मिल रहा है। ऊपर से आजकल वे सत्ता में भी नहीं है। बिन सत्ता के बंदे किसी काम के नहीं होते हैं। उनके पास कुछ हो न हो समय बहुत होता है। जब मन चाहा तब जाकर मिल लिये। एक दिन उन्हीं के घर की ओर कुछ पड़ गया। सोचा चलो एक साथ दो काम हो जायेंगे। मैं मिलने चला गया।

भाभी जी भाई साहब को टॉनिक पिला रही थीं। मुझे देखते ही उठ खड़ी हुई। न जाने भाभी जी कैसे मेरे मन की बात भांप गई वह कह उठीं - कहते हैं जब दर्द हद से गुजर जाए और दूर-दूर कोई इलाज दिखाई न दे तब दर्द को ही दवा मान लेना चाहिए। शादी की शुरूआत में भाभी जी सामान्य सी महिला लगती थी, अब वह दार्शनिक हो गई हैं।

भाभीजी सुना है भाई साहब बीमार हैं, क्या हो गया ? मैंने पूछा। क्या बताऊँ, एक महीने से उछल रहे हैं, डाक्टर कहते हैं चुनावेरिया हो गया है। नेतागिरी के मच्छर ने काटा होगा। मैं तो हमेशा कछुआ छाप लगा के रखती हूं। घर में तो कछुआ छाप हम भी लगाते हैं पर ये बाहर गधों के बीच ही रहते हैं और ढेंच-ढेंचू करते रहते हैं ना। अरे ब्बाप रे ! तब तो तगड़ा इन्फेक्शन होगा !! .... इलाज चल रहा है ?
दिखवाया तो है, डाक्टर बोले अच्छा हुआ समय पर ले आए वरना केस बिगड़ कर चमगादड़ बनकर उल्टा लटक जाते।
क्या होता है चमगादड़ बनने से?!
उल्टे-सीधे वादे करने लगते हैं।
दिखाई-सुनाई कम पड़ता है, खून में ईमानदारी के प्लेटलेट्स बहुत कम हो जाते हैं, लाज-शरम खत्म हो जाती है, दिन-रात खाने की सूझती है, पेट हमेशा खाली महसूस होता है.....। जांच करवाई ? कुछ निकला? इनसे मुश्किल यही है कि जो दिखता हैं वह है नहीं, जो नहीं है, वही दिखता है।

# '17 को परशुराम धर्मशाला में होगी महापंचायत'

## चेयरमैन बलवान शर्मा अहर ने कमेटी सदस्यों के साथ की पत्रकार वार्ता

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन** ब्राहमण समाज की 21 सदस्यीय कमेटी के चेयरमैन बलवान शर्मा अहर ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा समाज की एकता को तोडने के प्रयास किये जा रहे है लेकिन वे पानीपत जिला में ब्राहमण समाज की एकजुटता को लेकर निरंतर कौशिश कर रहे है। वहीं कुछ लोगों ने 27 अगस्त को परशुराम धर्मशाला में पंचायत करके सतीश शर्मा को प्रधान चुना गया जोकि पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि सर्व ब्राहमण सभा के जिला प्रधान रामरतन शर्मा का कायार्काल अभी 6 माह बाकि है और अगले 6 माह तक वहीं ब्राहमण सभा के जिला प्रधान रहेंगे। उसके उपरांत ही समाज द्वारा अगले जिला प्रधान का चुनाव किया जाएगा। बलवान शर्मा ने कहा कि समाज को एकजुट करने को लेकर गोहाना रोड स्थित परशुराम धर्मशाला में 17 सितंबर को ब्राहमण समाज की जिला स्तरीय महापंचायत होगी और



उसमें पानीपत जिला का ब्राहमण समाज एकजुटता को लेकर फैसला लेगा। बलवान शर्मा अहर रविवार को स्काईलार्क में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 27 अगस्त को जिला प्रधान के चुनाव के नाम पर परशुराम धर्मशाला में जो प्रकरण किया गया, उससे समाज की एकजुटता पर असर पडा है। समाज को एकजुट रखने को लेकर ही अब महापंचायत बुलाई गई है। वे अपने पूरी टीम के साथ जिलाभर के सभी गांवों में जाकर ब्राहमण समाज के गणमान्य लोगों को 17 सितंबर को परशुराम धर्मशाला में होने वाली महापंचायत में

**एकजुट**

**कुछ लोगों द्वारा समाज की एकता को तोडने के प्रयास किये जा रहे है लेकिन ब्राहमण समाज की एकजुटता को लेकर निरंतर कोशिश कर रहे हैं**

पहुंचने का न्योता देंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को ब्राहमण समाज की एकता में दरार डालने का काम नहीं करने देंगे। ब्राहमण समाज एकजुट रहकर ही अपने हकों के लिये लडाई लड सकता है।

इस अवसर पर राधेश्याम छदिया, डीके पंडित एडवोकेट, रामचंद्र अलुपूर, धर्मबीर बांध, जयदेव नौल्था, संदीप कौशिक, अशोक शर्मा बडौली, महाबीर मांडी व संदीप गोयला कलां मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना में 56 योजनाओं का किया गया चयन: डीसी

**पानीपत,कमाल हुसैन** डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवारों को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए मदद दी जा रही है। साथ ही स्वरोजगार के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना में 18 विभागों की 56 योजनाओं का चयन किया गया है। इनके अलावा, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भी इस योजना के साथ जोड़ा गया है। इन सभी विभागों और उनकी योजनाओं को पोर्टल पर अपलोड किया गया है ताकि कोई भी व्यक्ति कभी भी और कहीं पर भी इनकी जानकारी हासिल कर सके। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल पर योजनाओं की जानकारी के अलावा, पात्रता व लाभ का विवरण भी दिया गया है। इसी पोर्टल पर पात्र व्यक्ति योजना के लिए आवेदन भी कर सकता है। उन्होंने आह्वान किया कि जिन परिवारों ने इस योजना का लाभ उठाया है, वे अन्य परिवारों को भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें।

### श्लोक गायन एवं चौपाई गायन प्रतियोगिता का किया आयोजन

**सोनीपत**: भारत विकास परिषद कि सोनीपत शाखा,राजमार्ग शाखा प्रबुद्धा शाखा द्वारा 'सांस्कृतिक माह' के अंतर्गत श्लोक गायन एवं चौपाई गायन प्रतियोगिता का आयोजन ओंटोजनी स्कूल ऑफ एक्सीलैंस,सोनीपत) के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस तरह की प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभा का विकास करना तथा उन्हें सार्वजनिक मंच प्रदान कर और अधिक निखारना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ० अनुराग अरोड़ा,डॉ०सुधीर गर्ग,डॉ०आर के गुप्ता,नीरज शर्मा,सुरजीत दहिया,रवि मित्तल,अशोक गोयंका, हरिओम उपाध्याय, डॉ०विनीत,राजेश गुप्ता, सुरेश पराशर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम की प्रस्तुति द्वारा कार्यक्रम शुरू किया गया।यह प्रतियोगिता दोनों वर्गों कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग में हुई जिसमें सोनीपत जिले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं अपनी अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपनी गायन शैली से सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल मे राजकुमार शास्त्री,डॉ० अनीता गोयल,डॉ० राजकुमार जिंदल ने निष्पक्ष निर्णय के द्वारा प्रथम , द्वितीय व तृतीय आने वाले विजेताओं के नाम घोषित किया। चौपाई/श्लोक वाचन में कनिष्ठ वर्ग में देशना(ऋषिकुल विद्यापीठ )प्रथम, नमन ( डी . ए.वी.मल्टीपर्पज )द्वितीय , ईशान (श्रीजी इंटरनेशनल ) तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा वरिष्ठ वर्ग में वीर (डी. ए.वी. मल्टीपर्पज )प्रथम, ध्वनि ( लिटिल एंजेल) ने द्वितीय व महिमा (ऋषिकुल विद्यापीठ , गोहाना रोड़ ) तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम संयोजक श्री हरिओम उपाध्याय,योगेश जैन एवं रेनू गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को उनकी शानदार प्रस्तुति के लिए प्रोत्साहित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में मंच संचालन शारदा रेलन, प्रवेश संधू,कविता पूनिया,रेणु गुप्ता द्वारा किया गया।कार्यक्रम के अंत में भारत विकास परिषद द्वारा ओंटोजोनि विद्यालय की प्राचार्या मोना सिंह एवं विद्यालय के प्रशाशक फ्लाइंग ऑफिसर नरेंद्र शर्मा एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया तथा सभी विजेता प्रतिभागियों को भाविप के प्रशस्ती पत्रों द्वारा पुरुस्कृत किया गया तथा मुख्यातिथि को भारत विकास परिषद का स्मृति चिन्ह एवं पौधा देकर सम्मानित किया एवं राष्ट्रीयगान द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

### पानीपत के एकमात्र डॉ. जयश्री क्लासिकल होम्योपैथी क्लीनिक का एक साल पूरा

**पानीपत, कमाल हुसैन**
होम्योपैथी में एक रोग की सैकड़ों दवाएं हैं, किस व्यक्ति को कौन सी दवा ज्यादा और सटीक तरीके से लाभ पहुंचायेगी यह उस व्यक्ति विशेष की प्रकृति, उसकी पसंद-नापसंद, उसके पूर्व के जीवनकाल और वर्तमान में उसकी मन: स्थिति की हिस्ट्री पर निर्भर करती है। यह कहना है पानीपत की एकमात्र क्लासिकल होम्योपैथी डॉ. जयश्री मलिक का। उन्होंने रविवार को क्लीनिक पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि क्लासिकल होम्योपैथी में छोटे-छोटे लक्षणों को सही दवा के चुनाव के लिए आवश्यक माना गया है। इसीलिए होम्योपैथी में किसी रोग की एक दवा सभी को बराबर फायदा करे यह आवश्यक नहीं है, रोगी विशेष की हिस्ट्री के अनुसार चुनी गयी दवा सटीक फायदा करती है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी इलाज में रोगी के छोटे-छोटे लक्षणों को पहले समझा जाता है, इसके बाद ही रोगी का इलाज शुरू किया जाता है।

**पुरानी व आसाध्य बीमारियों का इलाज सिर्फ होमियोपैथी में संभव: डॉ जयश्री**
मालिक ने बताया कि अक़्सर लोग कहते है होम्योपैथिक देर से असर करती है लेकिन सच्चाई यह है कि मरीज ही एक अच्छे होम्योपैथ के पास देर से पहुँचता है, यदि सही समय पर होम्योपैथिक इलाज करवाया जाए तो गंभीर से गंभीर बीमारियाँ भी कुछ ही हफ्तों में ठीक हो जाती है। डॉ. जयश्री मलिक ने बताया कि अगर कोई मरीज होम्योपैथिक दवाएं लेने के साथ एलोपैथिक उपचार कर रहा है तो इस बारे में डॉक्टर को जरूर बताना चाहिए। चिकित्सक की सलाह के बिना कोई भी दवा लेना बंद न करें।

## रुद्रांश शर्मा का जिला क्रिकेट टीम में हुआ चयन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** धन्ना भगत पब्लिक स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्र रुद्रांश शर्मा का चयन जिला क्रिकेट टीम में हुआ है। वह अंडर-14 में खेलेंगे। प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता अब आठ और नौ सितंबर को झज्जर में होगी। मैच कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में हुए। पहला मैच थानेसर और पिहोवा टीम के बीच हुआ, जिसमें थानेसर की टीम ने एक तरफा मैच में जीत दर्ज की। लाडवा और शाहाबाद टीम के बीच हुआ, जिसमें लाडवा विजयी रही। इसके बाद थानेसर और लाडवा टीम के बीच मैच हुआ। इसमें भी थानेसर



टीम ने एक तरफा जीत हासिल की। इसके बाद जिला स्तरीय टीम का चयन किया गया। इसमें धन्ना भगत पब्लिक स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्र रुद्रांश शर्मा का चयन हुआ है।

## बीपीएल कार्ड कटने के कारण महिलाओं ने की संदीप से मुलाकात

### बीपीएल राशन कार्ड व फैमिली आईडी में आ रही दिक्कतों को सरकार को दूर करनी चाहिएः गर्ग

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक )**लाडवा के वार्ड 15 में रविवार को वार्ड की महिलाओं व लोगों ने स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग से नए सर्वे के अनुसार उनके बीपीएल कार्ड कटने के कारण मुलाकात की। वार्डवासी संदीप कुमार, संगीता, सीता, रजनी, वंशिका, पर्मिला, सुनहरी, बेबी, रजनी, रेखा, काजल, रमा, सोनी शर्मा, रामकुमार, पवन, राजेश, रमेश चालिया, बलवंत राय आदि ने संदीप गर्ग से गुहार लगाई गई कि उनके द्वारा अब उनके कटे बीपीएल राशन कार्ड दोबारा



बनवाए जाए। वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने महिलाओं व लोगों से मुलाकात कर कहा कि जिन भी लोगों के बीपीएल राशन कार्ड से नाम कट गए हैं या फैमिली आईडी में किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत हो गई है उसे तुरंत प्रभाव से सरकार को दूर करना चाहिए ताकि जरूरतमंद लोगों को अपनी जरूरतों के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो भी इस

**समस्या**

**फैमिली आईडी में किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत हो गई है उसे तुरंत प्रभाव से सरकार को दूर करना चाहिए**

प्रकार की गड़बड़ी राशन कार्ड आदि में करवाई गई है उसकी तुरंत प्रभाव से सर्वे करवाकर सभी के ठीक करवाने चाहिए ताकि हल्के की जनता को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। मौके पर भारी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## जूनियर किक बॉक्सिंग के पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
राष्ट्रीय स्तरीय जूनियर किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन रांची झारखंड में हुआ। जिसमें पानीपत के राधा कृष्ण हाई स्कूल 8 मरला के विद्यार्थियों हरदीप अंबिका और अमित ने भाग लिया। जिसमें अमित पुत्र रमेश ने अलग-अलग राज्यों के प्रतियोगियों को हराकर कांस्य पदक प्राप्त किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल में बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया । इस अवसर पर बच्चों व कोच राहुल को प्रिंसिपल वीरेंद्र तोमर ने फूलों की माला पहन'कर व अमित को नोटों की माला पहन'कर सम्मानित किया ।



स्कूल प्रबंधक प्रकाशी देवी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अमित द्वारा कांस्य पदक लाने पर इसे केवल स्कूल की उपलब्धि नहीं पूरे हरियाणा राज्य की उपलब्धि बताया ' इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक प्रकाशी देवी प्रिंसिपल वीरेंद्र तोमर कोच राहुल व अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

## साईकिल रैली का सांपला पहुंचने पर भाजयुमो ने किया भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक।** नशा मुक्ति का संदेश लेकर सांपला पहुंची साईकिल यात्रा का भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवीन ढुल की अध्यक्षता में भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका एव वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश नान्दल की गरीमामयी उपस्थित में भव्य स्वागत करते हुए आगे के लिए रवाना किया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नशा मुक्ति के लिए जिले में पहुंचीं साईकिल यात्रा का सांपला से रोहतक तक युवा मोर्चा के पदाधिकारियों नें भव्य स्वागत किया।



यात्रा के स्वागत में नशा मुक्ति की युवाओं को शपथ दिलाई गई। करनाल से 1 सितम्बर को आरम्भ हुई यह यात्रा 25 सितम्बर को करनाल मे ही सम्पन्न होगी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन ढुल नें कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह अनुकरणीय मुहिम चलाई है। हर किसी को इस मुहिम का हिस्सा बनते हुए हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए।

## राधे-राधे जपो चले आएंगे बिहारी भजन से श्री कृष्णमय हुई नगरी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (दलबीर मलिक)** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण मंदिर सभा द्वारा निकाली जा रही प्रभातफेरियों की श्रृंखला में रविवार की प्रभातफेरी हुडा में उद्योगपति राम कुमार गर्ग व प्रवीण गर्ग आयोजित करवाई गई। पं. कमलेश्वर प्रसाद ने विधिवत्त पूजा अर्चना करवाई। भजन मंडली में राम कृष्ण हसीजा, त्रिलोक आहूजा, वेद गगनेजा, संजीव सचदेवा, रवि शर्मा, गिरीश आनंद, नागेश शर्मा, सुनील वत्स, संतोष गर्ग, रविराज, प्रदीप करावा ने भगवान श्री कृष्ण के सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। संतोष गर्ग द्वारा भी गाए भजन से पूरी नगरी श्री कृष्णमय हो गई। मंदिर सभा की



ओर से प्रधान ढूंढराज आनंद, पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी, विधायक रामकरण काला, नपा प्रधान गुलशन कवातरा, पूर्व नपा प्रधान हरीश कवातरा, त्रिलोचन सिंह हांडा, आरडी गुप्ता, कुलवंत रफीक, लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री राजकुमार चुघ, सुशील शर्मा सहित सभा के सदस्यों ने आयोजक गर्ग परिवार को स्मृति चिंह भेंट किया। इस अवसर पर आशुतोष गर्ग, मुलखराज गुम्बर, प्रेम सपड़ा, राकेश सपड़ा, नीरज गुप्ता, राकेश अग्रवाल, हरीश मुंजाल, अमित गुप्ता, राजू चावला, बलदेवराज

**कान्हा की भक्ति**

**प्रभातफेरी हुडा में उद्योगपति राम कुमार गर्ग व प्रवीण गर्ग आयोजित करवाई गई**

सेठी, भगत राम गगनेजा, सुरिंदर शर्मा, सुखदेव शर्मा, अनिल सचदेवा, दिनेश सचदेवा, श्याम सुंदर सचदेवा, ओम प्रकाश मदान, पंकज बुद्धिराजा, कृष्ण सचदेवा, अमित सचदेवा, दरबारी लाल, विजय धवन, सुभाष हंस, अवशीष शर्मा, प्रवीण मदान, नरेंद्र मदान सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## हकेवि में विश्व संस्कृत सप्ताह का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंद्रगढ़।** हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ में संस्कृत विभाग व संस्कृतभारती के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित ह्लविश्वसंस्कृतसप्ताहह्व का समापन हो गया। इस विश्व संस्कृत सप्ताह में संस्कृतसंभाषण, प्रश्नमंच आदि विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने समापन समारोह में दीपप्रज्वलन करते हुए विश्वसंस्कृतसप्ताह के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी तथा संस्कृत भाषा के महत्व से सभी को अवगत कराया। विश्वविद्यालय की सम-कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने अपने उद्बोधन में संस्कृत में निहित ज्ञानराशि को अन्य विषयों के साथ जोड़कर शोध करने पर बल दिया।

## पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने 64वां इंडियन ऑयल दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पानीपत रिफाइनरी** एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने 64वां इंडियन ऑयल दिवस मनाया। इस दिवस पर कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख पीआरपीसी एम एल डहरिया के नेतृत्व में पीआरपीसी परिवार के सदस्यों द्वारा वॉकथॉन, स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 से अधिक



कर्मचारियों ने रक्तदान किया। इसके अलावा एम एल डहरिया ने जरूरतमंदों के लिए कपड़ों से भरे एक मिनी ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने पीआर क्यूसी लैब में नव स्थापित एक्ससीपी सीएफआर ऑक्टेन एनालाइजर का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष तथा आफिसर्स एसोसिएशन के सचिव भी मौजूद रहे।

## आने वाले चुनावों में धर्म नही कर्म के नाम पर वोट मांगे बीजेपी :सुरेंद्र अहलावत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**ट**प्रदेश के नूंह में हुई हिंसा निदनीय है और इसकी जितनी भर्त्सना की जाएं इतनी कम है, शांत प्रिय प्रदेश को किसने अपने मंसूबों को पूरा करने के लिए इसे जलाने की नापाक कोशिश कि है इसकी हाईकोर्ट की निगरानी में उच्च स्तरीय जांच की होनी चाहिए। हरियाणा शांत प्रिय प्रदेश है और यहां की जनता राजनीतिक रूप से परिपक्व है वोट की राजनीति के लिए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के मंसूबे इस प्रदेश में पूरे होने वाले नहीं है यह विचार सर्वजातीय जन पंचायत के अध्यक्ष सुरेंद्र अहलावत ने सेक्टर



25 स्तिथ कार्यालय में मासिक पंचायत को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते व्यक्त किए , उन्होंने कहा की हिंसा पर मुख्यमंत्री , गृह मंत्री और हरियाणा पुलिस के ब्यान विरोधाभासी है।घटना के तुरंत बाद मुख्यमंत्री और हरियाणा के गृहमंत्री के बयान थे कि हिंसा पूर्व नियोजित है लेकिन बाद में पुलिस अधिकारियों ने प्रेस कांफ्रेंस में स्पष्ट किया कि हिंसा पूर्व नियोजित नही बल्कि अचानक से हुई थी।

### 'ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में एकता की भावना पैदा होती है और उनका बौद्धिक विकास होता है'

## पर्ल इंटरनेशनल स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
पर्ल इंटरनेशनल स्कूल द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल, सलपानी शाखा की प्रिंसीपल सरिता मेहता ने कहा कि समाज में जन्माष्टमी को उत्साह, सहयोग, और सामर्थ्य की भावना को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्कूल प्रिंसीपल को बधाई दी और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों

**त्यौहार**

**समाज में जन्माष्टमी को उत्साह, सहयोग, और सामर्थ्य की भावना को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है**

में एकता की भावना पैदा होती है और उनका बौद्धिक विकास होता है।स्कूल की प्रिंसीपल दीपशिखा बेनीवाल ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन का धन्यवाद किया व मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि



जन्माष्टमी के अवसर पर स्कूल के सभी बच्चे भगवान कृष्ण व राधा की पोशाक पहनकर सजधज स्कूल में आए तथा विभिन्न आयु वर्ग के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में भागीदारी की। दीपशिखा बेनीवाल ने बताया कि नन्हें मुन्हें बच्चों ने कृष्ण राधा रानी, फैंसी ड्रैस, कलरिंग, रैम्प वॉक विद फैमिली, सोलो डांस, रासलीला, बाल गोपाल, आर्ट कंटेस्ट, कहानी, श्लोक पाठ आदि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसकों सभी ने सराहा। पर्ल स्कूल के नन्हे मुन्हें बच्चों द्वारा सुंदर झांकिया निकाली गई। अंत में मुख्यातिथि सरिता मेहता ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया तथा आगे भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की शिक्षिकाएं सुमिति, ममता भटनागर, नीरू शर्मा, निशा कौशिक, प्रिया, सीमा, कंवलजीत, रंजीता, अंशू मेहता, परवीन कौर, नेहा, मीनाक्षी सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# जी-20 समिट की सुरक्षा करेगा नेत्र एयरक्राफ्ट

● दिल्ली के एयर स्पेस की मॉनिटरिंग करेगा, बालाकोट स्ट्राइक के समय पाकिस्तानी एफ-16 की निगरानी की थी

**सुरक्षा**

**जी20 समिट के लिए केंद्र सरकार ने लेफ्ट हैंड ड्राइव कारें मंगाई हैं ये गाड़ियां बुलेट-प्रूफ होंगी**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** में 9 और 10 सितंबर को होने वाली जी-20 समिट में 19 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपति समेत ब्रिटेन और जापान के प्रधानमंत्री भी आएंगे। भारत विदेशी मेहमानों की सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था कर रहा है। भारतीय वायुसेना हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए स्वदेशी सर्विलांस और मॉनिटरिंग एयरक्राफ्ट 'नेत्र' तैनात करने की तैयारी कर रही है। वायुसेना का यह एयरक्राफ्ट फरवरी 2019 में बालाकोट स्ट्राइक के समय भी चर्चा में था। तब पाकिस्तानी एफ-16 लड़ाकू विमानों की निगरानी के लिए इसे तैनात किया गया था। दिल्ली की हवाई सुरक्षा के लिए मिसाइलें भी तैनात की जाएंगी। सेना के हेलिकॉप्टर एयर पेट्रोलिंग करेंगे। इनमें एनएसजी कमांडो रहेंगे। समारोह स्थल के आसपास बड़ी और ऊंची इमारतों पर सेना और एनएसजी स्नाइपर तैनात होंगे। पहली बार एंटी ड्रोन सिस्टम लगाया गया है, यानी समिट के दौरान पतंग भी नहीं उड़ेगी। समिट की सुरक्षा के लिए दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरे भी लगाए गए हैं। कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर ये कैमरे तुरंत सुरक्षा अधिकारी को अलर्ट मैसेज भेज देंगे। जहां विदेशी मेहमान ठहरेंगे, वहां एंटी ड्रोन सिस्टम और बुलेट प्रूफ शीशे लगवाए गए हैं। वहीं, आईटी एक्सपर्ट की टीम समिट के दौरान सोशल मीडिया पोस्ट, ट्रेंड्स पर नजर रखेगी। जी20 सम्मेलन के लिए आ रहे वर्ल्ड लीडर्स को चांदनी चौक के स्पेशल फूड और मिलेट्स के अलावा स्ट्रीट फूड परोसा जाएगा। जी20 इंडिया के विशेष सचिव मुक्तेश परदेशी के मुताबिक शिखर सम्मेलन के लिए 10 हजार से ज्यादा लोगों के दिल्ली आने की उम्मीद है। इसके लिए शेफ मेनू को फाइनल टच देने के लिए ओवर टाइम काम कर रहे हैं।

**विदेशी मेहमानों के लिए लेफ्ट हैंड ड्राइव कारें मंगाई गईं:** जी20 समिट के लिए केंद्र सरकार ने लेफ्ट हैंड ड्राइव कारें मंगाई हैं।

ये गाड़ियां बुलेट-प्रूफ होंगी और इनका इस्तेमाल विदेशी मेहमानों को लाने-ले जाने के लिए किया जाएगा।

# बहस के बाद पति ने पत्नी पर किया चाकू से हमला, मौत

**वार किए**

**जांच में पता चला कि दंपति के बीच तीखी बहस हुई और इसी दौरान अजीत ने सीमा को चाकू मार दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मंगोलपुरी इलाके में 38 वर्षीय एक महिला को उसके पति ने चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना का जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) हरेंद्र सिंह ने बताया कि मंगोलपुरी थाने में सूचना मिली कि मंगोलपुरी निवासी सीमा झा अपने पति से झगड़े में घायल होने के बाद संजय गांधी अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां सीमा बयान के लिए अनफिट पाई गई। इस मामले में कोई भी प्रत्यक्षदर्शी वहां मौजूद नहीं था। पुलिस ने बताया कि महिला ने दम तोड़ दिया। डीसीपी ने कहा, महिला के पति अजीत झा को पकड़ लिया गया और उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया था। सीमा की मौत के बाद आरोपित पर आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

बहस के बाद की पति ने पत्नी की हत्याः पुलिस

पुलिस ने बताया कि मामले की शुरूआती जांच में पता चला कि दंपति के बीच तीखी बहस हुई और इसी दौरान अजीत ने सीमा को चाकू मार दिया।

महिला के पेट पर चाकू के दो घाव पाए गए। उन्होंने बताया कि अपराध में इस्तेमाल किया गया रसोई का चाकू भी जब्त कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े दिल्ली में अवैध तरीके से रहने वाले 14 विदेशी नागरिक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के द्वारका जिले में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान व धड़पकड़ के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

**आगे भी जारी रहेगा यह अभियान:** जिले के पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन बताते हैं लगातार अभियान के क्रम में अगस्त महीने के दौरान जिले में 14 विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। सभी को डिपोर्ट किया जा रहा है। यह अभियान आने वाले समय में भी जारी रहेगा। जिले के अंतर्गत सभी थाना पुलिस व जिले की विभिन्न विशेष इकाइयों को ऐसे विदेशी नागरिकों की पहचान के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान में सबसे अधिक सफलता मादक पदार्थ निरोधक दस्ते को मिली। इस दस्ते ने 12 विदेशी नागरिकों को पकड़ा। इसके अलावा मोहन गार्डन थाना पुलिस ने अवैध रुप से रह रहे दो विदेशी नागरिकों को पकड़ा।

# मैनेजर की हत्या में शामिल फरार पांचवां आरोपी अरेस्ट

**पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त स्कूटी बरामद कर ली है। माया व बिलाल ने हरप्रीत व मामा गोविंद के सिर में गोली मार दी थी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भजनपुरा में एमेजोन** के सीनियर मैनेजर हरप्रीत की रोडरेज में गोली मारकर हत्या कर देने में शामिल फरार पांचवे आरोपी अदनान उर्फ डान उर्फ अमन को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में शामिल सरगना मोहम्मद समीर उर्फ माया समेत चार बदमाशों को पुलिस पहले गिरफ्तार कर चुकी है। अदनान के खिलाफ पहले के तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त स्कूटी बरामद कर ली है। माया व बिलाल ने हरप्रीत व उनके मामा गोविंद सिंह के सिर में गोली मार दी थी। उत्तर पूर्वी जिले के रहने वाले माया ने इलाके में वर्चस्व कायम करने के लिए नाबालिग रहते नाबालिगों का गिरोह तैयार किया था, कुछ माह पहले माया समेत गिरोह में शामिल कुछ बदमाश बालिग हो चुके हैं। विशेष आयुक्त अपराध शाखा रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक अदनान, सुभाष मोहल्ला, भजनपुरा का रहने वाला है। इसके पास से बरामद स्कूटी सदरबाजार थानाक्षेत्र से चोरी की पाई गई।

# दिल्ली मेट्रो के टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड की बिक्री सोमवार से होगी शुरू

**लाभ उठाए**

**ये टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड विभिन्न स्टेशनों पर बने विशेष काउंटरों से खरीदे जा सकते हैं।**




**यह हैं विशेष काउंटर स्टेशन:**

**कश्मीरी गेट**, चांदनी चौक, चावड़ी बाजार, नई दिल्ली, राजीव चौक, पटेल चौक, केन्द्रीय सचिवालय, उद्योग भवन, लोक कल्याण मार्ग, जोर बाग, दिल्ली हाट-आईएनए, लाल किला, जामा मस्जिद, दिल्ली गेट, आईटीओ, मंडी हाउस, जनपथ, खान मार्केट, जेएलएन स्टेडियम, जंगपुरा, लाजपत नगर, बाराखंभा रोड, आरके आश्रम, झंडेवालान, सुप्रीम कोर्ट, इंद्रप्रस्थ, साउथ एक्सटेंशन, सरोजिनी नगर, छतरपुर, कुतुब मीनार, हौज खास, नेहरू प्लेस, कालकाजी मंदिर, अक्षरधाम, टर्मिनल-1 आईजीआई व कारोल बाग शामिल हैं।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जी-20** शिखर सम्मेलन के मद्देनजर दिल्ली दर्शन के इच्छुक जी-20 प्रतिनिधियों और विदेशी पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दिल्ली मेट्रो अपने चुनिंदा मेट्रो स्टेशनों के विशेष काउंटरों से सोमवार (4 सितंबर) से अगले दस दिनों के लिए टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड की बिक्री शुरू करेगी। अनगिनत फेरों के लिए मान्य ये टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड विभिन्न स्टेशनों पर बने विशेष काउंटरों से खरीदे जा सकते हैं। ये दो प्रकार के होंगे- पहला, एक दिन के लिए मान्य और दूसरा, तीन दिन के लिए मान्य। एक दिन की मान्यता वाला टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड 200 रुपये का होगा जबकि तीन दिन की मान्यता वाला कार्ड 500 रुपये का होगा। इसमें लौटायी जा सकने योग्य 50 रुपये की सुरक्षा जमा राशि भी शामिल है। अनगिनत फेरों के अलावा ये कार्ड पर्यटकों के लिए बहुत फायदेमंद हैं जिससे वे समूचे नेटवर्क पर उस दिन की पहली ट्रेन से लेकर आखिरी ट्रेन तक में बिना किसी रुकावट के यात्रा कर सकते हैं। किसी भी स्टेशन पर प्रवेश/निकास, सिस्टम में ज्यादा देर तक ठहरने, अधिक दूरी तक यात्रा करने आदि के लिए टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड पर कोई जुर्माना या अतिरिक्त चार्ज नहीं लगाया जाएगा। दिल्ली मेट्रो नेटवर्क भारत का सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है जो दिल्ली महानगर के लगभग सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों से जुड़ा है। इनमें लाल किला, जामा मस्जिद, अक्षरधाम मंदिर, कालकाजी मंदिर आदि कुछ उल्लेखनीय स्थल हैं। पर्यटक इन कार्डों के उपयोग से दिल्ली मेट्रो के विभिन्न कॉरिडोरों पर यात्रा करके निर्बाध रूप से इन पर्यटन स्थलों तक पहुंच सकते हैं। नेटवर्क के बारे में अधिक जानकारी हासिल करने तथा अपनी यात्रा की योजना बनाने के लिए पर्यटक गूगल प्ले स्टोर से दिल्ली मेट्रो रेल ऐप को भी डाउनलोड कर सकते हैं।

# पीसीपी कक्षाएं लाइव देख व सुन सकेंगे दिव्यांग विद्यार्थी



**सुविधाएं**

**दिव्यांग छात्रों को कई प्रकार के सॉफ्टवेयर, ऑडियो बुक, साइन लैंग्वेज विशेषज्ञों का लाभ भी मिलेगा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) के दिव्यांग छात्र अब अपनी पीसीपी कक्षाएं (पर्सनल कॉन्टेक्ट प्रोग्राम) लाइव देख व सुन सकेंगे। दिव्यांग छात्रों को कई प्रकार के सॉफ्टवेयर, ऑडियो बुक, साइन लैंग्वेज विशेषज्ञों का लाभ भी मिलेगा। छात्रों को यह सब सुविधाएं एक सेंटर के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। डीयू का दूरस्थ एवं सतत शिक्षा विभाग दिव्यांग छात्रों को विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अनुभूति सेंटर की सौगात देने जा रहा है। सेंटर के माध्यम से छात्रों को सभी सुविधाएं निःशुल्क मिलेंगी। एसओएल में अभी तक कोई ऐसा सेंटर नहीं है जो कि दिव्यांग छात्रों के लिए सुविधाओं की व्यवस्था करे। दूरस्थ एवं सतत शिक्षा विभाग की निदेशक प्रो. पायल मागो ने बताया कि हम एक ऐसा सेंटर खोलने जा रहे हैं जो कि दिव्यांग छात्रों की हर संभव मदद करेगा। इसे हमने अनुभूति सेंटर का नाम दिया है। इसके तैयार होने से उन्हें कैंपस के कम से कम चक्कर लगाने पड़ेंगे। सेंटर तैयार करने में 20 लाख रुपये से अधिक की लागत आई है। उन्होंने कहा कि हम सामान्य छात्रों के लिए तो सुविधाएं उपलब्ध करा ही रहे हैं अब हमने दिव्यांग छात्रों के लिए भी विशेष व्यवस्थाएं करने की तैयारी की है।

# शेल्टर होम में नाबालिग बच्चे के साथ कुकर्म

**जांच शुरू**

**इस संबंध में स्वाति मालीवाल ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर ट्वीट कर जानकारी दी है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** एक प्राइवेट शेल्टर होम में रहने वाले बच्चे के यौन शोषण का मामला सामने आया है। इस संबंध में दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर ट्वीट कर जानकारी दी है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्वाति मालीवाल ने अपने ट्वीट में बताया कि कल रात हमारी 181 हेल्पलाइन पर एक कॉल आई और बताया कि एक नाबालिग बच्चे के साथ दिल्ली के एक प्राइवेट शेल्टर होम में रहने वाले वहां के दूसरे लड़के ने यौन शोषण किया है। हमने तुरंत पुलिस को सूचना दी और लड़के से मिले। इस मामले में पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। अध्यक्ष ने आगे बताया कि हम इस मामले में दिल्ली पुलिस को कड़ी कार्रवाई करने के लिए नोटिस इशू भी किया है। कल रात हमारी 181 हेल्पलाइन पे कॉल आयी और बताया गया कि एक नाबालिग बच्चे के साथ दिल्ली के एक प्राइवेट शेल्टर होम में वहीं रहने वाले दूसरे लड़के ने यौन शोषण किया है। हमने तुरंत पुलिस को सूचना दी और लड़के से मिले। एफआईआर दर्ज हो गई है। कड़ी कार्यवाही हेतु पुलिस को नोटिस इशू किया है।

# दिल्ली में नाबालिग ने ट्यूशन टीचर का गला काटा



**गिरफ्तार**

**वीडियो वायरल करने की धमकी देता था, यौन शोषण करने बुलाया तो पेपर कटर से मारा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के बाटला हाउस में यौन शोषण से परेशान** 14 साल के लड़के ने अपने ट्यूशन टीचर की हत्या कर दी। घटना 30 अगस्त की है, लेकिन पुलिस 1 सितंबर को नाबालिग तक पहुंच सकी। पुलिस का कहना है कि मरने वाला मोहम्मद वसीम नाम का शख्स नाबालिग का लगातार यौन शोषण कर रहा था। उसने शोषण का वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। 30 अगस्त को भी उसने जामिया नगर में अपने फ्लैट पर नाबालिग को इसलिए बुलाया था। लेकिन लड़के ने मौका पाकर पेपर कटर से वसीम का गला काट दिया।

**फ्लैट से खून बहता देख पड़ोसियों ने पुलिस को बुलाया:** साउथ ईस्ट दिल्ली के डीसीपी राजेश देव के मुताबिक 30 अगस्त को दोपहर करीब 2.15 बजे एक पीसीआर कॉल मिली कि बाटला हाउस, जामिया नगर के एक घर की दूसरी मंजिल पर एक कमरे से खून निकल रहा है और कमरा खुला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि वसीम की लाश फर्श पर पड़ी है और उसकी गर्दन पर गहरी चोट के निशान थे। वसीम अपने परिवार के साथ जाकिर नगर में रहता था। जिस फ्लैट में उसकी हत्या हुई वो किराए पर दिया था। जो कुछ दिन पहले ही खाली हुआ था।

**3 दिन बाद पकड़ा गया नाबालिग हत्यारा:** पुलिस ने वसीम का फोन नंबर सर्विलांस पर डाला, जिसके चलते वह 3 दिन बाद नाबालिग तक पहुंची। पुलिस ने लड़के के पास से वसीम का मोबाइल फोन, घटना के समय पहने हुए कपड़े और जूते भी बरामद कर लिए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने जांच की तो पता चला कि वसीम होमो सेक्सुअल था। वह दो महीने पहले ही लड़के से मिला था और तब से कई बार उसका यौन शोषण कर चुका था।

# सड़क पर लगा जाम तो फुटओवर ब्रिज पर चढ़ाया ऑटो

**नियमों को ठेंगा**

**जाम लगा हुआ था, जिससे बचने के लिए नियमों को ताक पर रखकर ऑटो को फुटओवर ब्रिज पर चढ़ा दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय राजधानी में हर रोज अजीबो-गरीब घटनाएं लोगों को ध्यान अपनी ओर आकर्षित करती रहती हैं। अब ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां एक ऑटो ड्राइवर जाम से बचने के लिए ऑटो को फुट ओवरब्रिज पर चढ़ा दिया। ऑटो ड्राइवर की इस हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल नेटवर्किंग साइट इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही में देखा जा सकता है कि एक फुटओवर ब्रिज पर ऑटो चढ़ा रहा है तो दूसरा व्यक्ति पीछे से ऑटो में धक्का दे रहा है और फिर ऑटो में बैठ जाता है। बताया जा रहा है कि हमदर्द नगर रेड लाइट संगम विहार ट्रैफिक सर्किल पर जाम लगा हुआ था, जिससे बचने के लिए ड्राइवर ने नियमों को ताक पर रखकर ऑटो को फुटओवर ब्रिज पर चढ़ा दिया।

# जी-20: पुलिसकर्मियों को थाने में ही रहकर करनी होगी ड्यूटी, नहीं जा सकेंगे घर

**आदेश जारी**

**ऐसे में जिन पुलिसकर्मियों की जी-20 के दौरान ड्यूटी नहीं लगी है, उन्हें थाने में ही रहकर ड्यूटी करनी होगी**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जी-20** सम्मेलन के दौरान पुलिस के ज्यादातर जवानों को मेहमानों की सुरक्षा व देखरेख में लगाया गया है। इस कारण दिल्ली के थानों में महज 30 से 40 फीसदी स्टाफ ही मौजूद रहेगा। ऐसे में जिन पुलिसकर्मियों की जी-20 के दौरान ड्यूटी नहीं लगी है, उन्हें थाने में ही रहकर ड्यूटी करने का आदेश जारी किया गया है। पुलिसकर्मी घर नहीं जा सकेंगे। 7 से 12 सितंबर तक स्टाफ को थाने, बैरक या पुलिस चौकी में ही रहकर ड्यूटी करने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी जिलों में तैनात बाकी स्टाफ को भी लॉ एंड ऑर्डर की ड्यूटी पर लगा दिया गया है। पिछले दिनों पश्चिम जिला के कई मेट्रो स्टेशनों और सार्वजनिक स्थानों पर खालिस्तान समर्थकों ने देश विरोधी नारे लिख दिए थे। ऐसे में पुलिस अधिकारियों ने पश्चिम और द्वारका जिला पुलिस को ज्यादा अलर्ट रहने के लिए कहा है। दोनों ही जिलों में गश्त बढ़ाने के अलावा पुलिस संदिग्ध लोगों पर नजर रखे हुए हैं। पहले स्वतंत्रता दिवस और बाद में जी-20 को देखते हुए जवानों की छुट्टियां रद्द कर दी गई थीं। इमरजेंसी होने पर ही स्टाफ को छुट्टी लेने के लिए कहा गया है। सूत्रों के मुताबिक, पश्चिम जिला में अभी से थाने में ही रहकर ड्यूटी करने को कहा गया है। वहीं, द्वारका जिला में जो जवान दिल्ली के बाहर से आते हैं, उन्हें अपने-अपने घर जाने से मना करने के अलावा थाने में ही रहकर ड्यूटी करने के लिए कहा गया है। जी-20 के लिए दिल्ली पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए नोडल एजेंसी है। पूरे आयोजन की सुरक्षा के लिए 1.30 लाख जवानों को तैनात किया जाएगा।

# चोरी करने घर में घुसा था युवक, डर कर बालकनी से कूदा, गिरफ्तार

**गिरफ्तारी**

**अफरातफरी में जब वह बालकनी से नीचे कूदा तो घायल हो गया और मौके से भाग नहीं पाया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के अशोक विहार फेस दो इलाके में बुजुर्ग महिला के चिल्लाने की वजह से घर में चोरी करने आया युवक डर गया व बालकनी से कूद गया। अफरातफरी में जब वह बालकनी से नीचे कूदा तो घायल हो गया और मौके से भाग नहीं पाया। इसके बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को बुलाया। पुलिस उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर गई। आरोपित की पहचान शालीमार बाग गांव के कर्ण उर्फ विशाल के रूप में हुई।

**आरोपित ने घर के चोरी किए थे 23 हजार रुपये:** महिला के अनुसार, उसने घर से 23 हजार रुपये चोरी किए थे। अशोक विहार थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में अशोक विहार की बुजुर्ग महिला संगीता ने बताया कि करीब पौने छह बजे उठकर वह कमरे में काम कर रही थी। इसी दौरान उन्होंने देखा कि एक लड़का उनके पीछे खड़ा है। लड़के को देखकर महिला जोर से चिल्लाई तो लड़का डर गया और दौड़कर बालकनी की तरफ गया।

**बालकनी से कूदने पर घायल हुआ युवक:** इसके बाद वह बालकनी से नीचे कूद गया। जब वह और जोर-जोर से चिल्लाई तो आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए। नीचे जाकर देखा तो लड़के के माथे से खून बह रहा था और वह दर्द से कराह रहा था।

## न्यूज फ्लैश

### चलती नैनो कार में लगी आग

**मथुरा:** राया हाथरस रोड पर दौड़ती नैनो कार में अचानक आग लग गई। कार में आग लगते ही कार में सवार चार युवकों ने कूद कर किसी तरह अपनी जान बचा ली। जलती कार को देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। राया थाना क्षेत्र के हाथरस रोड पर नैनो कार से चार युवक कहीं जा रहे थे। बताया गया है कि उसी दौरान कार में धुएं के साथ आग की लपटें उठने लगीं। सवारों को कार रोकने का मौका तक नहीं मिला। चारों चलती कार से कूद गए। ये हादसा देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। आग लगने के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

### माह में दो बार ट्रीटमेंट प्लांट पर रिपोर्ट देंगे मजिस्ट्रेट

**मथुरा।** रविवार को जिलाधिकारी पुलकित खरे ने नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण अगस्त को किया था। यमुना नदी की धारा को प्रदूषण मुक्त रखने एवं शुद्धता बनाये रखने के लिए सभी छह एसटीपी प्लांट के नियमित रूप से पाक्षिक निरीक्षण करने के के लिए मजिस्टेज्टों को नियुक्त किया है। अधिकारी निरीक्षण कर प्रति माह 18 एवं तीन तारीख को समस्त निरीक्षण रिपोर्ट एवं फोटोयुक्त आख्या सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। 30 एमएलडी एसटीपी मसानी के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दूबे एवं डिप्टी कलेक्टर नरेन्द्र सिंह, 6.8 एमएलडी एसटीपी मसानी के लिए नगर मजिस्टेज्ट सौरभ दुबे एवं डिप्टी कलेक्टर कंचन गुप्ता, 16 एमएलडी एसटीपी लक्ष्मीनगर के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानन्द पाण्डेय एवं डिप्टी कलेक्टर इंद्र नन्दन सिंह, 14.5 एमएलडी एसटीपी लक्ष्मीनगर के लिए अपर नगर मजिस्टेज्ट वैभव गुप्ता एवं डिप्टी कलेक्टर राजकुमार भाष्कर, 8 एमएलडी एसटीपी मांट रोड वृन्दावन के लिए ज्वांइट मजिस्टेज्ट अजय जैन एवं डिप्टी कलेक्टर अशोक कुमार, चार एमएलडी एसटीपी पागल बाबा वृन्दावन के लिए डिप्टी कलेक्टर मंयक गोस्वामी एवं डिप्टी कलेक्टर आदेश कुमार की निरीक्षण हेतु ड्यूटी लगाई गई है।

### रातभर ट्रेक्टर के नीचे नाले में दबा रहा युवक, मौत

**मथुरा।** शनिवार की देर शाम थाना हाईवे के गांव महोली के पास बने नाले की पटरी से होकर युवक ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। अचानक ट्रैक्टर नाले में जा गिरा। युवक भी ट्रैक्टर के साथ नाले में गिर गया। अंधेरा होने की वजह से घटना के बारे में किसी को पता नहीं चल सका। रात भर युवक नाले में ही पडा रहा। रविवार की सुबह धर्मेन्द्र नामक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि नाले में ट्रैक्टर गिरा पडा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और केन की मदद से ट्रैक्टर और ट्रैक्टर के चालक को बाहर निकाला। थाना हाईवे के प्रभारी निरीक्षक उमेशचंद त्रिपाठी ने बताया कि धर्मेन्द्र कुमार नामक युवक ने रविवार को सूचना दी कि महोली गांव के पास नाले में एक ट्रैक्टर पलटा पडा है। मौके पर पहुंच कर क्रेन की मदद से ट्रैक्टर को बाहर निकाला गया। चालक को नाले से निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मल्टी लेवल पार्किंग कर्मियों ने श्रद्धालु को धुना

**मथुरा।** गोवर्धन बस अड्डा स्थित मल्टी लेवल कार पार्किंग पर श्रद्धालु को पार्किंग के पैसे देकर पर्ची मांगने के बदले पिटाई मिली। पार्किंग कर्मियों ने श्रद्धालुओं को जमकर पीटा। पीड़ित ने थाना गोवर्धन में घटनाक्रम की तहरीर दी है। रविवार को अर्जुन नायक निवासी हर्ष विहार दिल्ली अपने साथियों के साथ गोवर्धन आए। उन्होंने अपनी गाड़ी मल्टी कार पार्किंग पर खड़ी की और गिरिराज जी की परिक्रमा करने चले गए। परिक्रमा करने के उपरांत वे अपनी गाड़ी लेने कार पार्किंग पर गए। पार्किंग कर्मियों को पैसे देकर रशीद मांगी तो उक्त ने मना कर दिया। कहासुनी होने पर पार्किंग के चार लोगों ने मेरी व मेरे साथियों की पिटाई कर दी। जिससे अर्जुन नायक के सर में चोट आई। पीड़ित ने थाना गोवर्धन में घटनाक्रम की तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमहरि बाजपेई ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### आप ने लगाई गहरा मोहल्ला में तिरंगा शाखा

**मथुरा।** सदर स्थित गहरा मोहल्ला में तिरंगा शाखा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम तिरंगा शाखा के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सैनी ने समवेत राष्ट्रीय गान देश की आन बान शान तिरंगे को सलामी देते हुए प्रारंभ किया। संविधान की प्रस्तावना को सभी के साथ दोहराया। आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने संविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रस्तावना की पहली लाइन में ही हम भारत के लोग का उपयोग किया गया है। हम से इसका तात्पर्य है कि भारत में रहने वाले सभी नागरिक इस संविधान को स्वीकार करते हैं। हम शब्द से ही सामूहिकता प्रदर्शित होती है जिससे पूरे देश की एकता और अखंडता को ताकत मिलती है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यहां एक लंबे समय से सफाई नियमित नहीं होती है। लोग बदबूदार नाले के करीब रहने के लिए मजबूर हैं जिससे विषैले कीटाणु पैदा होते हैं और बीमारी फैलने की संभावना हमेशा बनी रहती है।

# जनसंवाद कार्यक्रमों में मंत्री के समक्ष उभरकर आई नागरिकों के दिल की आवाज

## नागरिक बोले, मंत्री जी, इस पोर्टल ने हम गरीबों को हक दिया है, इसे जारी रखना

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** मंत्री जी। इस पोर्टल ने हम गरीबों को हक दिया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस व्यवस्था को लागू करके पारदर्शी तरीके से असली हकदार को हक देने का कार्य किया है। यह व्यवस्था इसी प्रकार बनी रहनी चाहिए। हरियाणा के जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल ने जब लोगों से पूछा कि आनलाइन पोर्टल और परिवार पहचान पत्र जैसी व्यवस्था को आगे भी जारी रखा जाए या इसे बंद कर दिया जाए,



तो हर जगह ग्रामीणों ने एक ही सुर में इसे जारी रखने का आह्वान किया। ग्रामीणों ने हाथ जोड़कर कहा कि अगर यह व्यवस्था बंद हुई तो दोबारा से भेदभाव शुरू हो जाएगा और गरीबों का हक मारा जाएगा। डॉ बनवारी लाल आज अटेली हलके के गांव गुजरवास, राता कलां, तिगरा, रामबास व ककराला में जन संवाद कार्यक्रमों में नागरिकों से रूबरू होकर हरियाणा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का फीडबैक ले रहे थे। इस मौके पर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार बिना भेदभाव अंत्योदय के सिद्धांत पर चल रही है। इस अंत्योदय के सिद्धांत को लागू करने में तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। नतीजा है कि आज बिना किसी भेदभाव गरीबों को योजनाओं का फायदा मिल रहा है। मुख्यमंत्री की सोच है कि बिना किसी भेदभाव गरीबों को योजनाओं का फायदा मिले। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार आने के बाद व्यवस्थाओं में परिवर्तन हुआ है। अब योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरी दी जा रही है। इस मौके पर उन्होंने मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान के तहत कलश में मिट्टी डालकर शहीदों को नमन किया। इसके अलावा नागरिकों को शपथ भी दिलाई। इस मौके पर एसडीएम नारनौल मनोज कुमार, एसडीएम कनीना सुरेंद्र कुमार, जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ राकेश कुमार, बीजेपी के जिलाध्यक्ष साहित चेयरमैन छोटेलाल व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## सरकारी आवास में तीसरी मंजिल पर मिला बच्चे का शव

**जांच जारी**

**घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने गला घोंटकर हत्या की आशंका जताई**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** कोसीकला में शहर के तालाब शाही स्थित सरकारी आवास में रविवार को तड़के तीसरी मंजिल पर एक बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने गला घोंटकर हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। घटनाक्रम के अनुसार मोहल्ला तालाबशाही के समीप सरकारी आवास बने हुए हैं। यहां मोहल्ले का ही सोहेब अपने परिवार के साथ रहता है। रविवार की तड़के करीब तीन बजे सोहेब के दो वर्ष के पुत्र आलीशान का शव आवास की तीसरी मंजिल पर मिला। जिससे वहां सनसनी फैल गई। बच्चे का शव देकर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि रात करीब एक बजे उसने अपने पुत्र को दूध पिलाकर सुलाया था। जब उसकी तडके आंख खुली तो बच्चा वहां से गायब था। जिसके बाद उसने खोजबीन शुरू की तो आलीशान मृत अवस्था मे आवास की तीसरी मंजिल पर मिला। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक मासूम आलीशान के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## भागवत श्रवण मन को पवित्र करने का एक मात्र उपाय है : शास्त्री

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गढ़ी केसरी स्थित** राधे कृष्ण मंदिर में कंठी माता सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक कार्ष्णि बलदेव कृष्ण शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा साक्षात कल्पवृक्ष है। इसके श्रवण मात्र से मनुष्य के पाप दूर होते हैं। कथा में जो शब्द लिखे हुए हैं वे शब्द भगवान श्रीकृष्ण के शब्द हैं। जिन श्रद्धालुओं ने इस कथा का श्रवण किया है उन पर परमात्मा की अपार अनुकंपा होगी। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा कृष्ण भगवान की शब्दावली है, जिसमें सभी पुराण, चारों वेदों तथा छह शास्त्रों का संपूर्ण ज्ञान अंकित हैं। भागवत श्रवण मन को पवित्र करने का एक मात्र उपाय है। लाखों पुण्यों तथा सद्कर्म के बाद ही व्यक्ति के मन में भागवत




कथा सुनने की इच्छा जागृत होती है। जिसे भागवत श्रवण का अवसर नहीं मिलता उसका जीवन पशु तुल्य है। भागवत कथा की व्यवस्था में प्रदीप कौशिक, मुकेश, सुरेश नंबरदार, श्रीकांत, ईश्वर शर्मा, संदीप त्यागी, विकास त्यागी सहित गढ़ी केसरी के श्रद्धालु अपना सहयोग दे रहे हैं।

## सिंधी समाज की महिलाओं उत्साह से मनाया तीज पर्व

**मथुरा।** सिंधी समाज की महिलाओं ने तीज पर्व उत्साह पूर्वक मनाया। सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर पतियों की दीघार्यु की कामना की। पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार पूजा अर्चना की। चंद्र दर्शन कर व्रत का समापन किया। मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि तीजड़ी पर्व करवा चौथ की तरह ही मनाने की परंपरा समाज में बरसों से चली आ रही है। सुहागिन महिलाएं हाथों पर मेहंदी सजाकर और सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु की कामना के साथ निर्जला उपवास रखती है और श्रद्धा भाव के साथ पूजा अर्चना करती हैं। मुख्य आयोजन गोवर्धन मार्ग स्थित कृष्णा आर्चिड में सिंधी पंडित मोहन लाल महाराज स्वामी के निवास स्थान पर हुआ, जहां पंडिताइन राजकुमारी शर्मा ने तीजड़ी पर्व की रस्म पूर्ण कराई और कथा सुनाई।

## 'जरूरतमंद को समय पर रक्त न मिलने पर टूट जाती है जीवन की डोर'

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** खुबडू गांव में रक्तदान शिविर जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा लगाया गया। शिविर में बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी विरेन्द्र कादियान ने शिरकत की। शिविर में 41 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं का समाज सेवी वीरेंद्र कादयान ने उत्साहवर्धन किया। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए विरेन्द्र कादियान ने कहा कि इलाज की सुविधा होने के बाद भी कई बार लोगों के जीवन की डोर सिर्फ इसलिए टूट जाती है कि उन्हें समय पर खून नहीं मिलता। आज भी लोग गलत धारणाओं के कारण रक्तदान करने में हिचकते हैं,



जबकि रक्तदान करने से रक्तदाता को कई गंभीर बीमारियों से बचाव होता है। ऐसे में रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता होनी अत्यंत आवश्यक है, ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा रक्तदान के लिए आगे आए और जरूरतमंदों को रक्त मिल सके। शिविर में मनजीत चीमा, अमरनाथ ने रक्तदाताओं का हौसल्ला बढ़ाया। संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र ने सभी का आभार जताया।

## 'जजपा 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** बहरोड रोड स्थित महंत दुर्बल नाथ मंदिर में खटीक समाज की ओर से जननायक जनता पार्टी की मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें खटीक समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर जेजेपी के जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा मुख्यातिथि थे, जबकि उनके साथ वरिष्ठ नेता धर्मबीर यादव एवं जजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला संयोजक महेंद्र सिंह खन्ना रिटायर्ड डीजीएम भी उनके साथ थे। यह जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इस मौके पर खटीक समाज के लोगों ने उनका गर्मजोशी से मान-सम्मान



एवं स्वागत किया।

इस मौके पर जेजेपी जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने कहा कि जननायक जनता पार्टी छत्तीस बिरादरी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है तथा सभी कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को दादरी में जेजेपी की लोकसभा

**निमंत्रण**

**जननायक जनता पार्टी की मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें खटीक समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया**

स्तर पर नव संकल्प रैली आयोजित की जा रही है, जिसका निमंत्रण देने के लिए वह आज यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि इस रैली के लिए 4 सितंबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला भी नारनौल आ रहे हैं और हम सभी को मिलकर उनका भव्य स्वागत करना है तथा दादरी रैली में भारी भीड़ जुटानी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के भरोसे ही कोई भी संगठन चुनाव जीत पाता है। इसलिए सभी समाजों के कार्यकर्ता आपस में मिलकर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें। इस मौके पर खटीक समाज के नेताओं ने जिलाध्यक्ष को समाज की तरफ से मांग पत्र सौंपा तथा हर तरह के सहयोग एवं समर्थन का भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से जुड़कर पार्टी के लिए कार्य करेंगे तथा वह उनका मान-सम्मान भी करना चाहते हैं। इसलिए एकबार डिप्टी सीएम का उन्हें आने के लिए समय दिलवाया जाए।

## ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** दुनिया की अग्रणी सीएनसी मशीन निमार्ताओं में से एक, और बाजार हिस्सेदारी की दृष्टि से भारत की दूसरी सबसे बड़ी एवं दुनिया की बारहवीं सबसे बड़ी कंपनी, ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") के यहाँ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("डीआरएचपी") दाखिल किया है।

कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में 1000 करोड़ रुपये का ताजा निर्गम (फ्रेश इश्यू) शामिल है।

कंपनी शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ उधारों की पूर्ण या आंशिक चुकौती और/या पूर्व-भुगतान, हमारी कंपनी की दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के वित्तपोषण के लिए करने का प्रस्ताव करती है। ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन वित्त वर्ष 2022 में भारत की दूसरी सबसे बड़ी सीएनसी मशीन निमार्ता थी और इसकी बाजार हिस्सेदारी लगभग 8% थी।

कंपनी भारत में साइमेल्टिनियस 5-एक्सिस सीएनसी मशीनों की प्रमुख निमार्ता है और यह भारत में सीएनसी मशीनों की एक सबसे विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो की आपूर्तिकर्ता है (स्त्रोतः एफ एंड एस रिपोर्ट) जिनमें सीएनसी टर्निंग सेंटर, सीएनसी टर्न मिल सेंटर, सीएनसी वर्टिकल मशीनिंग सेंटर (वीएमसी), सीएनसी हॉरिजॉन्टल मशीनिंग सेंटर (एचएमसी), साइमेल्टिनियस 3-एक्सिस सीएनसी मशीनिंग सेंटर, साइमेल्टिनियस 5-एक्सिस सीएनसी मशीनिंग केंद्र और मल्टी-टास्किंग मशीनें शामिल हैं। कंपनी को एयरोस्पेस और रक्षा, ऑटो और ऑटो पाट्र्स, सामान्य इंजीनियरिंग, ईएमएस, डाई और मोल्ड्स और अन्य उद्योगों सहित विभिन्न उद्योगों में अपने ग्राहकों को अनुकूलित समाधान प्रदान करने के लिए 2 दशकों से अधिक की उपस्थिति और मजबूत आर एंड डी क्षमताओं में निर्मित अपनी विशेषज्ञता पर भरोसा है।

## कमेटी ने शिशु ग्रह, बाल किशोर सदन का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक जिला कमेटी के सदस्यों ने जिला शिशु ग्रह तथा बाल किशोर सदन का निरीक्षण किया इनके निदेशक राजेश वर्मा ने किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया शिशु सदन में 18 शिशु है जिसमे 11 शिशु पढ़ाई के लिए सरस्वती शिशु मंदिर डैंपियर नगर में शिक्षा ग्रहण करने जाते है उसके बाद शिशु ग्रह में ही शिक्षा ग्रहण कराई जाती है। सात शिशु विकलांग हैं। उनकी फिजियोथेरेपी सदन में ही कराई जाती है। उसके पीछे बने किशोर सदन में करीब 56 किशोरों जो कि अन्य धाराओं में बंद हैं, उन्हें मोटिवेशन के लिये ओम शांति नाम की संस्था अपराध से दूर रहने के लिये मोटिवेट करती हैं। इसके अलावा इस सदन में कंप्यूटर शिक्षा, मोबाइल रिपेयरिंग जैसे अन्य शिक्षाप्रद कार्य सिखाये जाते हैं। जिससे ये यहां से निकल कर अपना जीवनयापन कर सकें।

## प्रभात फेरी संगठन ने देवस्थान से निकाली प्रभात फेरी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल** । राधाकृष्ण प्रभात फेरी संगठन की ओर से हर रविवार को निकाली जाने वाली 33वी प्रभात फेरी मोहल्ला मोहल्ला देवस्थान से आरंभ हुई । प्रभात फेरी के यजमान नीरज अग्रवाल पुत्र श्री प्रेमचंद बजाज ने प्रभात फेरी में सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिलाओं के साथ राधा रानी का गुणगान किया। संगीत की स्वर लहरियों के साथ नृत्य करते हुए प्रभात फेरी यजमान के निवास स्थान से प्रारंभ होकर बड़का कुआं, नौ चौकी हवेली, संघीवाडा,चौड़ी सड़क, हाटा से



होते हुए होते हुए निवास स्थान पर ही संपन्न हुई। मुख्य यजमान ने बताया कि राधा नाम जपने से मन शांत होता है और चिंताओं से राहत मिलती है। यह जप एकाग्रता को बढ़ाता है और मानसिक स्थिरता प्रदान करता है। राधा नाम के जप के द्वारा, मन को चिंताओं और तनाव से मुक्त किया जा सकता है। श्री राधा संकीर्तन रथ के साथ अनेक वाद्य यंत्र बजाते हुए परिक्रमा मार्ग में अनेकों स्थान पर ठाकुर जी की आरती हुई व प्रसाद वितरित किया गया।

प्रभात फेरी के अंत मे रानी संघी के माध्यम से बताया गया की जन्माष्टमी पर्व पर संगठन द्वारा 7 सितंबर को एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन मां चामुंडा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग मानक चौक फूल बाजार महावीर मार्ग से होते हुए मां नैना फतेह मंदिर पर समापन होगा। डीजे ढोल मंजीरा की धुन पर रास्ते गाते हुए तेरे द्वारा मंदिर में दहीहंडी का कार्यक्रम भी रखा गया है तथा इस उत्सव पर एक बहुत बड़ा केक भी काटा जाएगा।

जिस दिन महिलाएं अपने लड्डू गोपाल को भव्य प्रभात फेरी में लेकर आएंगी ,इस दिन लड्डू गोपाल जी नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

## सीएचसी के बाहर कोने पर रखे ट्रांसफार्मर दे रहे हैं हादसे को न्यौता

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** सीएचसी के कोने पर रखे ट्रांसफार्मर हादसे को न्यौता दे रहा है। ट्रांसफार्मर के फेस बिल्कुल नीचे लगाए जाने के कारण हादसे का भय है। लोगों का कहना है कि इस तरफ बिजली निगम के अधिकारी कोई ध्यान नही दे रहे। उन्होंने बताया कि शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के काने पर करीब 4-5 फीट ऊंचाई पर ही प्लाट के अंदर दो ट्रांसफार्मर रखे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नजदीक होने की वजह से पैदल व दुपहिया वाहन चालकों को ट्रांसफार्मर के नजदीक से हो कर गुजरना पड़ता है। दिन में तो किसी तरह हादसे से बचा जा सकता है, लेकिन रात के अंधेरे में किसी भी



अंजान व्यक्ति के साथ हादसा हो सकता है। वहीं आवारा पशु भी विचरण करते समय हादसे का शिकार बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय रहते बिजली निगम के अधिकारियों को इस तरफ ध्यान देना चाहिए और ट्रांसफार्मरों को उचित उंचाई पर लगवाना चाहिए, जिससे हादसे होने से बचा जा सके।

- शिफ्ट करना भूल गया विभाग

उक्त ट्रांसफार्मर को पिछले वर्ष अप्रैल माह में शहर में काफी कम ऊंचाई पर रखे ट्रांसफार्मरों की शिफ्टिंग का कार्य विद्युत निगम द्वारा किया गया था। निगम द्वारा शहर में ऐसे ट्रांसफार्मरों को चिह्नित किया गया है जो लोगों अथवा पशुओं के लिए हादसे का सबब बन सकते थे। निगम ने करीब 25 ऐसे ट्रांसफार्मरों को चिह्नित कर उन्हें ऊंचाई पर शिफ्ट कर दिया गया था, लेकिन अब भी कुछ जगहों पर ट्रांसफार्मर कम ऊंचाई पर रखे हैं जो हादसों को न्यौता दे रहे हैं।

- मौका देखकर सुरक्षा का प्रबंध करवाए जाएंगे : दहिया

शहरी एसडीओ सचिन दहिया ने कहा कि शहर में अधिकतर ट्रांसफार्मर को सुरक्षित ऊंचाई पर रखवाया जा चुका है। यदि अब भी ट्रांसफार्मर कम ऊंचाई पर रखे हैं तो उनका मुआयना करवाया जाएगा।

## हमारी संस्कृति एक धरोहर है, इसलिए हमें संस्कृति को बचाना है : देवेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** आर्य समाज मन्दिर किशनपुरा मण्डी गन्नौर का वार्षिक उत्सव व श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का समापन हुआ। समारोह में मन्नत ग्रुप के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कादियान का कार्यक्रम में पहुंचने पर मन्दिर के सरंक्षक सुरेश बत्रा, प्रधान प्रभूदयाल, प्रचारमंत्री सुरेन्द्र आहूजा आदि ने फूलमालाओं से स्वागत किया। समाजसेवी कादियान ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति एक धरोहर है। हमें संस्कृति को बचाना है। वेद ही सभी धर्मों का मूल है। ऋग्वेद विश्व साहित्य की



प्राचीनतम पुस्तक है। वेद ही मानव जीवन को ऊंचा कर सकता है। यूरोप का समस्त दर्शन विज्ञान वेद के सामने तुच्छ है। जो वेद में कहा गया, वही धर्म है और जो वेद विरुद्ध है, वह अधर्म है। पक्षपात रहित आचरण ही धर्म है। कादियान ने कहा कि ऐसे आयोजन का लक्ष्य ईश्वर, वेद, यज्ञ,दयानन्द और आर्य समाज द्वारा वैदिक मान्यताओं का प्रचार है। वैदिक सिद्धांतों पर भजनोपदेशक आचार्य डा. नरेन्द्र आर्य, सुमित आर्य, संतोष आर्या, सत्यकरण दीवान वैद्दिक संदेश दिया। आचार्य नरेन्द्र ने शान्ति प्राप्त करने, परिवार सुखी कैसे बने, सांसारिक परेशानियों से बचने, स्वस्थ रहने, बच्चे को संस्कारवान बनाने आदि बारे में में बताया। कार्यक्रम की व्यवस्था भगवान सहाय मल्होत्रा,जगदीश व्यास, सुरेन्द्र ,नरेश कमरा, सतीश नम्बरदार, अर्जुन देव मल्होत्रा, मोहन शर्मा, उषा दीवान, सुषमा,मन्जु भुटानी, राज सरदाना आदि ने संभाली।

# रोहिणी में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

● शिविर में 532 लोगों ने कराई स्वास्थ्य की जांच ● शिविर में कई प्रकार के रोगों की जांच नि:शुल्क की गई

**जानकारी ...**

▶▶ शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी, दांतों की जांच, आंखों की जांच, कैल्शियम व दमा की जांच नि:शुल्क की गई।





**तीरथ राज/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के नाहरपुर गांव स्थित पंडित कन्हैया लाल धर्मशाला में मास्टर जी स्वर्गीय राज सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम, आई मंत्रा और कलोव डेंटल के सौजन्य से नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर रिठाला विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र गोयल, रोहिणी क्षेत्र के पूर्व विधायक जय भगवान अग्रवाल, निगम पार्षद धर्मवीर शर्मा, दिल्ली नगर निगम स्टैंडिंग कमेटी के पूर्व डिप्टी चेयरमैन विजेंद्र यादव, बीटीडब्ल्यू के चेयरमैन सतीराम यादव, चीफ इंजीनियर रमेश चंद्र मौजूद रहे। इस मौके पर जानकारी देते हुए अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र यादव ने बताया कि इस शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी, दांतों की जांच, आंखों की जांच, कैल्शियम की जांच, दमा की जांच सहित कई प्रकार की जांच कर दवाइयां नि:शुल्क दी गई। इस अवसर पर लगभग 532 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

इस मौके पर विधायक महेंद्र गोयल ने कहा कि स्वर्गीय राज सिंह यादव बड़े ही अच्छे व्यक्ति थे। और सभी के सुख-दुख में हमेशा ही साथ रहते थे, आज वह हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा किये गये कार्य सदैव हमारे साथ रहेंगे। इस मौके पर समाजसेवी विजय यादव, समाजसेवी चेतन अग्रवाल, भगत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव, आरबी यादव, विजय यादव, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण यादव, नवीन मुंजाल, विनोद शर्मा, जितेंद्र कुशवाहा, डॉक्टर आर एस यादव, हर्मेश यादव, संजय यादव, जितेंद्र यादव, राज बहादुर यादव, त्रिवेणी यादव, राष्ट्रीय सचिव धर्मराज यादव, रासबिहारी मंडल, साहिल यादव, पारस यादव, जेड़ी यादव, जितेंद्र यादव, सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बड़े ही अच्छे व्यक्ति थे मास्टर राज सिंह यादवः मनीष यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नाहर** पुर गांव में लगाये गये शिविर में आये हुए लोगों ने कहा कि मास्टर राज सिंह यादव बड़े ही अच्छे व्यक्ति थे और हमेशा ही सभी के सुख-दुख में साथ रहते थे। उनके कार्यों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। तो वही कार्यक्रम में आये हुए अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष प्रवीन यादव ने कहा कि विजेन्द्र यादव ने बड़ा ही अच्छा कार्य किया है, इस प्रकार के शिविर सभी को आयोजित करने चाहिए, ऐसे शिविरों के आयोजन से लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं घर के समीप ही मिल जाती है, इसलिए सभी अपने-अपने इलाके में इस प्रकार के शिविर



अवश्य ही लगाये। तो वहीं यदुवंशी महासभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव ने भी स्वर्गीय मास्टर राज सिंह यादव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी और कहा कि बाऊ जी जहां पर भी है, उनका आशीर्वाद हम सभी पर बना हुआ है। सभी को उनके बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए।

# 'सिविल डिफेंस वालंटियरों को समय से दिया जाये वेतन'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सिविल** डिफेंस वालंटियरों को विभाग द्वारा कई महीनों से वेतन न मिलने पर राजस्व मंत्री आतिशी ने नाराजगी जताई है। राजस्व मंत्री आतिशी ने विभाग द्वारा पिछले कुछ महीनों से सिविल डिफेंस वालंटियर वेतन न देने के मामले में संज्ञान लेते हुए प्रधान राजस्व सचिव को एक सप्ताह के सभी सिविल डिफेंस वालंटियर का वेतन जारी करने के निर्देश दिए है। प्रधान सचिव (राजस्व) को दिए आदेश में, राजस्व मंत्री आतिशी ने सिविल डिफेंस वालंटियरों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए विभाग को वित्त विभाग के साथ तुरंत समन्वय करने की बात कही है। उन्होंने कहा, "मेरे संज्ञान में आया है कि सिविल डिफेंस वालंटियर विभिन्न सरकारी विभागों में अपनी सेवाएं

**मंत्री ने कहा**

▶▶ कोरोना के दौरान सिविल डिफेंस वालंटियर द्वारा निभाई गई भूमिका असाधारण थी: मंत्री अतिशी

दे रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें पिछले कई महीनों से अपना वेतन नहीं मिला है। यह स्थिति चौंकाने वाली है, और इस पर तुरंत ध्यान दिया जाना चाहिए।" राजस्व मंत्री ने आगे कहा कि कोरोना के दौरान सिविल डिफेंस वालंटियर द्वारा निभाई गई भूमिका असाधारण थी। तब उन्होंने लाखों दिल्लीवालों की मदद की। उन्होंने लोगों को संगठित करने और जरूरतमंद लोगों तक राहत सेवाएं पहुंचाने में सरकार का समर्थन किया है।

# जी-20 शिखर सम्मेलन को देखते हुए एलजी ने किया कई क्षेत्रों का दौरा

**जानकारी**

▶▶ एयरपोर्ट से लेकर होटल तक जहां से भी विदेशी मेहमान गुजरेंगे, वहां किसी आम नागरिक का आना-जाना पूरी तरह से निषेध होगा।





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। राजधानी में होने वाले शिखर सम्मेलन को देखते हुए दिल्ली की सड़कों को सजाया गया है। सड़कों पर गमले रखे गए हैं। इसके अलावा राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दी गई।

**प्रगति मैदान पहुंचे एलजी**

जी-20 को लेकर तैयारियों के बीच दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा अधिकारियों के साथ प्रगति मैदान जायजा लेने पहुंचे। वहां पर उन्होंने तैयारियों और साफ-सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अन्य अधिकारियों के साथ मिनीबस से यात्रा भी की।

**राजघाट का भी एलजी ने किया दौरा**

एलजी वीके सक्सेना और पीएम के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने दिल्ली हवाई अड्डे के टी3 टर्मिनल का भी निरीक्षण किया। इससे पहले वह दिल्ली के राजघाट पर भी तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे। जी-20 सम्मेलन को लेकर दिल्ली को चमकाने के लिए युद्धस्तर पर काम जारी है।

**52 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों से हो रही सफाई**

दिल्ली की महापौर ने कहा कि राजधानी के 12 जोन में 12 हजार से अधिक कूड़ा डालने वाले स्थानों को चिह्नित कर निगम ने 24 घंटों के भीतर उन स्थानों की सफाई करवा दी है। वहीं 52 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों की मदद से सड़कों पर दिन-रात सफाई का कार्य जारी है।

शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों के सुरक्षा चक्र को अभेद्य करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इनके रूट से लेकर ठहरने की जगह तक चप्पे-चप्पे की सुरक्षा का खाका तैयार हो गया है। एयरपोर्ट से लेकर होटल तक जहां से भी विदेशी मेहमान गुजरेंगे, वहां किसी आम नागरिक का आना-जाना पूरी तरह से निषेध होगा।

इसी को ध्यान में रखते हुए उनके संभावित रूट से जुड़ने वाले स्थानीय रास्तों को बंद किया जा रहा है।



'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत संगम पार्क वार्ड में अमृत वाटिका के लिये मिट्टी एकत्रित करते हुए निगम पार्षद सुशील जौंटी व अन्य।

# कांग्रेस 360 गांवों की महापंचायत के निर्णय के साथः लवली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली देहात में रहने वाले लाखों ग्रामीणों के साथ सौतेला व्यवहार किया है और दोनों पार्टियों को सिर्फ चुनाव के समय ही ग्रामीण क्षेत्रों की याद आती है। अरविंदर सिंह लवली ने आज यहां दिल्ली देहात के 360 गांवों की महापंचायत में आए किसानों को उचित ठहराते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी मांगो का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी की सरकारों की गलत नीतियों का नतीजा आज दिल्ली देहात को भुगतना पड़ रहा रहा है। दिल्ली के गांव आज सिमटते जा रहे हैं और इनमें शहर बसाए जा रहे हैं तथा यहां के लोगों को पलायन करने को मजबूर होना पड़ रहा है।



महापंचायत में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉक्टर नरेश कुमार, पूर्व विधायक विजय लोचव, निगम पार्षद मंदीप सिंह सहित भारी तादाद में ग्रामीणों ने भाग लिया ।

अरविंदर सिंह लवली ने याद दिलाया कि जब वह दिल्ली सरकार में शहरी विकास मंत्री थे तो उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के साथ ग्रामीण क्षेत्रों

**कांग्रेस ने कहा...**

▶▶ सरकार देहात के गांवों में टैक्स तत्काल समाप्त करे जैसे दिल्ली की कांग्रेस सरकार ने समाप्त कराया था: अरविन्दर सिंह लवली

में टैक्स लगाने के प्रस्ताव को समाप्त कराया था। उन्होंने दिल्ली देहात के गांवों में जो टैक्स लगाए गये है उनका पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी को किसानों तथा ग्रामीणों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। अरविंदर सिंह लवली ने राजधानी के लाल डोरा इलाके में हाउस टैक्स नहीं लगने, ग्रामीण आबादी का नियमितीकरण करने, भूमिहीनों को जमीन का मालिकाना हक देने, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 20 सूत्रीय कार्यक्रम को लागू करने, दिल्ली भूमि सुधार कानून की धाराओं 81 और 33 को समाप्त करने की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों के हक की लड़ाई लड़ती आई है और वह कभी भी पीछे नहीं हटेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में घुसपैठ करने की भाजपा तथा आम आदमी पार्टी की साजिशों को नाकाम कर किसानों एवं स्थानीय लोगों के हितों की लड़ाई जारी रहेगी। अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि दिल्ली की आप सरकार जनता से किए वायदे पूरा करने की जगह कोरी बहानेबाजी करते है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण गांव घेवरा में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी है, जिसके बारे में केजरीवाल ने वर्षो पहले घोषणा की थी, लेकिन उस जमीन पर आज एक ईंट भी नहीं लगाई गई है। जो उनकी कथनी और करनी में अंतर बताता है।

# भारतीय दर्शन में महिलाओं को दिए गए स्थान के पुनर्जागरण की आवश्यकताः डॉ. कृष्ण गोपाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में रविवार को "महिलाः कल, आज और कल" विषय पर नारी शक्ति संगम का आयोजन किया गया।

इसके उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वैदिक काल, उपनिषद काल, रामायण, महाभारत काल और बौद्ध काल में महिलाएं हमेशा पुरुषों से अग्रणी थीं, लेकिन मध्यकाल में विदेशी हवा और विदेशी आक्रांताओं की वजह से महिलाओं पर प्रतिबंध लगाए गए। भारतीय दर्शन में महिलाओं को जो स्थान दिया गया है उसी के पुनर्जागरण की अब आवश्यकता आ गई है।



संघ के झंडेवाला विभाग ने "महिलाः कल, आज और कल" विषयक इस विमर्श का आयोजन किया था।

उद्घाटन सत्र का विषय "भारतीय चिंतन में महिला" था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पद्मविभूषण से अलंकृत प्रख्यात नृत्यांगना एवं राज्यसभा सदस्य सोनल मानसिंह रहीं। सोनल मानसिंह ने कहा कि नारी शक्ति की ऊर्जा से ही सृष्टि बनी हुई है। अब आवश्यकता है कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ के साथ बेटी बढ़ाओ पर भी ध्यान दिया जाए। वर्ण व्यवस्था के द्वारा एक कुंठा पैदा कर दी गई है। जबकि वास्तविकता तो यह है कि नर और नारी मिलकर ही शक्ति बनते हैं। उद्घाटन सत्र के बाद चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। जिसका विषय "वर्तमान में महिलाओं की स्थिति, प्रश्न एवं करणीय कार्य" था। समापन सत्र का विषय "भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका" रही। इसमें मुख्य वक्ता सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता मोनिका अरोड़ा रहीं। उन्होंने कहा कि शिव शक्ति के बिना शव ही हैं। भारतीय संस्कृति की राजदूत महिलाएं हीं हैं। भारतीय दर्शन में महिलाओं की उच्च भूमिका की कहानी दुनिया के समक्ष भारतीय नारी को ही रखनी है, जिसकी शुरूआत अंतरिक्ष विज्ञान में भारतीय महिला वैज्ञानिकों की भूमिका ने कर दी है। इस सत्र की मुख्य अतिथि डॉ. बीआर अम्बेडकर विश्वविद्यालय की उपकुलपति अनु सिंह लावर ने वूमन पावर और वूमन एंपावरमेंट में अंतर बताते हुए कहा कि महिलाएं स्वयं ही ऊजार्वान हैं।

# नरेला के पंजाबी कॉलोनी में श्री खाटू श्याम संकीर्तन में जमकर झूमे श्रद्धालु

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**नरेला** में श्री श्याम मस्ताना मंडल की ओर से श्री खाटू श्याम जी का 31वें मासिक संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने श्याम दरबार में सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। संकीर्तन में सैकड़ो की संख्या में श्री श्याम भक्त मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला में पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री श्याम सदन में श्री श्याम मस्ताना मंडल की ओर से श्री खाटू श्याम जी का 31वां मासिक संकीर्तन का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। जिसमें सभी भक्तों ने श्याम पूजन किया संकीर्तन का शुभारंभ श्री श्याम मस्ताना मंडल द्वारा खाटू



श्याम जी के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात चंदन का तिलक लगाकर पंक्तिबद्ध होकर सभी श्रद्धालुओं ने श्याम दरबार में माथा टेका। संकीर्तन में एनम अग्रवाल तक्षु गोयल, अन्वी, चिराग, प्रतीक, भविष्य गर्ग आदि कलाकारों ने श्याम प्रभु खाटू वाले के भजनों की एक से एक बढ़कर प्रस्तुति देकर



श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान बच्चों एवं महिलाओं ने भी श्याम जी के भजन गए। शाम 7 बजे से शुरू हुए संकीर्तन में देर रात तक श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। इस दौरान हारे के सहारे की जय, श्याम बाबा की जय के जयकारों से दरबार गुंजायमान रहा। संकीर्तन में श्याम दरबार, इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे। श्री श्याम मस्ताना मंडल के प्रतीक बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री श्याम मस्ताना मंडल की ओर से हर माह की 1 तारीख को यह संकीर्तन



सभी के सहयोग से आयोजित किया जाता है। संकीर्तन पश्चात भंडारा वितरण में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पूर्ण लाभ कमाया। संकीर्तन में श्याम मस्ताना मंडल की संस्थापिका शालिका अग्रवाल, प्रतीक बंसल, पारस जैन, नंदिनी, सुजाता, अंकित कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

# जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद ने मैगपाई होटल में सम्मान समारोह का किया आयोजन

सम्मान

**देश में वकीलों की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल जल्द लागू किया जाएगा: डा. आदिश अग्रवाला**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदिश चन्द्र अग्रवाला का फरीदाबाद पहुंचने पर जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद के सौजन्य से मैगपाई होटल मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सुप्रीम कोर्ट् के अधिवक्ता एंव हरियाणा के पूर्व सहायक एडवोकेट जरनल विकास वर्मा, एडवोकेट मनीष वर्मा, एडवोकेट राजेश खटाना द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला बार एसोसिएशन के प्रधान राजेश बैंसला, पूर्व प्रधान जेपी अधाना, पूर्व प्रधान सीनियर एडवोकेट ओ.पी. शर्मा , पूर्व प्रधान एन.के. गर्ग, सचिव ओम दत्त कौशिक,, सीनियर अधिवक्ता आर.पी. वर्मा मौजूद थे। डा. आदिश अग्रवाला ने सम्मान समारोह के दौरान श्री उपस्थित अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में वकीलों की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल जल्द लागू किया जाएगा, ताकि अधिवक्ताओं में आर्थिक एवं प्रोफेशनल सुरक्षा का माहौल कायम रह सकें। श्री अग्रवाला सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव जीतने के बाद पूरे देश में भ्रमण पर निकले हुए है और अधिवक्ताओं के रक्षा के लिए संवाद स्थापित कर रहे है। उन्होंने कहा कि कार्य पालिका एवं न्याय पालिका में भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा और न्याय के खिलाफ हर व्यक्ति को उसके मौलिक अधिकार एवं भारत के संविधान की प्रभुता को बनाए रखने के लिए हमारा संकल्प मजबूत रहेगा। उन्होंने कहा कि पुराने कानूनों में बदलाव कर नवीन कानून आम लोगों के हित में बेहतर होगें। इस मौके पर पूर्व जिला जज जयदेव पाराशर, पूर्व जिला जज बी. दिवाकर, अधिवक्ता प्रकाशवीर नागर, अधिवक्ता कु. राकेश, कु. दलपत सिंह, टैक्स बार एसोसिएशन फरीदाबाद के पूर्व प्रधान संदीप सेठी, वरिष्ठ समाजसेवी डा. एम.पी. सिंह, एडवोकेट सतेन्द्र भड़ाना, अधिवक्ता शशि मिश्रा, संध्या गुप्ता, निबरास अहमद, सीए. के.के. जौहरी, अशोक वर्मा एडवोकेट को समाज में अच्छा कार्य करने के लिए शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर पंजाब एवं हरियाणा बार काऊसिंल के पूर्व वाईस चेयरमैन ओ.पी. शर्मा ने कहा कि अधिवक्ता समाज में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। जिससे आम लोगों तक सामाजिक न्याय पहुंच पाता है। पूर्व प्रधान जे.पी. अधाना ने कहा कि अधिवक्ता को अपने पेशे में ईमानदारी एवं निष्ठा से अपना कार्य करना चाहिए, ताकि न्याय मिलने में देरी न हो।
बार एसोसिएशन के प्रधान राजेश बैंसला ने आदिश अग्रवाला जी को फूल का बुक्का देकर स्वागत किया तथा कहा कि हमारे लिए बहुत ही गौरव एवं गर्व का विषय है कि डा. आदिश अग्रवाला जिला रोहतक हरियाणा से संबंध रखते है और भविष्य में अधिवक्ताओं की समस्याओं को निपटाने में अग्रवाला जी का सहयोग मिलता रहेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता आर.पी. वर्मा ने अग्रवाला जी को पगड़ी पहनाईऔर उनका फरीदाबाद पहुंचने पर धन्यवाद किया। इस मौके पर एडवोकेट निबरास अहमद, महेश यादव, प्रेम दत्त भारद्वाज, दीपक वर्मा, राकेश कुमार, जितेन्द्र सिंगला, दिनेश तोमर, कुलदीप चंदीला, रविन्द्र चपराना, धीरज अधाना, सतेन्द्र अधाना, अमित सिंह, प्रमोद गोयल, मुकेश कुमार, संदीप खटाना, जितेन्द्र खटाना, रोहित चपराना, लक्की सिंगला अधिवक्ता मौजूद थे।

# आयुर्वेदिक ड्रग मेन्युफेक्करर्स एसोसिएशन जल्द करेगी प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा** आयुर्वेदिक ड्रग मेन्युफेक्करर्स एसोसिएशन जल्द ही अपनी प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करेगी। इसके लिए सभी जिला प्रधानों को निर्देश दिए गए हैं कि वह हर जिले से दो-दो एक्जीक्यूटिव सदस्यों के नाम भेजें, ताकि इस पर जल्द ही फैसला लिया जा सके। यह निर्णय एसोसिएशन की रविवार को एक निजी होटल में हुई मीटिंग में लिया गया। मीटिंग की अध्यक्षता प्रदेश प्रधान अनूप भारद्वाज ने की। मीटिंग में प्रदेशभर से लगभग 250 आयुर्वेदिक कारोबारी पहुंचे। इनमें फरीदाबाद, झज्जर, सोनीपत, बहादुरगढ़, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला, कैथल, सिरसा, ऐलनाबाद, रोहतक, पंचकुला, कालका व बरवाला के व्यापारी शामिल रहे। मीटिंग की शुरूआत महासचिव डा. ललित मोहन अंबाला ने की। बैठक में सौरभ अग्रवाल कालका को प्रदेश उपप्रधान नियुक्त किया गया। इसके बाद आयुर्वेदिक नीतियों बारे चर्चा हुई। अनूप भारद्वाज ने कहा कि पहले आयुर्वेदिक और खाद्य पदार्थ से जुड़े व्यवसाय को चलाने के लिए अलग-अलग जगह की जरूरत पड़ती थी, लेकिन अब सरकार ने एक ही छत्त के नीचे दोनों को व्यवसाय चलाने की अनुमति दी है, बशर्ते इनके कच्चे माल का गोदाम अलग-अलग होना चाहिए। एसोसिएशन सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए खासकर प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करती है कि उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इस बारे यह फैसला लिया। वहीं अनूप भारद्वाज ने एसोसिएशन की ओर से सरकार के समक्ष यह मांग भी रखी कि पिछले दिनों प्रदेश के कई हिस्सों में आई बाढ़ के कारण खासकर अंबाला में आयुर्वेद का काफी नुकसान हुआ है। सरकार इसकी भरपाई करने में मदद करे।

## संक्षिप्त खबरें

### जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल ने पटीकरा में किया 13.27 एमएलडी क्षमता के जलघर का शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**
नारनौल। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल ने रविवार को महेंद्रगढ़ जिला के गांव पटीकरा में 13.27 एमएलडी क्षमता के जलघर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके बनने के बाद नगर परिषद के पूरे क्षेत्र में 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। पटीकरा में बनने वाले जलघर पर 235.16 लाख रुपए खर्च होंगे।
उन्होंने इस मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की सीवरेज व्यवस्था तथा 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन पेयजल सुनिश्चित करने के लिए अमृत टू योजना के तहत पेयजल के साथ सीवरेज सुविधा जोड़ना है।
शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ बनवारी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश अनुसार प्रदेश में पेयजल आपूर्ति में बढ़ोतरी की जा रही है। नारनौल शहरी क्षेत्र में पड़ने वाले नीरपुर में 172.49 लाख रुपए से जलघर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन दोनों जल घर का कार्य पूरा होने के बाद शेष बचे नगर परिषद के क्षेत्र में भी 70 लीटर प्रति दिन प्रति व्यक्ति पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में अमृत टू योजना के तहत शहरी क्षेत्र में 135 लीटर प्रति दिन प्रति व्यक्ति पेयजल उपलब्ध करवाया जाएगा।
इस मौके पर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल ने मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान के तहत कलश में गांव की मिट्टी डालकर शहीदों को नमन किया। इस मौके पर एसडीएम नारनौल मनोज कुमार, जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ राकेश कुमार, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, बीजेपी के वरिष्ठ नेता मनीष मित्तल, जन स्वास्थ्य विभाग के एसई एसपी जोशी, एक्सईएन रमेश चंद्र, सुरेश चौधरी, मनीष गोगिया, भागीरथमल खनगवाल, ईश्वर सिंह, पार्षद रितु व योगेश तथा दौचाना के सरपंच डॉ मूलचंद के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

### मेगा स्वच्छता अभियान को रविवार छुटटी वाले दिन भी जोर-शोर से चलाया गया

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** निगमायुक्त ए. मोना श्री निवास के आदेष पर शुरू किये गये मेगा स्वच्छता अभियान को आज रविवार छुटटी वाले दिन भी जोर-षोर से चलाया गया। जिसमें निगम के समस्त अधिकारियो/कर्मचारियों ने 40 वार्डों में विषेष तरीके से सफाई कराई। सफाई अभियान के तहत आरडब्यूएस तथा बॉलिएंटर्स द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें यह समझाया गया कि घर से ही गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करके वैंडर के वाहन में डालें। स्वच्छता मेगा अभियान में नगर निगम की टीमें अलग-अलग वार्डों में सक्रिय रहीं। सभी 40 वार्डों में एक-एक नोडल अधिकारी, जेई, एएसआई, एसआई तथा लगभग 2500 सफाई कर्मचारियों ने विषेष योगदान दिया। उपरोक्त 4 दिन के अभियान में प्रति दिन लगभग 20 जेसीबी, 42 टैक्ट्रर-ट्राली, 8 हाईवा ट्रक आदि के द्वारा सफाई कराई गई। इन 4 दिनों मे लगभग 4000 टन कूड़ा उठाया गया। सफाई अभियान के दौरान सभी स्थाई खत्तों को प्रतिदिन साफ किया गया तथा अस्थाई खत्तों (जीवीपी पाइंट) को भी दिन में एक बार साफ किया गया। इस मेगा स्वच्छता अभियान के दौरान प्रति दिन 100 से अधिक नगर निगम के अधिकारी (नोडल आफिसर, क्षेत्रीय एवं कराधान अधिकारी एक्सईएन, एएसआई, एसआई) तथा लगभग 400 इको ग्रीन के ड्राईवर तथा हैल्पर आदि ने अपना योगदान दिया। मेगा सफाई अभियान के दौरान इन चार दिनों में सारा पुराना कचरा उठाकर बंधवाड़ी प्लांट पर पहुंचा दिया गया । निगमायुक्त ने फरीदाबाद के नागरिकों से अपील की है कि वे खुले में कचरा न फैलाए तथा इको ग्रीन की गाड़ियों में गीला व सूखा कचरा अलग--अलग करके डाले। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा की है कि जो नगर निगम फरीदाबाद द्वारा यह मुहिम शुरू की गई है उसमें इसी तरह अपना योगदान दें और अपने शहर को स्वच्छ रखे।

## 9 को करनाल में होगी शहीदी रैली

**हिसार :** राजकीय अतिथि अध्यापक मंच कार्यकारिणी की अहम बैठक बरवाला के ब्लाक प्रधान दयाकिशन गुंदली के आहवान पर बरवाला शहर के मंडी मार्ग पर स्थित शहीद मदन लाल ढीगडा पार्क में हुई जिसमें जिला प्रधान दलबीर पानु समेत जिला कार्यकारिणी सदस्य और सभी ब्लाक प्रधान तथा समस्त ब्लाक कार्यकारिणी ने बढ़ चढ़कर भाग लियो इस अहम बैठक का शुभारंभ गेस्ट टीचर बहन शहीद राज रानी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गयो जिला प्रधान दलबीर पानू और ब्लॉक प्रधान दया किशन गूंदली ने कहा कि 07 सितंबर को ब्लाक लेवल पर गेस्ट टीचर बहन शहीद राज रानी को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# इस्कॉन मंदिर अंतर-स्कूल नृत्य प्रतियोगिता का कर रहा मेजबानी

जीवंत

**विभिन्न स्कूलों के छात्रों को कलात्मक कौशल और भक्ति के जीवंत प्रदर्शन के लिए एक साथ लाया गया**

**फरीदाबाद, 03 सितम्बर (हरपाल सिंह यादव )।** इस्कॉन मंदिर सेक्टर 37 फरीदाबाद गर्व से दो उल्लेखनीय कार्यक्रमों की शानदार सफलता की घोषणा करता है, जिन्होंने न केवल भारतीय संस्कृति की समृद्ध टेपेस्ट्री का जश्न मनाया, बल्कि युवा छात्रों की प्रतिभा को भी पोषित किया। 3 सितंबर, 2023 को इस्कॉन मंदिर सेक्टर 37 में आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न स्कूलों के छात्रों को कलात्मक कौशल और भक्ति के जीवंत प्रदर्शन के लिए एक साथ लाया गया, क्योंकि भगवान कृष्ण की जयंती, जन्माष्टमी नजदीक आ रही है। अंतर-विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता : फरीदाबाद क्षेत्र के दस स्कूलों ने एक आकर्षक अंतर-विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। इस उत्साही प्रतियोगिता में शास्त्रीय से लेकर समकालीन शैलियों तक की मनमोहक प्रस्तुतियाँ हुईं, जिनमें से प्रत्येक में भगवान कृष्ण के प्रति भक्ति और श्रद्धा की कहानियाँ बताई गईं। यह प्रतियोगिता नृत्य की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से सीमाओं को पार करते हुए हमारे युवाओं की अविश्वसनीय प्रतिभा का प्रमाण थी। ओपन कल्चरल एक्सट्रावेगेंजा : अंतर-स्कूल नृत्य प्रतियोगिता के अलावा, इस्कॉन मंदिर सेक्टर 37 फरीदाबाद ने एक ओपन कल्चरल एक्सट्रावेगेंजा की भी मेजबानी की। यह खुला कार्यक्रम विविध प्रकार की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किया गया था और इसमें निम्नलिखित प्रतियोगिताएँ शामिल थीं :
चित्रकारी: युवा कलाकारों ने भक्ति और भारतीय संस्कृति के अपने दृष्टिकोण को चित्रित किया।
एकल नृत्य: प्रतिभागियों ने अपने असाधारण नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया।
श्लोक पाठ: उत्साही छात्रों ने भगवद्गीता के श्लोकों का सुंदर पाठ किया।
प्रश्नोत्तरी: एक ज्ञान-परीक्षण प्रश्नोत्तरी ने प्रतिभागियों को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता की उनकी समझ पर चुनौती दी।
गायन: युवा गायकों ने मधुरता से भक्ति गीत प्रस्तुत किए जो दर्शकों के दिलों को छू गए।
भारतीय संस्कृति और कृष्ण के बारे में ज्ञान को बढ़ावा देना : ये कार्यक्रम दोहरे उद्देश्य से आयोजित किए गए थे - भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना और भगवान कृष्ण, भगवान के सर्वोच्च व्यक्तित्व के बारे में ज्ञान को गहरा करना।
मंदिर के अध्यक्ष गोपीश्वर दास ने कहा, "जन्माष्टमी नजदीक आने के साथ, इन समारोहों ने युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और भगवान कृष्ण की शिक्षाओं के बारे में उनकी समझ बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान किया है। इस्कॉन मंदिर सेक्टर 37 फरीदाबाद इन आयोजनों की प्रेरणा और पोषण की शक्ति में विश्वास करता है, जो हमारी समृद्ध विरासत के भावी पथप्रदर्शक हैं। मंदिर 7 सितंबर को जन्माष्टमी पर आने वाले हजारों भक्तों की मेजबानी के लिए भी बड़ी तैयारी कर रहा है। हम फरीदाबाद और आसपास के क्षेत्रों से सभी को आमंत्रित करते हैं कि वे आएं और भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त मंत्रमुग्ध हो जाएं।"
प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित उत्साह और प्रतिभा वास्तव में सराहनीय थी, जो छात्रों और उनके शिक्षकों दोनों के समर्पण को दर्शाती है।

# दुष्कर्म व हत्या के आरोपी ने गला काटकर की आत्महत्या की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपित ने पुलिस हिरासत में गला काटकर आत्महत्या की कोशिश की है। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके खिलाफ आत्महत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया गया है। सेक्टर-31 थाने में क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 के मुख्य सिपाही ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया है कि 14 अगस्त को आर्म्स एक्ट के तहत थाना खेड़ीपुल में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश का रहने वाला आरोपित दीपक गिरफ्तार हुआ था। उसके कब्जे से देसी कट्टा बरामद हुआ था। पूछताछ में दीपक ने देसी कट्टा इंद्रा कालोनी के रहने वाले मुकेश से आठ हजार रुपये में खरीदना बताया था। अगस्त 2022 को मुजेसर थाने में मुकेश पर दुष्कर्म के बाद हत्या का मुकदमा दर्ज है। इसने रेलवे ट्रैक किनारे आजाद नगर झुग्गी में किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी थी। अप्रैल 2023 में भी उसने एक महिला ममता की हत्या भी की थी। फिलहाल वह नीमका जेल में बंद था। क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 द्वारा देसी कट्टा बेचने के मामले में उसे नीमका जेल से 31 अगस्त को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे चार दिन के रिमांड पर ले लिया गया। रिमांड के दौरान पुलिस द्वारा उससे पूछताछ की जा रही थी। वह देसी कट्टा के बारे में बार-बार बयान बदल रहा था। इस दौरान मुकेश शौच करने के बहाने बाथरूम में चला गया। कुछ देर बाद अंदर से कराहने की आवाज आने लगी। बाथरूम का दरवाजा तोड़ा तो देखा कि मुकेश लहूलुहान पड़ा मिला। उसके गले पर चोट के निशान मिले। उसे तुरंत बादशाह खान अस्पताल लेकर आए। यहां से उसे दिल्ली ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

## जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक पंचायत भवन में आज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 4 सितंबर को शाम 4 बजे स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित होगी। हरियाणा सरकार के शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री डॉ.कमल गुप्ता बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में कष्ट निवारण समिति के सभी सरकारी व गैर-सरकारी सदस्यगण भाग लेंगे। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि बैठक में मंत्री के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित 15 मामले रखे जाएंगे, जिनमें से 5 मामले पिछले बैठक से लम्बित है। इनमें पंचायत विभाग, लोक निर्माण विभाग, समाज कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, बैंक, उप आबकारी एवं कराधान विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम से संबंधी शिकायतें शामिल हैं।

# रेडक्रॉस ने ट्रैफिक थाने में वर्कशॉप आयोजित कर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को दी ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन व एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के लिए ट्रैफिक पुलिस थाने में रेड क्रॉस द्वारा एक्सीडेंट में घायलों को प्राथमिक उपचार देने के लिए ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, ट्रैफिक एसएचओ दर्पण कुमार तथा रेडक्रॉस की तरफ से डीटीओ पुरुषोत्तम सैनी, ब्लड डोनेशन चंडीगढ़ कमेटी से मनोज बंसल, ट्रेनर कृष्ण कुमार और जितेंद्र कौशिक की टीम मौजूद थी। आपको बता दें कि रोड एक्सीडेंट में जब कोई यात्री घायल होता है तो सबसे पहले वहां पर ट्रैफिक पुलिस पहुंचती है जो घायलों को अस्पताल पहुंचाने का सराहनीय कार्य करती है। अस्पताल पहुंचाने तक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने की आवश्यकता होती है परंतु कई बार इसकी जानकारी न होने के कारण घायलों को फर्स्ट ऐड नहीं मिल पाता जिसकी वजह से उनकी जान चली जाती है इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त के निदेर्शानुसार ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए रेडक्रॉस द्वारा इस वर्कशाप का आयोजन करवाया गया जिसमें रेड क्रॉस टीम ने पुलिसकर्मियों को प्राथमिक उपचार देने की ट्रेनिंग दी। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को बहुत से प्रकार से चोट पहुंच सकती है जिसकी वजह से उनके शरीर का कोई भी अंग प्रभावित हो सकता है इसलिए ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को घायल व्यक्ति को अलग-अलग प्रकार से उपचार देने के बारे में जानकारी दी गई और घायल या बेहोश हुए व्यक्तियों को उपचार देने के लिए विभिन्न यंत्रों को चलाने की ट्रेनिंग दी गई। ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को जागरुक करते हुए बताया गया कि घायल को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस में किस प्रकार लेटाया जाना चाहिए और किस प्रकार का उपचार देकर उसे अस्पताल पहुंचाना चाहिए। एसीपी ट्रैफिक ने आमजन से अनुरोध करते हुए कहा कि यदि आपको कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल हुआ दिखाई दे तो उसकी मदद करने के लिए तुरंत रुक जाएं तथा एम्बुलेंस या पुलिस को फोन करें तथा उसे अस्पताल पहुंचने में अपना सहयोग दें ताकि उसकी जान बचाकर उसे नया जीवनदान दिया जा सके। ब्लड डोनेशन देने के लिए पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित किया गया और बताया कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमी नहीं आती बल्कि खून का सकुर्लेशन सही रहता है तथा जिसे रक्त की आवश्यकता होती है उसे रक्त मिल जाता है जिससे उसकी जान बच लगती है इसलिए हमें रक्तदान आवश्यक करना चाहिए।

# नशीली दवाइयां बेचने के मामले में सप्लायर काबू



गिरफ्त में

**वह दवाइयों को एक व्यक्ति से लेकर आया था। आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया था**

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सीआईए** स्टाफ असंध की टीम द्वारा नशीली दवाइयां बेचने के मामले में सप्लायर धीरेंद्र उर्फ सोनू पुत्र रामकुमार वासी बागडू खुर्द जिला जींद, हाल भावना चौक पानीपत को बस स्टैंड असंध से गिरफ्तार किया गया।
इस मामले में पुलिस टीम द्वारा पहले विश्वसनीय सूचना पर रत्तक रोड़ असंध से आरोपी साहिल कुमार पुत्र शीशपाल वासी टयोठा जिला कैथल को मोटरसाइकिल पर जाते हुए गिरफ्तार किया गया था। तलाशी लेने के दौरान आरोपी के कब्जे से 1250 अल्प्राजोलम टेबलेट और 900 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए गए थे। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।
पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया था कि वह दवाइयों को पानीपत से एक व्यक्ति से लेकर आया था। आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पुलिस दिवस द्वारा गत दिवस सप्लायर धीरेंद्र को भी काबू कर लिया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# '1 अक्टूबर को जींद रैली में अधिक से अधिक युवा पहुंचेंगे'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन** पानीपत में अग्रवाल भवन, सेक्टर 24 में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के जिला अध्यक्ष अंकित अग्रवाल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अग्रवाल युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मनोज गोयल गोहाना व हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अशोक मित्तल ,युवा प्रदेश अध्यक्ष मुनीष गोयल बरवाला,से उपस्थित रहे। बैठक में अग्रवाल समाज के बहुत से गणमान्य व्यक्ति जैसे पूर्व पार्षद,वर्तमान में पार्षद और अलग-अलग संगठन से अध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक में युवाओं की बहुत अच्छी भागीदारी रही।
अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज गोहाना ने अपने वक्तव्य में सुनिश्चित किया कि 1 अक्टूबर को जींद रैली में अधिक से अधिक युवा पहुंचेंगे।
प्रदेश युवा अध्यक्ष मुनीष गोयल ने अपने वक्तव्य में सभी को 1 अक्टूबर में जींद में होने जाने वाली रैली का निमंत्रण दिया और सभी को कहा कि बढ़-चढ़कर वैश्य समाज इसमें भाग ले । प्रदेश महामंत्री एवं यात्रा के प्रभारी अशोक मित्तल जी ने अपने वक्तव्य में यात्रा से संबंधित और रैली से संबंधित जानकारी दी और सभी को कहा कि राजनीति में बढ़-चढ़कर भाग ले और अग्रवाल समाज से 18 विधायकों को हरियाणा में जितवाना है। उन्होंने बताया कि रैली में तीनों संगठन अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन एवं अग्रोहा विकास ट्रस्ट मिलकर कार्य कर रहे हैं और 4 महीने से हरियाणा प्रदेश में बैठकों का आयोजन हो रहा है जिससे रैली को सफल बनाने का कार्यक्रम किया जा रहा है।सभी युवाओं में बहुत ज्यादा उत्साह था और सभी ने 1 अक्टूबर को जींद के अर्जुन स्टेडियम में होने वाली रैली मे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचेंगे और पानीपत में वैश्य चेतना मोटरसाइकिल यात्रा का भावय स्वागत करने के लिए शहर से 500 मोटरसाइकिल यात्रा में रहेगी। इस अवसर पर पूर्व पार्षद जयकवार बिंदल, पूर्व पार्षद राम रतन अग्रवाल, गंगा गुप्ता, अमित जैन, संजय गर्ग, राजेश गुप्ता, अमित गर्ग समालखा, राहुल गर्ग घरोंडा, प्रमोद मितल, दीपक बिंदल, अनुराग बिंदल, दयाल गर्ग, राजेश गोयल, भारत भूषण गुप्ता,अंकुश सिंगला, नितिन सिंगला, शुभम- सिंगला, नितिन गर्ग, सुमित सिंगला, विकास जैन आदि उपस्थित रहे

# बोलने में असमर्थ नाबालिक बच्चों को पंजाब के राजपुरा से किया सकुशल बरामद

सफलता

**उपरोक्त गुमशुदा बच्चा दिनांक 15 मई 2023 से लापता था। जो बोलने में असमर्थ है**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश व एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह व भुपानी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 12 वर्षीय नाबालिक बच्चे को पंजाब से सकुशल तलाश करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि उपरोक्त गुमशुदा बच्चा दिनांक 15 मई 2023 से लापता था। जो बोलने में असमर्थ है। दिनांक 16 में 2023 को भुपानी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसके आधार पर बच्चों की तलाश के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया जो बच्चों की लगातार तलाश कर रही थी। बच्चों की तलाश के लिए क्राइम ब्रांच कैट टीम को सूचना दी गई जिन्होंने अपने स्तर पर आसपास के राज्यों के अनाथ आश्रम व संस्थाओं से संपर्क किया। कड़ी मशक्कत करने के पश्चात बाल कल्याण समिति राजपुरा द्वारा बच्चों की सूचना मिली कि बच्चा घर से बिना बताए ओल्ड फरीदाबाद से ट्रेन में बैठकर राजपुरा पंजाब पहुंच गया था। सीडब्ल्यूसी राजपुरा से प्राप्त सूचना पर आज बच्चे को सकुशल लाया गया व अनुसंधान अधिकारी की आगमी कार्रवाई उपरांत गुमशुदा नाबालिक बच्चे को परिजनों के हवाले किया जाएगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 04 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## सरकार की नाक के नीचे से तीन पूंजीपति करोड़ रुपये लेकर भाग गए: ललन सिंह

**पटना:** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह ललन ने कहा कि आज बिहार का विकास दर यदि 11 फीसदी है तो उसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ प्रदेश के अन्नदाताओं को जाता है। 2015 में मुख्यमंत्री ने सात निश्चय योजना का वादा किया था, जिसे 2020 तक पूरा कर दिया और हमें भरोसा है कि 2025 आते-आते सात निश्चय योजना-2 का वादा भी पूरा कर लिया जाएगा। वे रविवार को पार्टी कार्यालय में किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता प्रशिक्षण सह सम्मान समारोह के उद्घाटन के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि एक तरफ हमारे नेता वादा अनुसार काम कर रहे हैं तो दूसरी तरफ केंद्र में बैठे नरेन्द्र मोदी अपने वादों को चुनाव के बाद जुमला करार कर देते हैं। प्रधानमंत्री ने 2014 में दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। हर गरीब के खाते में 15-15 लाख रुपये भेजने का वादा किया था। रोजगार मिलने की बात तो दूर केंद्रीय नौकरियों में 2014 के बाद से पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई। ठीक उसी प्रकार देश से कालाधन तो वापस नहीं आया लेकिन सरकार की नाक के नीचे से देश के तीन बड़े पूंजीपति हजारों करोड रुपये लेकर विदेश भाग गए। उन्होंने कहा कि मोदी ने न खाएंगे, न खाने देंगे की बात कही थी लेकिन आज वास्तविक स्थिति ठीक इसके विपरीत है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में हमारे देश के वैज्ञानिकों द्वारा चंद्रयान-3 की चांद पर सफल लैंडिंग करवाई गई लेकिन प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों के इस मेहनत पर प्रचार शुरू कर दिया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने देश में पहली बार कृषि नीति का निर्माण किया ताकि देश का किसान आर्थिक समृद्धि की मुख्यधारा में शामिल हो सके। मुख्यमंत्री के तौर पर नीतीश कुमार ने वर्ष 2008 में पहला कृषि रोड मैप, 2012 में दूसरा कृषि रोड मैप, 2017 में तीसरा कृषि रोड मैप एवं 2023 में चौथा कृषि रोड मैप बनाया जो आज तक चल रहा है। वर्तमान में चलने वाला कृषि रोड मैप का बजट कुल 01 लाख 62 हजार करोड रुपये का है। इस बात से ही पता चलता है कि मुख्यमंत्री किसानों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए किस प्रकार से संकल्पित है। सांसद लालवानी ने मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का किया शुभारंभ

## सांसद ने मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**इंदौर:** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अन्तर्गत संचालित नेहरू युवा केन्द्र इन्दौर द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का द्वितीय चरण प्रारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर 2023 तक चलेगा. जिसके तहत जिले की ग्राम पंचायतों में स्वयंसेवक, युवा मण्डल सदस्य, पदाधिकारी, ग्राम पंच, सरपंच आदि अन्य प्रमुखों की उपस्थिति में टोली बनाकर घर-घर से मिट्टी, अक्षत कलश में संग्रहित किया जायेगा। यह जानकारी नेहरू युवा केन्द्र इन्दौर की उपनिदेशक तारा पारगी ने दी। क्षेत्रीय सांसद शंकर लालवानी ने रविवार को वीर शहीद स्व. संदीप बोरिया के निवास पर जाकर उनकी पत्नी डाली बोरिया का शाल-श्रीफल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

# कांग्रेस सनातन धर्म का अपमान कर रही: शाह

### ये जितना बोलेंगे, उतना कम होते जाएंगे; 2024 में दूरबीन से दिखाई नहीं देंगे: शाह

साधा निशाना

**दंगा कराने वाली गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकिए। गहलोत क्या करें, उनका नेतृत्व ही ऐसा है**





**टीम एक्शन इंडिया/डूंगरपुर**
**भाजपा की** दूसरी परिवर्तन यात्रा बेणेश्वर धाम से रवाना हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब परिवर्तन यात्रा समाप्त होगी, तब तक गहलोत सरकार की रवानगी तय हो चुकी होगी। शाह ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि दंगा कराने वाली गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकिए। गहलोत क्या करें, उनका नेतृत्व ही ऐसा है। कांग्रेस नेता सनातन धर्म को समाप्त करने की बात करते हैं। सनातन धर्म पर ये जितना बोलेंगे, उतना कम होते जाएंगे। 2014 और 2019 में कम हुए, 2024 में दूरबीन लेकर भी नहीं दिखाई देंगे। शाह ने कहा कि यदि कोई लाल कपड़े पहनता है तो उन्हें लाल डायरी दिखती है। इस लाल डायरी में गहलोत के सैकड़ों करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार दर्ज हैं, ये डायरी हमने नहीं, उन्हीं के पूर्व मंत्री ने दी है। यदि आपमें हिम्मत है तो जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पांच साल में किए गए घोटालों का हिसाब दीजिए।

**उनका घमंड- देश में केवल गांधी परिवार राज कर सकता है:** घमंडिया गठबंधन की आबरू का दिवाला निकल गया है, इसलिए नाम बदलकर इंडिया एलायंस कर लिया है। दो दिन से देख रहा हूं कि देश की संस्कृति और सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं और कहते हैं कि सनातन धर्म को समाप्त कर देना चाहिए। मनमोहन पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का बताते थे। मनमोहन सिंह कहते थे कि बजट पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है।

**राहुल गांधी ने हिंदू संगठन की लश्कर-ए-तैयबा से तुलना की:** राहुल गांधी ने हिंदू संगठनों की तुलना लश्कर-ए-तैयबा से कर दी। इनके गृह मंत्री बोलते थे कि हिंदू टेररिज्म चल रहा है। आप जितना बोलोगे, उतना कम होते जाओगे।

### 'एनआईए नहीं भेजते तो कन्हैयालाल के हत्यारे पकड़े नहीं जाते'

**भाजपा** के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड का मामला उठाते हुए कहा कि यदि अमित शाह एनआईए नहीं भेजते तो कन्हैयालाल के हत्यारे नहीं पकड़े जाते। अब राजस्थान की पुलिस की कमजोर कार्रवाई की वजह से उसके हत्यारे को जमानत मिल गई है। गौरतलब है कि पिछले दिनों एनआईए कोर्ट ने इस हत्याकांड के सहआरोपी को जमानत दी थी।

**राधा कृष्ण मंदिर के दर्शन किए:** अमित शाह बेणेश्वर धाम पर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में दर्शन किए और महंत अच्युतानंद महाराज से धाम को लेकर चर्चा की।
इसके बाद अमित शाह बेणेश्वर धाम से डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर, सलूंबर, प्रतापगढ़ जिलों की 28 सीटों को साधने के लिए एक सभा में शामिल हुए।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से बेहद अपनेपन से कहा, 'चिंता नहीं करिए। घबराइए बिलकुल मत, हर शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई होगी।

## रूपाला ने तमिलनाडु में बहुउद्देशीय समुद्री शैवाल पार्क की रखी आधारशिला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सागर** परिक्रमा के आठवें चरण के तीसरे दिन, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेरी मंत्री परषोत्तम रूपाला ने शनिवार को तमिलनाडु में बहुउद्देशीय समुद्री शैवाल पार्क की आधारशिला रखी। समुद्री शैवाल पार्क का उद्देश्य तटीय युवा और महिला मछुआरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है। कार्यक्रम की शुरूआत परषोत्तम रूपाला, डॉ. एल. मुरुगन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा वलमावुर, थोंडी, रामनाथपुरम में मल्टीपर्पस सीवीड पार्क स्थल पर भूमि पूजन और शिलान्यास के साथ की गई। वलमावुर में समुद्री शैवाल पार्क स्थल पर पहुंचने से पहले परषोत्तम रूपाला ने सीएमएफआरआई के मंडपम केंद्र में समुद्री शैवाल की खेती में लगे मछुआरों के समूहों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि समुद्री शैवाल पार्क होने से तमिलनाडु के छह तटीय जिलों नागपट्टिनम, तंजावुर, तिरुवरुर, पुदुकोट्टई, रामनाथपुरम और थूथुकुडी में 136 तटीय मछली पकड़ने वाले गांवों में समुद्री शैवाल की खेती को बढ़ावा मिलेगा।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे में तेजी लाने के दिए निर्देश

निर्देश

**21 जिलों के समस्त गांवों में समय के अंदर डिजिटल क्रॉप सर्वे पूर्ण किया जाए: मुख्य सचिव**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
प्रदेश में डिजिटल क्रॉप सर्वे को लेकर योगी सरकार ने जिलों को और तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। जिन 21 जिलों में सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां डीएम की अगुवाई में सभी गांवों में क्रॉप सर्वे को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सर्वे के काम में तेजी लाने के लिए सर्वेयर की संख्या बढ़ाने को भी कहा गया है। यह भी निर्धारित किया गया है कि प्रति सर्वेयर माह में 1500 प्लॉट्स और 45 दिन में 2250 प्लॉट्स का सर्वे सुनिश्चित किया जाए। साथी ही, 54 जिलों के 10 राजस्व ग्रामों में आगामी 15 दिनों में सर्वे पूरा करने के भी निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में डिजिटल क्रॉप सर्वे प्रगति पर है। इसके लिए स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (एसपीएमयू) की स्थापना की गई है, जबकि 10 सेक्टर्स में हेल्प डेस्क भी संचालित की जा रही है। सर्वेयर्स को इंटरनेट कनेक्टिविटी और पावर पैक से जोड़ा गया है।

**मिर्जापुर में सर्वाधिक प्लॉट्स का हुआ सर्वे :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष कृषि विभाग के प्रस्तुतिकरण में बताया गया है कि 21 जिलों में डिजिटल क्रॉप सर्वे पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 54 जिलों में यह प्रगति पर है। इसमें मिर्जापुर में सर्वाधिक 2607 प्लॉट्स में डिजिटल क्रॉप सर्वे कर लिया गया है। (1183), गाजीपुर (1147), देवरिया (1136) और ललितपुर (1124) शामिल है। मिर्जापुर में सर्वाधिक 17 राजस्व ग्रामों में डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जा चुका है।

## पशुपति-चिराग में जारी तनातनी



**टीम एक्शन इंडिया/समस्तीपुर**
**एनडीए** में शामिल होने के बाद से ही लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान और राजोजपा के अध्यक्ष पशुपति पारस के बीच तनातनी शुरू है। दोनों चाचा-भतीजा हाजीपुर सीट को लेकर दोनों एक-दूसरे के आमने-सामने हैं। केंद्रीय मंत्री पशुपति ने रविवार को चिराग पर तंज कसते हुए कहा- मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है। उन्होंने कहा है कि हाजीपुर से मैं सांसद हूं और रहूंगा। रविवार को केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस समस्तीपुर पहुंचे थे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि 1977 से हाजीपुर की जनता का सेवा करते आ रहे हैं। इस सीट से समझौता का कहीं कोई सवाल ही नहीं उठता है। वन नेशन वन इलेक्शन के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह विजन देश हित में हैं। सभी पार्टियों को इसका समर्थन करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बैठक बुलाई है।

## राज्यसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार होंगे दिनेश शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**राज्यसभा** सासंद हरिद्वार दुबे के निधन के बाद खाली हुई सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने डॉ. दिनेश शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। डॉ. दिनेश शर्मा अभी विधान परिषद सदस्य हैं।
उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है। 05 सितम्बर को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। 15 सितम्बर को उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। हरिद्वार दुबे संघ के पुराने कार्यकर्ता थे।

## धामी सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित: जोशी



**टीम एक्शन इडिया/रुद्रपुर**
**प्रदेश के** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि धामी सरकार महिला हितैषी नीतियों के कारण महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। वे रविवार को बाजपुर में मधुवन स्वायत्त सहकारिता एवं प्रधानमंत्री वन धन विकास केन्द्र में मसाला प्रसंस्करण इकाई और मधुवन कलस्टर कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने कहा कि भूमि वन धन विकास केंद्र कलस्टर में जनजाति समूह की 308 महिलाएं जुड़ी है। उन्होंने कहा प्रदेश में 61 हजार समूह संचालित है, जिसमे 4 लाख से अधिक बहनें जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रक्षाबंधन पर मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना की शुरूआत की है। इसके अंतर्गत प्रदेश की स्वयं सहायता समूहों व एकल उद्यमी बहनों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों का बृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

मेक इन इंडिया

### एक साल में उत्पादन शुरू कर सकता है यीडा टॉय पार्क

# योगी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ाया कदम

अग्रणी राज्य

**यीडा में निर्माणाधीन टॉय पार्क की स्थापना से टॉय इंडस्ट्री के क्षेत्र में चीन को पछाड़ सकेगा भारत**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** के आत्मनिर्भर भारत व मेक इन इंडिया मिशन को साकार करने में यूपी अग्रणी राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। इस दिशा में सीएम योगी के मार्गदर्शन में प्रदेश में कई परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) में निर्माणाधीन टॉय पार्क क्लस्टर भी इसमें एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रहा है। सेक्टर 33 में स्थापित हो रहे इस टॉय पार्क में लगातार औद्योगिक इकाइयों का शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम किया जा रहा है। संभावना है कि अगले एक वर्ष में यहां लगने वाली औद्योगिक इकाइयां अपना उत्पादन भी शुरू कर देंगी। यानि जल्द ही इस टॉय पार्क की मदद से भारत की खिलौना मार्केट चीन को पछाड़कर विश्वपटल पर अपनी बादशाहत कायम करने की दिशा में आगे बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि भारत में बनने वाला खिलौना दुनिया के करीब 50 देशों में एक्सपोर्ट किया जाता है। इस टॉय पार्क के निर्माण के बाद अधिक उत्पादन के साथ ही अधिक एक्सपोर्ट भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अध्यक्ष अनिल कुमार सागर ने शनिवार को ही सेक्टर 33 में स्थापित किए जा रहे टॉय पार्क मैं औद्योगिक इकाइयों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

